* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 327

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

झारखंड के तीन दुश्मन झामुमो, कांग्रेस और राजदः मोदी




झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# सर्वजन की सरकार
# सभी के हितों से सरोकार

गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की स्वीकृति मिल गई है। मेरे आवेदन को बैंक से जोड़कर उच्च शिक्षा हेतु रियायती दर पर मुझे ऋण उपलब्ध हो सकेगा। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुझे उच्च शिक्षा ग्रहण करने में समस्या आ रही थी। योजना का लाभ मिलने से मेरे जैसे कई युवाओं को पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी।
**आदित्य कुमार, बोकारो**



रक्षा बंधन पर हेमन्त भैया ने हमें उपहार दिया है। हर माह हमें एक हजार और साल में 12 हजार रुपया प्राप्त होगा। मुझे दूसरी किस्त भी प्राप्त हो गई है। यह पैसा मेरी जरूरतों को पूरा करने में सहयोग करेगा।
**दिव्या तिवारी, विश्रामपुर, पलामू।**



**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना**
राज्य की 18 से 50 वर्ष तक की लाखों बहनों को हर साल **₹12 हजार** की सम्मान राशि

**बैंक क्रेडिट/लिंकेज**
राज्य की **2,60,994** महिला समूह को **₹11,225 करोड़** की राशि उपलब्ध करायी गयी

**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना**
**20 हजार** से अधिक स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार हेतु करोड़ों की राशि वितरित

**राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना**
**20 लाख** गरीब परिवार को रसोई घर युक्त तीन कमरे का पक्का आवास

**मुख्यमंत्री बिरसा स्वास्थ्य सुरक्षा योजना**
**15 लाख** तक का स्वास्थ्य बिमा, **66 लाख** राशनकार्ड धारियों को लाभ

**मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना**
**200 यूनिट** तक बिजली उपभोग करने वाले **38.41 लाख** लाभुक का बिजली बकाया माफ

**झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना**
लगभग **6.5 लाख** किसानों को राहत, **₹1 हजार 900 करोड़** का ऋण माफ
ऋण माफी की राशि **₹50 हजार** से बढ़कर **₹2 लाख** की गई

**साइकिल वितरण योजना**
**8 लाख** बच्चों को मिली साइकिल

**CM उत्कृष्ट विद्यालय**
80 स्कूलों में CBSE माध्यम से पढ़ाईयुक्त, पंचायत स्तर पर कुल **5 हजार** स्कूलों को उत्कृष्ट बनाया जा रहा है

**प्री एवं पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप**
**35 लाख** बच्चों को मिला लाभ

**सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना**
**9 लाख** किशोरियों को **₹40 हजार** (प्रति किशोरी) की सहायता राशि

**गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड**
**15 लाख** तक का ऋण, हजारों युवाओं को मिल रहा लाभ

**मरङ गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशिय छात्रवृति योजना**
विदेश में उच्च शिक्षा के लिए राज्य के वंचित वर्ग के युवाओं को राज्य सरकार दे रही **100% स्कॉलरशिप**





साइकिल की राशि मिलने से हम जैसे ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के लिए स्कूल जाने में सहूलियत रहती है। साइकिल मिल जाने से अब आने-जाने का कोई खर्च अलग से नहीं उठाना पड़ेगा, इसके लिए राज्य सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद।
**गायत्री मुंडा, कुडापूर्ति, मुरहू, खूंटी**



अबुआ आवास के लिए मुझे दूसरी किस्त की राशि मिल चुकी है। इस राशि से मैंने घर के छत लेवल का काम पूर्ण कर लिया है। तीसरी किस्त की राशि जल्द मिलेगी, ऐसा प्रखंड कार्यालय द्वारा बताया गया है। किस्त मिलते ही घर के छत की ढलाई पूरा करूँगा। मेरा घर मिट्टी का था, लेकिन सरकार ने मुझे पक्का आवास दिया है। हेमंत सोरेन को जोहार।
**सुजीत मुंडा, कांके, ग्राम चौबे खटंगा, रांची**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
P.R. 335855 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 90,000 रु./प्रति किलो |



# पीएम मोदी, खराब मौसम और झारखंड का दौरा

## ■ तीसरे कार्यकाल के पहले दौरे में दिखा मोदी का झारखंड प्रेम

## ■ प्रदेश के लोगों में भी मोदी को लेकर अलग किस्म का उत्साह है

## ■ पीएम के रूप में मोदी की सबसे लंबी सड़क यात्रा का गवाह बना यह दौरा

आजाद सिपाही विशेष

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को रांची और जमशेदपुर के दौरे पर थे। अपने तीसरे कार्यकाल के पहले झारखंड दौरे को लेकर पीएम मोदी और भाजपा के नेता-कार्यकर्ता जहां बेहद उत्साहित थे, वहीं जमशेदपुर के लोगों में भी अलग किस्म का उत्साह था। खराब मौसम ने पीएम मोदी की इस यात्रा के उत्साह को ठंडा करने की कोशिश जरूर की, लेकिन पीएम मोदी का झारखंड के प्रति प्रेम के कारण ऐसा कर नहीं सकी। खराब मौसम के कारण भी पीएम मोदी का यह दौरा ऐतिहासिक बन गया, क्योंकि उन्होंने देश में अब तक की सबसे लंबी सड़क यात्रा की। इसमें सौ तरह की बाधाएं थीं, सुरक्षा संबंधी तामझाम की कमी थी, लेकिन पीएम मोदी ने रांची से जमशेदपुर की 140 किलोमीटर लंबी यात्रा सड़क मार्ग से कर दिखा दिया कि झारखंड उनके दिल के कितने करीब है। पहले रांची में दो घंटे तक समय बिताना और फिर सड़क मार्ग से जमशेदपुर जाने का उनका फैसला साबित करता है कि वह अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के प्रति कितने प्रतिबद्ध हैं। इतना ही नहीं, जमशेदपुर के गोपाल मैदान में भारी बारिश के बीच पीएम मोदी ने जिस तरह लोगों को संबोधित किया, उससे यह भी साबित हुआ कि झारखंड के लोग प्रधानमंत्री मोदी से कितना प्यार करते हैं और उनकी एक झलक पाने, उनकी बातें सुनने के लिए हर कीमत अदा करने के लिए तैयार रहते हैं। पीएम की सभा के लिए बनाये गये पंडाल के अलावा बाहर में छाता लगाये जिस तरह से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं की भीड़ देखी गयी, यह दर्शा रहा था कि मोदी के प्रति लोगों में आज भी कैसी दीवानगी है। कैसा था पीएम मोदी के दौरे के दौरान झारखंड का माहौल और खराब मौसम के बावजूद जमशेदपुर की जनसभा का क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश भर के लोगों, खास कर झारखंड के लोगों का जो रिश्ता है, वह बड़ा ही अद्भुत है। शुरुआत करते हैं रांची से। रांची के खेलगांव में प्रेस क्लब का फुटबॉल मैच चल रहा था। सुबह साढ़े आठ बजे मैच शुरू हुआ और खत्म होते-होते 9:20 हो गये। मैं मैच खेल रहा था। लेकिन मुझे पीएम का प्रोग्राम कवर करने जमशेदपुर भी जाना था। मैं लेट हो चुका था। फिर भी ग्राउंड पर ही कपड़ा बदल कर मैं जमशेदपुर के लिए निकल पड़ा। पता चला कि पीएम 9:40 बजे रांची एयरपोर्ट पर पहुंच चुके थे। वहां से हेलीकॉप्टर से उन्हें जमशेदपुर जाना था। खबर आयी कि पीएम का पहला प्रोग्राम यानी जमशेदपुर स्टेशन और रोड शो का प्रोग्राम कैंसिल हो गया है। पीएम ने रांची एयरपोर्ट से ही ऑनलाइन माध्यम से वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन कर दिया। मैं उस वक्त तक नामकुम पार कर रामपुर पहुंच चुका था। मैंने कई पत्रकारों से बात की कि क्या पीएम का जमशेदपुर का शेड्यूल कैंसिल हो गया है। बहुतों का कहना था कि कैंसिल ही समझिये। मुझे लगा कि रोड शो कैंसिल हो सकता है, लेकिन सभा का कैंसिल होना कितना उचित होगा। चूंकि बहुत दूर-दूर से समर्थकों का जुटान होना था। वे सभी निराश हो जाते। मैं जमशेदपुर की तरफ बढ़ा जा रहा था। यकीन था कि सभा कैंसिल नहीं होगी। तभी हाइवे पर गतिविधि दिखने लगी। सीआरपीएफ के जवान अचानक तैनात होने लगे। ग्रामीण एसपी की गाड़ी भी दिखी। प्रशासन मुस्तैद हो रहा था। मुझे लगा कि पीएम कहीं सड़क मार्ग से तो नहीं आनेवाले हैं। मैंने सूचना कन्फर्म की। थोड़ी देर में पता चला कि पीएम सड़क मार्ग से जमशेदपुर पहुंचेंगे। हाइवे पर सड़क मरम्मत करने वाले वाहन भी दिखाई देने लगे। यानी गड्ढे भरने का काम भी इतने कम समय में शुरू हो गया। मैंने सहयोगियों से कहा कि अगर पीएम सड़क मार्ग से पूरा झारखंड घूम लें, तो सभी सड़कें तय सीमा से पहले ही दुरूस्त हो जायेंगी।

खैर, 140 किलोमीटर लंबे रांची-टाटा हाइवे पर कई सिक्योरिटी पड़ाव को पार कर आजाद सिपाही की टीम जमशेदपुर के गोपाल मैदान पहुंची। लेकिन वहां का नजारा देख मेरी आंखें दंग रह गयीं। भारी बारिश, दूर-दूर तक छतरी ही छतरी और उसको पकड़े कोल्हान की जनता। इनमें दुधमुंहे बच्चे तक शामिल थे। सच में जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान और पीएम मोदी को देखने-सुनने का लोगों का उत्साह देखने योग्य था। भारी बारिश में भी लोगों की भीड़ देखते ही बन रही थी। पीएम की एक झलक पाने के लिए लोग घंटों भीग कर डटे हुए थे। चारों तरफ छतरी और लोग ही लोग। छतरी के नीचे लोग, पीएम मोदी के प्रति उनका प्यार, उनके अरमान और भारी बारिश के बीच जैसे एक संघर्ष चल रहा था। दूसरी तरफ पीएम मोदी भी लोगों के इस प्यार को जैसे पूरी शिद्दत से महसूस कर रहे थे और करीब दो घंटे तक रांची हवाई अड्डे पर रुकने के बाद उन्होंने पीएम के रूप में अपनी सबसे लंबी सड़क यात्रा करने का फैसला कर लिया। संयोग से उन्होंने इसके लिए भी झारखंड को ही चुना, जैसे अपने पहले कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कई कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की शुरुआत के लिए इस राज्य को चुना था। लगातार बारिश और धुंध के बीच पीएम का इतना लंबा रास्ता सड़क मार्ग से तय करने का निश्चय उनकी लोगों के प्रति प्रतिबद्धता को ही दर्शाता है।



### बारिश हार गयी, लोगों का जज्बा जीत गया

प्रकृति और लोगों के बीच जारी संघर्ष में आज बारिश हार गयी और लोगों का जज्बा जीत गया। सिर से लेकर पांव तक लोग भीगे हुए थे। जैसे ही कोई प्रशासनिक गाड़ी का सायरन बजता, सड़क किनारे लोगों का उत्साह और जोश परवान चढ़ जाता। 'मोदी-मोदी' के नारे लगने शुरू हो जाते।

जितनी भीड़ सभास्थल के पंडाल के अंदर थी, उससे अधिक मैदान और सड़क पर थी। छोटे-छोटे बच्चे भी मोदी को देखने के लिए आये हुए थे। महिलाओं का हुजूम देखते बन रहा था। भारी बारिश में भी दुधमुंहे बच्चों को लेकर वे सभा में पहुंची हुई थीं। युवाओं का भी जोश देखते ही बन रहा था। उनका कहना था कि देश के पीएम आ रहे हैं, उनके लिए बारिश क्या, आंधियों से भी टकरा जायेंगे।

### पूरा वातावरण मोदीमय हो गया

जैसे ही मोदी का काफिला गोपाल मैदान पहुंचा, वहां की जनता में अलग सा जोश आ गया। पूरा वातावरण मोदीमय हो गया। लोगों के चेहरों पर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लोग कह रहे थे, मैंने मोदी को देख लिया। मोदी ने हाथ हिलाया। मोदी के आने से जनता में जो खुशी की लहर दिखी, उसका अनुमान शायद मोदी को भी नहीं होगा। लेकिन मोदी भी मोदी हैं।

उन्होंने कोल्हान की जनता को निराश नहीं होने दिया। उन्होंने सड़क मार्ग से 140 किलोमीटर की दूरी तय कर जनता का दिल जीत लिया। उन्होंने आते ही मंच से कहा कि मैं आपके दर्शन के बिना वापस कैसे जा सकता था। यह सुन कोल्हान की जनता भी भावुक हो गयी। मोदी की लोकप्रियता के सामने मूसलाधार बारिश की गति फीकी हो गयी। जीत मोदी और आम जनता की हुई। मोदी के झारखंड के प्रति प्रेम की हुई। जीत कोल्हान की जनता की हुई, जिनका प्रेम मोदी को सड़क मार्ग से जमशेदपुर आने को विवश कर गया।

### झारखंड के प्रति अपने प्रेम को साबित कर गये मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरे में झारखंड के प्रति अपने प्रेम को एक बार फिर साबित कर दिया। अपने भाषण के दौरान उन्होंने कहा भी कि बारिश कितनी ही तेज क्यों न हो, रुकावटें कितनी ही ज्यादा क्यों न हों, लेकिन कोई भी रुकावट मुझे आपसे अलग नहीं कर सकती है। पीएम ने कहा, मैं आपके दर्शन किये बिना वापस नहीं जा सकता हूं, इसलिए सड़क मार्ग से ही आप सबके दर्शन करने पहुंच गया। क्रांति और बलिदानों की ये धरती, भगवान बिरसा मुंडा के तप, त्याग और आशीर्वाद की ये धरती... मैं झारखंड की इस महान धरती को प्रणाम करता हूं। उन्होंने कहा, आज करमा पूजा की उमंग के बीच यहां आने से पहले मुझे झारखंड को विकास की कई बड़ी सौगात देने का सौभाग्य भी मिला। मैं आप सबको करमा पर्व की बधाई देता हूं। आज झारखंड के हजारों गरीबों को पीएम आवास योजना के जरिये पक्के घर भी मिले हैं। इनमें से ज्यादातर घर मेरी माताओं-बहनों के नाम पर हैं। आज आपका ये भाई करमा पर्व के अवसर पर अपनी बहनों को अपने पक्के घर का उपहार देकर धन्य हो गया है।

जब पीएम मोदी का भाषण चल रहा था, तब भी भारी बारिश के बीच लोग छतरी लिये उन्हें सुन रहे थे। कुछ तो भीग कर उनका भाषण सुन रहे थे। टीएमएच अस्पताल के कई डॉक्टर और नर्स भी छतरी लेकर मोदी का भाषण सुन रहे थे। भीड़ देख लगा, गोपाल मैदान में मानो मिली जमशेदपुर उमड़ आया हो। सभा समाप्त होने के बाद भाजपा के नेता खुशी का इजहार कर रहे थे। एक समय तो उन्हें भी लगा था कि बारिश के कारण शायद मोदी का कार्यक्रम रद्द हो जाये, लेकिन जैसे ही उन्हें प्रधानमंत्री के सड़क मार्ग से आने की सूचना मिली, उनके चेहरे चमक उठे। जाहिर है, चुनावी समय में मोदी की यह पहली सभा थी। अगर किन्हीं कारणों से यह कैंसिल हो जाती, तो विरोधियों को राजनीतिक वार करने का मौका मिल जाता। वैसे कुछ विरोधी सुबह से ही बारिश होने के कारण जश्न मना रहे थे। वे तरह-तरह के कमेंट भी कर रहे थे। शायद वे यह भूल रहे थे कि मौसम खराब होने के कारण किसी की भी सभा रद्द हो सकती है। कई बार तो सीएम और राहुल गांधी तक की सभा पहले कैंसिल हो चुकी है, लेकिन जैसे ही उन्हें यह सूचना मिली कि मोदी सड़क मार्ग से निकल चुके हैं, उन्होंने अपना विषय बदल लिया।

---

## कोल्हान का दारोमदार अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन, विद्युत महतो, मधु कोड़ा सरीखे नेताओं पर

# कोल्हान में भाजपा का आपरेशन 'स्पेशल 14' स्टार्ट

**खराब मौसम भी नहीं रोक पाया मोदी की जमशेदपुर की राह, भाजपाई गदगद**

अरुण सिंह

***देख कर बाधा विविध बहु विघ्न घबराते नहीं।***
***काम कितना ही कठिन हो किंतु उकताते नहीं।***
***कौन ऐसा काम है वे कर जिसे सकते नहीं।***
***यत्न करने में कभी जो जी चुराते नहीं।***
***वे नमूना आप बन जाते हैं औरों के लिए।***

उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ जिला के रहनेवाले खरी बोली के सुप्रसिद्ध कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की कालजयी कविता 'कर्मवीर' की ये कुछ पंक्तियां हैं। और, ये पंक्तियां प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी की जीवटता पर सटीक बैठती हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा रविवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में हुई। आमसभा से पहले उन्हें टाटानगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में शामिल होकर छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखानी थी। लेकिन मौसम खराब होने के कारण पीएम को रांची एयरपोर्ट से ही यह रस्म अदायगी करनी पड़ी। इधर, गोपाल मैदान मे कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिले पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां से हजारों की तदाद में महिला-पुरुष पहुंच चुके थे, उन्हें देखने, सुनने। आम जन की बात छोड़िये, भाजपा के नेताओं ने भी सोच लिया था कि हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सकेगा और मोदी जी ऑडियो/ वीडियो के माध्यम से रांची से ही जमशेदपुर पहुंचे लोगों को संबोधित करके दिल्ली लौट जायेंगे। लेकिन पीएम मोदी ने पिछले 36 घंटे से लगातार जारी बारिश के बावजूद हजारों की संख्या मे दूर-दराज से इकठ्ठा लोगों को निराश नहीं किया। वे चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से जमशेदपुर पहुंचे और उन्होंने कोल्हान की जनता के प्रति अपना स्नेह दिखाया।

तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार झारखंड की धरती पर आये थे। हजारों करोड़ की योजनाओं की सौगात झारखंड को उन्होंने दी। एक और महत्वपूर्ण बात यह भी रही कि भाजपा ज्वाइन करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पीएम के साथ पहली दफा मंच साझा करने का अवसर प्राप्त हुआ। चंपाई सोरेन को झारखंड भाजपा ने भरपूर मान-सम्मान भी दिया। होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर पर जगह मिली। तीनों जिले के भाजपाइयों ने मोदी की सभा को सफल बनाने मे जितनी मेहनत की, चंपाई सोरेन और उनके पुत्र सह झामुमो के पूर्व केंद्रीय महासचिव बाबूलाल सोरेन ने भी भरपूर मेहनत की। फलस्वरूप भारी बारिश के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा बेहद सफल रही। चाइबासा, झींकपानी, मनोहरपुर, मझगांव, जगन्नाथपुर, चक्रधरपुर, सरायकेला, खरसावां, ईचागढ़, पोटका, घाटशिला, बहरागोड़ा, मुसाबनी, गालुडीह, चांडिल, पटमदा, डुमरिया, गुडाबांधा, चाकूलिया, बड़शोल, हाता, हल्दीपोखर के अलावा जमशेदपुर महानगर के कोने-कोने से महिला-पुरुष, छात्र-नौजवान प्रधानमंत्री मोदी को देखने, उनका भाषण सुनने पहुंचे थे।

इस वर्ष के अंत तक झारखंड में विधानसभा का चुनाव होना है। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव का बिगुल फूंकने औद्योगिक नगरी जमशेदपुर आये थे, ऐसा राजनीतिज्ञों के साथ-साथ आम जनता का भी मानना है। भारतीय जनता पार्टी के नेता-कार्यकर्ता एवं समर्थकों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का दौरा च्यवनप्राश की तरह असर करेगा, ऐसा माना जा रहा है। 2014 से 2019 तक सत्ता में रहने, बेहतर काम करने के बावजूद भाजपा को झारखंड में भारी पराजय का सामना करना पड़ गया था। अलग झारखंड गठन के बाद से ही कोल्हान प्रमंडल में भाजपा मजबूत रही है। लेकिन तब 14 में से एक भी सीट पार्टी अपनी झोली में नहीं डाल पायी थी। गुटों मे बंटे भाजपाइयों का हौसला काफी हद तक टूट चुका था। सांगठनिक दृष्टिकोण से पार्टी को मजबूत करने की कोशिश में प्रदेश एवं जिलों में काफी बदलाव किया गया। अपने स्तर से झामुमोनीत सरकार के खिलाफ आंदोलन भी करते रहे भाजपाई। लेकिन इस वर्ष जब लोकसभा चुनाव का परिणाम सामने आया, तो फिर झटका लगा पार्टी को। 2019 की अपेक्षा 2024 में राज्य में भाजपा सांसदों की संख्या घट गयी। हिम्मत पहले की अपेक्षा और अधिक टूटी, लेकिन केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने में भाजपा सफल रही। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जमशेदपुर दौरा बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा, इसकी पूरी संभावना है।



झारखंड के लगभग 27 प्रतिशत आदिवासियों को साधने के लिए भारतीय जनता पार्टी 'ऑपरेशन स्पेशल 28' चला रही है। राज्य के कुल 81 विधानसभा क्षेत्र में 28 सीटें अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित हैं। और इनमें से सिर्फ दो सीट खूंटी एवं तोरपा में ही भाजपा का विधायक है। खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा एवं तोरपा से कोचे मुंडा। शेष 26 सीटों पर इंडी गठबंधन के विधायक हैं। इनमें सबसे कम वोट से सिमडेगा सीट भाजपा हार गयी, जहां श्रद्धानंद बेसरा मात्र ढाई सौ वोट से विधानसभा चुनाव हार गये थे।

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी रविवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में कोल्हान प्रमंडल के कुल 14 विधानसभा क्षेत्र को साधने के ख्याल से आये थे। कोल्हान की 14 में से नौ सीटें अनुसूचित जनजाति, चार सामान्य एवं एक सीट अनुसूचित जाति के लिए चिह्नित हैं। पीएम मोदी ने बेशक कोल्हान के नेताओं में जोश भी भरा। बता दें कि फिलहाल कोल्हान की सभी 14 सीटों पर भाजपा हार कर बैठी है, यानी आसन्न चुनाव में भाजपा के पास कोल्हान में खोने को कुछ नहीं है, हासिल करना है। और इस बार कोई खास कारण नहीं है कि भाजपा अपनी खोयी सीटों को हासिल ना कर पाये। भाजपा का अपना सांगठनिक ढांचा है। बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा सरीखे तेज-तर्रार नेता हैं। और इस बार सबसे बड़ा अवसर यह भी कि चंपाई सोरेन के रूप मे आदिवासियों के बीच मजबूत जनाधार वाला एक चेहरा भी साथ हो लिया है।

चंपाई सोरेन आदिवासियों खासकर संथाल वोटरों के बीच तीर-धनुष के बगैर कितना कारगर सिद्ध होंगे, यह तो भविष्य बतायेगा, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित 28 में से कम से कम आठ-10 सीटें जीतने की योजना पर भाजपा काम कर रही है। यानी अगर यह सच है, तो कहा जा सकता है कि भाजपा का आरक्षित सीटों को लेकर टारगेट बहुत बड़ा नहीं है। लेकिन यदि इस टारगेट को हासिल करने के प्रति भी भाजपा में असमंजस बरकरार है, तो पार्टी के लिए यह कम चिंता का विषय नहीं है।

कोल्हान प्रमंडल की सभी 14 सीटों की बात करें, तो जुगसलाई और ईचागढ़ सीट पर भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी आजसू पार्टी पहले से ही अपना दावा ठोकती रही है। जुगसलाई सीट से आजसू पार्टी के उम्मीदवार रामचंद्र सहिस वर्ष 2009 और 2014 में चुनाव जीत कर विधायक बने थे। पिछले चुनाव में भाजपा - आजसू में बात नहीं बन सकी थी, तो यह सीट झामुमो के मंगल कालिंदी के हिस्से में आ गयी। ईचागढ़ सीट पर भाजपा और आजसू दोनों भिड़ गये थे, तो झामुमो की सविता महतो जीत गयीं। यहां से एक हेवीवेट प्रत्याशी अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह भी मैदान में थे। इसके अलावा इस बार जमशेदपुर पूर्वी सीट को लेकर भी छीनाझपटी की स्थिति बनी हुई है। पिछले चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को पटखनी देकर पूरे झारखंड में सनसनी फैलाने वाले सरयू राय इस बार भी यहां से लड़ने की पूरी तैयारी में हैं। लेकिन इस दफा वह निर्दलीय नहीं, बल्कि पार्टी सिंबल से मैदान में कूदना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता हासिल कर ली है और एनडीए फोल्डर से यहां का टिकट प्राप्त करने की जुगत मे हैं। वैसे इस सीट पर भाजपा का भगवा लहराते हुए आधा दर्जन से ज्यादा टिकटार्थी लाइन में हैं। कमोवेश यही हाल सामान्य सीट बहरागोड़ा एवं जमशेदपुर पश्चिमी की भी है। टिकट की चाहत वालों की संख्या एक से अधिक है।

अब बात करते हैं भाजपा को चिंतित करने वाली सीटें, यानी आदिवासियों के लिए आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों की। कोल्हान में ऐसी कुल नौ सीटें हैं। सभी सीटों पर एक से अधिक नेता पार्टी सिंबल की आस वर्षों से लगाये बैठे हैं।

घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से लखन मार्डी, लक्ष्मण टुडू, गीता मुर्मू, डॉ सुनीता देबदूत सोरेन, देवयानी मुर्मू के अलावा हाल ही में भाजपा में शामिल बाबूलाल सोरेन सीरियस कैंडिडेट के रूप मे उभरे हैं। पोटका सीट पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपेंद्र नाथ सरदार, गणेश सरदार, मनोज सरदार के अलावे चंपाई सोरेन के साथ झामुमो से भाजपा में आये लव सरदार भी कतार में लगे हैं। सरायकेला सीट पर सभी लोग मान कर चल रहे हैं कि चंपाई सोरेन ही भाजपा के प्रत्याशी होंगे। इनके अलावे गणेश महाली, रमेश हांसदा, बाबूलाल मरांडी का निकटस्थ होने का दावा करने वाले बास्को बेसरा भी टिकट की आस लगा बैठे हैं। खरसावां सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, उनकी पत्नी मीरा मुंडा के नाम की चर्चा हो रही है, तो दूसरी ओर जवाहर लाल बानरा भी ताल ठोके बैठे हैं। पश्चिम सिंहभूम जिला की मझगांव सीट पर पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई, भूषण पाट पिंगुआ एवं अनिल बिरुली के नाम चर्चा में हैं। मनोहरपुर क्षेत्र से पूर्व विधायक गुरुचरण नायक, रामेश्वर तैशु एवं शिवा बोदरा सिंबल की लाइन में हैं। इसी प्रकार जगन्नाथपुर सीट पर पूर्व सांसद गीता कोड़ा के अलावे मंगल पिंगुआ एवं विपिन पूर्ति चुनावी टिकट चाहते हैं। चाइबासा सीट पर दो बार चुनाव लड़ चुके पूर्व आइएएस ऑफिसर जेबी तुबिद के अलावा मेयर रहीं गीता बलमुचू एवं जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में जिप सदस्य पानमुनी पूर्ति के नाम की चर्चा है। चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से सतीश सामद, मालती गिलुआ एवं विजय मिलगांडी का नाम सामने आ रहा है।

www.epaper.azadsipahi.in

16 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 327

परिवर्तन महारैली में भारी बारिश के बीच जम कर बरसे भाजपा नेता




## प्रधानमंत्री जमशेदपुर में भाजपा की परिवर्तन महारैली में राज्य सरकार पर जम कर बरसे

# झारखंड के तीन दुश्मन- झामुमो, कांग्रेस और राजद: मोदी

- रांची से सड़क मार्ग से पहुंचे जमशेदपुर
- बिस्टूपुर गोपाल मैदान में जनसभा को किया संबोधित

**राकेश सिंह/सुनील कुमार सिंह**

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के गोपाल मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा की परिवर्तन रैली को संबोधित करते हुए जेएमएम, राजद और कांग्रेस सरकार पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान मैं झारखंड आया था। तब देश में बड़े-बड़े झूठ, बड़ी-बड़ी अफवाहें, झूठ बोलने की मशीन और देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतों पर आपका आशीर्वाद भारी पड़ा। उन्होंने कहा कि आपका भरोसा मोदी पर है। मध्यम वर्ग का भरोसा मोदी पर है। इस भरोसे को कायम रखने के लिए मोदी कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ेगा।

**झारखंड के तीन दुश्मन:** मोदी ने कहा कि झारखंड के तीन ही दुश्मन हैं। वे हैं जेएमएम, राजद और कांग्रेस। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झारखंड को बर्बाद कर दिया था। यहां के जल, जंगल जमीन को लूटा था। राजद ने तो झारखंड गठन का ही विरोध किया था। कहा था कि उसकी लाश पर ही झारखंड बनेगा। अब जेएमएम राजद और कांग्रेस के साथ ही मिल कर सरकार चला रहा है। आप समझ सकते हैं कि यह सरकार कैसी होगा। पीएम ने कहा कि जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है। कांग्रेस ने दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज की बलि चढ़ा दी। अब जेएमएम भी यही कर रहा है। जेएमएम मजहब के नाम पर वोट बैंक बना रहा है। हमें इस खतरे को यहीं पर रोकना होगा। यह रूकेगा झारखंड में भाजपा की सरकार बना कर।

**जेएमएम ने झारखंड को बर्बाद किया है:** प्रधानमंत्री ने कहा कि जेएमएम ने किस तरह से झारखंड को और यहां के आदिवासियों को बर्बाद किया है, जेएमएम सरकार का पांच साल का कार्यकाल इसका उदाहरण है। जेएमएम के लिए आदिवासी का कल्याण मायने नहीं रखता, उसके लिए सियासी फायदा सर्वोपरि है। अगर ऐसा नहीं होता, तो आप बताइये कि चंपाई सोरेन आदिवासी नहीं थे क्या? गरीब परिवार से नहीं थे क्या? सीएम की कुर्सी पर कब्जा करने के लिए उन्हें कितना अपमानित किया गया। आप बताइये सीता सोरेन आदिवासी नहीं हैं क्या? सीता सोरेन को अपने परिवार के ही लोगों ने अपमानित किया, उन्हें बेदखल किया। इसका जवाब झारखंड का आदिवासी समाज निश्चित रूप से देगा।

**जेएमएम की चलाचली की बेला:** प्रधानमंत्री ने कहा कि अब जेएमएम की चलाचली की बेला है। अब ये लोग भाजपा नेताओं पर झूठे केस कर रहे हैं। इन्होंने झूठ का पिटारा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने आपसे वायदा किया था कि आपको नौकरी देंगे, नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे। यह कितनों को मिला? इन्होंने शहरी रोजगार का वायदा किया था। दो महीने बाद ही यह बंद हो गया।

**सरकार केवल झूठे वादे करती:** प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सरकार कितना झूठा वायदे कर सकती है, आप जानते हैं। इस सरकार ने पेट्रोल-डीजल में रियायत देने की बात कही थी। उसका लाभ आपको मिला क्या? नहीं न, क्योंकि वह योजना भी झूठी दिलासा थी। अब यह सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के नाम पर, उन्हें पैसे देने के नाम पर नयी-नयी तिकड़म रच रही है। ऐसे धोखेबाजों को सरकार से बाहर निकालना होगा। हमने वायदा किया था कि तीन करोड़ लोगों को पक्का मकान देंगे। हम दे रहे हैं। हमने वायदा किया था कि अब 70 साल से ऊपर के हर बुजुर्ग को मुफ्त इलाज की व्यवस्था करेंगे, कैबिनेट ने उस पर मुहर लगा दी है। हम किसानों को पीएम सम्मान निधि से सहायता दे रहे हैं। उनके खाते में पैसे ट्रांसफर कर रहे हैं। आपको बता दूं कि इन योजनाओं की घोषणा कांग्रेस ने अपने शासनकाल में की थी, लेकिन उसने लागू नहीं किया था। कांग्रेस ने तो यहां तक वायदा किया था कि यहां के युवाओं को- महिलाओं को वह एक एक लाख रुपये देगी। जब महिलाएं पैसा लेने पहुंचीं, तो उन्हें अपमानित किया गया।

**जहां-जहां कांग्रेस की सरकार, वहां झूठ की दुकान:** पीएम ने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की राज्य सरकारें हैं, वहां उन्होंने झूठ की दुकान खोल रखी है। जेएमएम वाले भी कांग्रेस का ही नकल कर रहे हैं। वे पैसे देने की बात कर रहे हैं। आप सावधान हो जाइये। ये मिलनेवाले नहीं, क्योंकि जेएमएम ने ट्रेनिंग तो कांग्रेस से ही ली है। मंईयां सम्मान योजना के बारे में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इसकी सच्चाई क्या है?

**मंईयां सम्मान योजना के नाम पर वसूल रहे तीन-तीन सौ रुपये:** प्रधानमंत्री ने कहा कि जेएमएम वाले भी जब-जब कुछ देने की बात करें, तो सावधान हो जाइए। इनको भी ये ट्रेनिंग कांग्रेस से ही मिली है। जब भी ये कुछ देने की बात करेंगे, तो आपकी ही जेब पर डाका डालेंगे। मंईयां सम्मान योजना के नाम पर महिलाओं से 300-300 रुपये मांगे जा रहे हैं। अबुआ आवास के नाम पर 25,000 रुपये तक की वसूली हो रही है। ये पिछले दरवाजे से लाभार्थियों को गुमराह करके उनसे भी वसूली कर रहे हैं।यहां तक कि दलालों ने केंद्र की योजनाओं को भी नहीं बख्शा है। लूटना ही इनका पेशा हो गया है। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि लूटनेवाले कभी कुछ देंगे क्या? उन्होंने कहा कि इसका जवाब देने का मौका चुनाव में आपको मिलेगा। आप भाजपा को आशीर्वाद दीजिए।



## झारखंड का सपना भाजपा का अपना सपना है

मोदी ने भारत माता की जय के नारे लगाये और कहा कि हमारा रिश्ता अपनेपन का है। झारखंड का सपना, भाजपा का अपना सपना है। मोदी ने कहा कि पहली बार भाजपा की सरकार ने झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता की। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत भाजपा की सरकार ने की। पिछड़े आदिवासी युवाओं की चिंता की। उनकी शिक्षा के लिए एकलव्य विद्यालय हमने बनाये। भाजपा ने आदिवासी समाज की एक महिला द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया। अब तक की सरकारें खनिज संपदा से संपन्न झारखंड से केवल वसूली करती थी। हमने डीएमएफ बनाया। आपको आपका हक दिलाया।

## कांग्रेस बेइमान और महाभ्रष्ट पार्टी

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड का निर्माण बड़े सपनों के लिए हुआ। इसकी उन्नति के लिए हुआ। विकास के लिए हुआ। लेकिन ये सपने भ्रष्टाचार और लूट की भेंट चढ़ गये। मोदी ने कहा कि इस देश में बड़ी बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी एक ही है-कांग्रेस पार्टी। इस देश में एक ही भ्रष्ट परिवार है-कांग्रेस परिवार। भ्रष्टाचार, लूट और बेईमानी की धारा यहीं से निकलती है। जेएमएम भी यहीं से ट्रेनिंग लेता है। उस स्कूल का नाम है स्कूल और करप्शन। अपने पांच साल के शासन काल में जेएमएम ने एक ही काम किया। झारखंड की चौतरफा लूट और भ्रष्टाचार। आज यहां चारों तरफ भ्रष्टाचार। यहां के जल, जंगल और जमीन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे हैं। मध्यम वर्ग एक-एक रुपये के लिए अपना पसीना बहाता है। लेकिन सच्चाई क्या है देखिये, यहां के मंत्री, सांसद और उनके नौकरों के यहां से सैकड़ों करोड़ कैश बरामद हो रहा है। उन्होंने कहा कि आपने कुछ दिन पहले देखा होगा के कैसे नोटों के पहाड़ झारखंड में निकले थे। ये पैसे आपकी मेहनत की कमाई के पैसे थे। बेइमानों ने ये पैसा लूट कर अपनी जेब भरी थी। पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार करनेवाले, आपके धन को लूटनेवाले, देश और झारखंड के खजाने को लूटनेवालों से पाई-पाई का हिसाब लेना आपकी जिम्मेदारी है। हम पाई-पाई का हिसाब लेंगे, बस इसमें आपका हमें साथ चाहिए।

## हेमंत सरकार के संरक्षण में बालू और खान-खनिज की लूट

हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि आज राज्य सरकार के संरक्षण में खान-खनिज की लूट हो रही है। बालू की लूट हो रही है। सेना की जमीन तक को ये लोग नहीं छोड़ रहे हैं। इन्होंने झारखंड के लोगों की जमीन तक को नहीं छोड़ा। अब तो हालत यह हो गयी है कि लोगों को अपनी जमीन को सुरक्षित रखने के लिए वोर्ड तक लगाना पड़ रहा है कि यह जमीन बिकाऊ नहीं है।

## झारखंड के 15 लाल गलत व्यवस्था के कारण जान गंवा बैठे

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए परीक्षा के नाम पर अब तक झारखंड के पंद्रह नौजवानों की इस सरकार ने बलि ले ली है। इस सकरार ने मांओं के लाल छीन लिये। बहनों से भाई छीन लिये। झारखंड के पंद्रह लाल गलत व्यवस्था के कारण जान गंवा बैठे। भर्ती परीक्षा में जिनकी जिंदगी गयी है, मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। झारखंड में कुछ ही महीने में भाजपा की सरकार आनेवाली है। इन सारे मामलों की जांच करा कर जिम्मेदार लोगों पर कानूनी शिकंजा कसा जायेगा। पीएम ने कहा कि हेमंत सरकार को युवाओं की चिंता नहीं है। जेपीएससी और जेएसएसी की परीक्षा हर साल लेने का इस सरकार ने वायदा किया था। इसका क्या हश्र है, आपसे छिपा नहीं है, उलटे सरकार के संरक्षण में यहां नौकरी बेचनेवालों का गिरोह सक्रिय हो गया है। ऐसी राज्य सरकार को हटाना ही होगा।

## प्रधानमंत्री ने कहा

- जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है
- जेएमएम के लिए आदिवासी कल्याण मायने नहीं रखता, अपना सियासी फायदा सबसे ऊपर है
- चंपाई सोरेन आदिवासी नहीं हैं क्या, सीता सोरेन आदिवासी नहीं हैं क्या, कुर्सी के लिए उन्हें अपमानित किया गया
- जेएमएम वालों ने आपके वोट से अपनी राजनीति चमकाई

## प्रधानमंत्री ने छह वंदे भारत ट्रेन को दिखायी हरी झंडी

रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के टाटानगर में 660 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के 32 हजार लाभार्थियों को मंजूरी पत्र भी वितरित किये। इससे पहले मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए टाटानगर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी। मौसम खराब होने की वजह से प्रधानमंत्री जमशेदपुर के सरकारी कार्यक्रम और रोड शो में शामिल नहीं हो सके। वह रांची से वीडियो कांफ्रेंसिंग से कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने झारखंड के लोगों के समक्ष अपनी विनम्र माफी मांगते हुए कहा कि वे खराब मौसम की वजह से हेलीकॉप्टर की आवाजाही बाधित होने के कारण कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित नहीं हो सके। उन्हें आज की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए करना पड़ा। जमशेदपुर में कार्यक्रम स्थल पर राज्यपाल संतोष गंगवार, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और अन्नपूर्णा देवी के अलावा सांसद विद्युत वरण महतो व संजय सेठ, विधायक सुदेश कुमार महतो के अलावा अन्य नेतागण मौजूद थे।



(संबधित खबर पेज-12 पर)

## झारखंड का बहुत बड़ा मुद्दा घुसपैठ

नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस को झारखंड से नफरत है। उसने कितने दशक तक दिल्ली में बैठकर देश पर राज किया। उन्होंने देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये लोग स्वार्थ और सत्ता में किसी भी हद तक जा सकते हैं। ये जेएमएम वाले, जिन्होंने आपके वोट से अपनी राजनीति चमकायी, आज वे किसके साथ खड़े हैं। उन लोगों के साथ खड़े हैं, जो आदिवासियों की जमीन पर कब्जा करनेवालों के साथ हैं। इस समय झारखंड का बहुत बड़ा मुद्दा घुसपैठ है। यह हर झारखंडी के लिए चिंता का विषय है। जवान बेटियों के हर मां-बाप के लिए चिंता का विषय है। झारखंड हाइकोर्ट ने घुसपैठ पर एक आदेश दिया, लेकिन झारखंड सरकार मानने को तैयार नहीं है कि राज्य में घुसपैठ हो रही है।

## डेमोग्राफी तेजी से बदल रही

प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी रोहिंग्या की घुसपैठ बहुत बड़ा खतरा है। यहां की डेमोग्राफी बहुत तेजी से बदल रही है। उन्होंने कहा कि संताल परगना में आदिवासियों की आबादी तेजी से कम हो रही है। यहां के लोगों की जमीन हड़पी जा रही है। घुसपैठिये पंचायतों में व्यवस्था पर कब्जा कर रहे हैं। बेटियों के साथ अत्याचार की वारदातें बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड के शहर हों या झारखंड के गांव, इस घुसपैठ की वजह से हर झारखंडी असुरक्षित महसूस कर रहा है। सच्चाई यह है कि जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ हमेशा साथ खड़े हैं। ये कट्टरपंथी जेएमएम को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि, जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की बड़ी बातें

लोकसभा चुनाव के समय मैं झारखंड आया था। उस समय देश में बड़े-बड़े झूठ बोले जा रहे थे। बड़ी-बड़ी अफवाहें फैलाई जा रहीं थीं। झूठ बोलने की मशीन और देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतें सक्रिय थीं। लेकिन, लोकसभा चुनाव में आपका आशीर्वाद उन सब पर भारी पड़ा।

झारखंड से हमारा रिश्ता अपनेपन का है। झारखंड का सपना, भाजपा का अपना सपना है। आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की चिंता सिर्फ भाजपा ने की है।आदिवासी बेटी को देश की राष्ट्रपति भाजपा ने बनाया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत भाजपा ने की।

झारखंड के तीन दुश्मनों (कांग्रेस, जेएमएम और राजद) जितनी जल्दी झारखंड निजात पा लेगा, उसका भाग्योदय उतनी जल्दी होगा।

बांग्लादेशी घुसपैठ के खतरे को रोकने के लिए भाजपा को मजबूत करना होगा। झारखंड के हर नागरिक को एकजुट होना होगा। इस खतरे को अभी यहीं पर रोकना होगा। जेएमएम और कांग्रेस मजहब के नाम पर अपना वोट बैंक बनाना चाहते हैं। इसलिए घुसपैठियों का समर्थन करते हैं।

घुसपैठ की वजह से झारखंड की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। संताल परगना में आदिवासियों की आबादी तेजी से कम हो रही है। लोगों की जमीनें हड़पी जा रहीं हैं। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिये पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। बेटियों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं।

झारखंड से कांग्रेस को नफरत है। दशकों तक उसने दिल्ली में बैठकर देश पर शासन किया, लेकिन कभी देश के दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज को आगे नहीं बढ़ने दिया। ये लोग स्वार्थ और सत्ता में किसी हद तक जा सकते हैं।

जेएमएम वाले आदिवासियों के नाम पर राजनीति करते हैं। लेकिन, उनके मन में आदिवासी समाज के लिए कोई सम्मान नहीं है। पीएम ने कहा कि इनके लिए सियासी फायदा सबसे ऊपर है।

झारखंड का निर्माण बड़े सपनों के लिए हुआ था। लेकिन सब कुछ भ्रष्टाचार और लूट की भेंट चढ़ गया। की पहली और महाभ्रष्ट पार्टी एक ही है- कांग्रेस पार्टी।

## रांची हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड आगमन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से भेंट की। नमस्कार किया। हाथ मिलाये। हेमंत सोरेन ने उन्हें शॉल ओढ़ाया और सप्रेम स्मृति चिह्न भेंट कर विदाई दी।

# भाजपा के नेता भी सभा में गरजे



'ये बेईमान सरकार लेन-देन की सरकार हो गयी है। हर चीज यहां बिकती है बस खरीदने वाला चाहिए। जेएमएम में जे का मतलब जुर्म माफिया, म से मर्डर माफिया एवं म से मनी माफिया।'

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री



'चुनावी घोषणा पत्र के तमाम वादे झूठे निकले। जल, जंगल एवं जमीन बचाने की बात करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जल, जंगल एवं जमीन का सबसे अधिक लूट और दोहन किया है।'

- बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



'भाजपा ही झारखंड की आदिवासियों की अस्मिता बचा सकती है। संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा बन गया है। आदिवासियों के हकों को मारा जा रहा है। केवल भाजपा ही बांग्लादेशी घुसपैठ को खत्म कर सकती है।

-चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री



'ये भ्रष्ट सरकार अपने अहंकार और नाकामी को छुपाने के लिए युवाओं की प्राण ले रही है। जेल से जमानत से बाहर आने पर भी सप्ताह भर में आदरणीय चंपाई दा को अपमानित करके मुख्यमंत्री की कुर्सी हथिया ली।'

-अमर बाउरी, नेता प्रतिपक्ष



'बंगलादेशी घुसपैठियों से पूरा संथाल सहित कोल्हान एवं समस्त झारखंड परेशान है। हेमंत सोरेन की सरकार वोट बैंक के लिए आंखों पर पट्टी बांध रखी है और एवं संरक्षण देकर वोट के लिए झारखंड में बसा रही है।'

-हिमंता बिस्वा सरमा, मुख्यमंत्री, असम



'झारखंड की वर्तमान भ्रष्ट एवं निक्कमी, दलालों एवं बिचैलियों की सरकार से झारखंड को मुक्त करा कर परिवर्तन लाने का संकल्प हम सभी को यहां गोपाल मैदान से ले कर जाना है।'

- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री



'भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो आदिवासियों को उचित सम्मान, हक और अधिकार दे सकती है। झारखंड को लूटने और बर्बाद करने वाली हेमंत सोरेन सरकार सिर्फ चुनाव देखते हुए योजना लायी है।'

-अर्जुन मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री



'झारखंड की हेमंत सरकार के आतंक का अंत अब होने वाला है। पिछले पांच साल में कोई ऐसा सगा नहीं बचा है, जिसे हेमंत सरकार ने ठगा नहीं है। जनता ने परिवर्तन का शंखनाद कर दिया है।

- विद्युत महतो, सांसद

(पेज-5 और 12 भी देखें)

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

TRANSMITTO DEVELOPMENT FOUNDATION
Registerd Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)
U/S 8 of Companies Act, 2013
CIN No.-U85300RJ2022NPL085454
"युवा देश, सोच अनेक"

आवश्यकता

ट्रांस्मिटो डेवलपमेंट फाउंडेशन एक राष्ट्रीय स्तरीय गैर - सरकारी संस्थान (NGO) को पुरे झारखंड के लिए अपने ब्लॉक स्तरीय ट्रेनर की आवश्यकता है।

न्यूनतम अहर्ता -
1) 18 वर्ष से उपर वालें आयु के लिए सुनहरा मौका ।
2) महिला और पुरूष दोनों आवेदन कर सकते हैं ।
3) मासिक मानदेय 12500-25000 रूपए ।

इच्छुक अभियार्थी संपर्क करें - 7857075663

पत्रांक सं.: ADVT-344/2024-25 दिनांक : 14.09.2024




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## युग परिवर्तन की ओर विशेषांक का लोकार्पण

# हर आंगन में खुशहाली ही सच्चा परिवर्तन है : संजय सेठ

**युग परिवर्तन की वेला में मिल के साथ चलें : एमपी बजाज**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेवा भारती, झारखंड के सेवा जागरण की बहुप्रतीक्षित पत्रिका सेवा सुरभि के रजत जयंती वर्ष 25वां विशेषांक युग परिवर्तन की ओर का लोकार्पण केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची के गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में किया। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि युग परिवर्तन एक शास्वत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। हमारा देश प्रगति के पायदान पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। लोकार्पण समारोह के मुख्य वक्ता महावीर प्रसाद बजाज, अध्यक्ष, बड़ा बाजार कुमार सभा पुस्तकालय, कोलकाता ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा सुरभि पत्रिका विगत 25 वर्षों से जन जन तक सत्य और अध्यात्म को पहुंचाने का महान कार्य कर रही है।

पत्रिका लोकार्पण समारोह का उद्घाटन भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सेवा भारती के प्रांतीय सचिव ऋषि पांडेय ने संस्था का कार्य वृत्त रखते हुए बताया कि विगत 26 वर्षों से वंचित, उपेक्षित, अभावग्रस्त समाज के बीच संस्कारित शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सामाजिक संस्कार के विभिन्न सेवा आयाम चल रहे हैं। मौके पर पुरातत्वविद् व साहित्यकार डॉ हरेंद्र सिन्हा ने सेवा सुरभि पत्रिका के 25 वर्षों की यात्रा वृतांत बताया।

कार्यक्रम में कलाकार शिखा कुमारी एवं प्रवीण दीक्षित के नृत्य-संगीत की प्रस्तुति ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि एकल गीत रेणु कुमारी ने प्रस्तुत किया। मौके पर संजय सेठ ने पत्रिका संपादक डॉ सुष्मिता पांडेय एवं कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के संरक्षक व प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण ने भी संबोधित किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा ने किया। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद क्षेत्र संघचालक देवव्रत पहान, प्रांत सह संघचालक अशोक श्रीवास्तव, पवन मंत्री, वीएन पांडेय, पवन बजाज, श्रवण जाजोदिया, भारत सेवा आश्रम संघ के सचिव स्वामी भूतेशानंद, स्वामी गोरानंद गिरी, उमाशंकर शर्मा, ओमप्रकाश केजरीवाल, राधेश्याम अग्रवाल, अभिजीत घोष, चंद्रकांत रायपत, अयोध्या नाथ मिश्र, नंदलाल साहू, सोनी मेहता, लायंस क्लब, रांची महिला समिति के अध्यक्ष देवजानी भट्टाचार्य, पवन जायसवाल, गुरविंदर सिंह सेठी, आरएस अग्रवाल, दीपक कुमार, देवेंद्र स्वामी, अशोक गाड़ोदिया, शुभेंदु भट्ट, विनय गांगुली, संजीव विजयवर्गीय उपस्थित रहे।

## श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्य यजमान बिनोद सारस्वत अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किये। सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं सारस्वत परिवार द्वार गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय - लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। द्वादशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे। खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मंदिर में ही निर्मित किया गया तथा 250 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय साबू, विकास पाडिया, विवेक ढांढनियां, राजेश सारस्वत, नितेश केजरीवाल, राजेश सारस्वत, राकेश सारस्वत, महेश सारस्वत, नितेश लखोटिया, अमित जलान का सहयोग रहा।

## शिविर में 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया



रांची (आजाद सिपाही)। गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा के तत्वाधान में गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरु नानक भवन परिसर में रक्तदान शिविर की शुरुआत सुबह 11 बजे हुई। नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर में दो महिलाओं समेत कुल 20 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को संस्था द्वारा बिस्किट एवं फ्रूट जूस उपलब्ध कराये गये एवं सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। गुरु नानक सेवक जत्था के सूरज झंडई एवं करण अरोड़ा ने बताया कि इस समय पूरे राज्य के सभी ब्लड बैंकों में ब्लड यूनिट की भारी कमी है और साथ ही सरकार से अपील की है कि हर तीन माह में ब्लड डोनेशन कैंप लगा कर सभी सरकारी कर्मचारी से रक्तदान करवाना अनिवार्य किया जाये, ताकि इससे अन्य लोग भी प्रेरित हों और रक्त की कमी को भी दूर किया जा सके। रक्तदान शिविर में नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक के डॉ अनिबर सेन्याल, शिखा प्रिया, लक्ष्मी देवी, रविंद्र कुमार वर्मा, पंकज महतो, जोशना महतो एवं प्रियंका कुमारी तथा गुरु नानक सेवक जत्था के इनिश काठपाल, रौनक ग्रोवर, वंश डावरा, जयंत मुंजाल, जतिन घई, हन्नी मिढ़ा, कमल तलेजा, विन्नी खत्री, गीतांशु तेहरी, ऋषभ शर्मा वरुण गेरा, जय पपनेजा, कशिश नागपाल, राकेश घई एवं हर्ष सिडाना की सक्रिय भागीदारी रही।

## जुलूस ईद मिलादुन्नबी आज, तैयारी पूरी

रांची (आजाद सिपाही)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पैगंबरे इसलाम के योमे पैदाइश के अवसर पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी रांची सहित पूरे झारखंड में अकीदयत के साथ मानने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। 16 सितंबर 24 दिन सोमवार को जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जायेगा। सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर इसका जायजा लिया। ओलमा ए अहले सुन्नत की कयादत, एदारे शरिया की सरपरस्ती, सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमिटी के तत्वधान में विभिन्न एदारों तंजीमो के बैनर तले जुलूस अपने अपने क्षेत्र से सुबह 8 से 9 बजे के बीच जुलूसे मोहम्मदी निकाला जायेगा। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल होने वाले तमाम मदरसों मस्जिदों, खनकाओं, पंचायतों, दिनीश्वरो अकीदत मंद लोगों से कमिटी ने हिदायत नामा भी जारी किया है। कमेटी ने जुलूस के बेहतर संचालन के लिए उलेमा ए कराम के अलावा 12 सदस्यीय कमेटी गठन किया है। कमेटी के अध्यक्ष डॉ मौलाना ताजुद्दीन, हजरत अल्लामा मौलाना अलकमा शबली, एदारे शरिया के नाजिमे आला हजरत मौलना कुतुबबुद्दीन रिजवी,सरपरस्त मो सईद, महासचिव अकीलुर्रहमान ने बताया कि जुलूस कातर बंद तरीके से उलमा ए अहले सुन्नत के कयादत में चलेंगे।

## झारखंड कलवार संघ का भगवान श्री बलभद्र जन्मोत्सव सह पारिवारिक मिलन समारोह संपन्न

**कलवार संघ ने धर्मशाला निर्माण हेतु जमीनदानकर्ताओं को सम्मानित किया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कलवार संघ रांची झारखंड प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंड कलवार संघ अपने कुल देवता भगवान बलभद्र जन्मोत्सव सह पारिवारिक मिलन समारोह 15 सितंबर नेवरी विकास स्थित अपने धर्मशाला निर्माण स्थल पर धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 भगवान श्री बलभद्र पुजन से शुरू हुई। पूजा अर्चना के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर झारखंड तलवार संघ ने नेवरी विकास में धर्मशाला निर्माण स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में जमीनदानकर्ताओं को सम्मानित किया।

इस मौके पर समाज के अध्यक्ष श्याम कुमार प्रसाद, महासचिव प्रो डॉ प्रमोद कुमार भगत, सचिव प्रेम बर्धन प्रसाद, संयुक्त सचिव प्रेम कुमार, संगठन मंत्री राधेश्याम गुप्ता, कोषाध्यक्ष केदार प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष साधु शरण गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार भगत, कार्यकारी सचिव दिलीप कुमार, प्रेस प्रवक्ता सुनील जायसवाल, उपाध्यक्ष विनोद कुमार, ओमप्रकाश प्रसाद, राजीव कुमार ज्योतिष, विवेक कुमार, राजीव कुमार पप्लु, रमेश प्रसाद, सह सचिव सत्येंद्र जायसवाल, कैलाश प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद राजन, संतोष कुमार राजू, राजेश कुमार गुप्ता, प्रकाश कुमार, मीडिया प्रभारी विपिन कुमार वर्मा, कार्यकारी सदस्य दयानंद प्रसाद, अजय कुमार, हरिनारायण गुप्त, मुकेश लाल, रामायण प्रसाद का सहयोग रहा है। मौके पर झारखंड तलवार संघ के महासचिव डॉ प्रमोद कुमार भगत ने कहा कि कलवार समाज के बंधु अपने मन से धर्मशाला निर्माण में यथासंभव सहयोग कर सकते हैं।

## धुर्वा डैम में युवती की डूबने से हुई मौत

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के धुर्वा डैम में एक 22 वर्षीय युवती की डूबने के कारण मौत हो गयी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। धुर्वा डैम के फाटक के पास से युवती की स्कूटी और चप्पल बरामद हुआ है। हालांकि लोगों के द्वारा आशंका जतायी जा रही है कि युवती ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की है। युवती की पहचान धुर्वा टंकी साइड निवासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आदर्श नगर निवासी राहुल के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस घटना के बाद से युवती का प्रेमी राहुल फरार है। इस घटना के बाद एनडीआरएफ को सूचना दे दी गयी है। जानकारी के अनुसार इस पूरे प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर युवती के घर में भी काफी विवाद हुआ था। पिता का कहना है कि उनकी बेटी रात के समय करीब 2 बजे घर से निकली थी। जब सुबह घर नहीं लौटी,तो हमने खोजबीन शुरू कर दी, जिसके बाद धुर्वा डैम से उसकी चप्पल और स्कूटी बरामद हुई।

## केरला क्रिश्चियन फेलोशिप ने ओणम त्योहार का आयोजन किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को मलयाली इसाई समुदाय की विभिन्न संस्थाओं ने ऑर्थोडॉक्स चर्च में ओणम त्यौहार सौहार्द्रपूर्वक मनाया और माथोर्मा, ऑर्थोडॉक्स एवं कैथोलिक समुदाय लोगों ने केरल का मुख्य त्योहार ओणम का आयोजन किया। केरल का प्रमुख त्योहार ओणम है, जो राज्य का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण त्योहार माना जाता है। यह त्योहार मुख्य रूप से केरल के सभी लोगों द्वारा मनाया जाता है, और इसमें सभी धर्मों के लोग भाग लेते हैं। ओणम त्योहार के विषय में यह मान्यता है कि भगवान विष्णु ने वामन अवतार धारण करके महाबली को पाताल लोक भेजा था, लेकिन उनकी भक्ति और उदारता के कारण उन्हें वर्ष में एक बार अपनी प्रजा से मिलने की अनुमति दी। इसी के स्वागत में ओणम का त्योहार उनकी वापसी की खुशी में धूम-धाम से मनाया जाता है। मुख्य आयोजन में पुक्कलम जिसमें रंग-बिरंगे फूलों से सजायी गयी रंगोली, जो ओणम के दौरान घरों के बाहर बनायी जाती है। इसमें 26 से अधिक प्रकार के भोजन होते हैं। सभी लोगों ने इस पारंपरिक भोजन का आनंद लिया। इस मौके पर जेकॉब सीजे ने बतया कि ओणम सामाजिक एकता, समृद्धि और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे लोग पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाते हैं। उक्त अवसर पर डॉ. एमओ ऊम्मेन, फादर शिनु चेरिआन, अनिस जॉनसन, फादर मैथ्यू मंजिला ओसीडी, फादर विंसी टीओआर उपस्थित थे। प्रमुख लोगों ने अपने-अपने संदेश दिये। मौके पर विभिन्न एसोसिएशन के सदस्य और अन्य लोग उपस्थित थे।

## जल्द ही आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति पूरी होगी : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में आवश्यकता आधारित शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य का कहना है कि इस नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करने से पूर्व चार महत्वपूर्ण बिंदुओं का निर्धारण करना आवश्यक था। सर्वप्रथम यह चिह्नित किया गया कि प्रत्येक विषय में नीड बेस्ड टीचरों के रिक्त पदों की संख्या क्या है।

इसमें यह पाया गया कि लगभग प्रत्येक विभागों में 10 प्रतिशत ही रिक्त पदों की संख्या है। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह निर्धारित करने की थी कि पारंपरिक और वोकेशनल पाठ्यक्रमों की निर्धारित अहर्ता को संज्ञान में रखते हुए रिक्त पदों के लिए विज्ञापित कर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करना। विश्वविद्यालय ने इसे चिह्नित कर इन सारी प्रक्रियाओं को पूरा कर रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये। इसके उपरांत प्राप्त सभी विषयों के आवेदनों की स्क्रूटनी करते हुए सभी विषयों में अहर्ता प्राप्त उम्मीदवारों के अकादमिक अंकों की सूची को विषयवार विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जारी कर दी गयी। ऐसा उनके द्वारा प्राप्त उनके सर्टिफिकेट आधार पर किया गया है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इन विषयों में जूलॉजी, सोशियोलॉजी, गणित, हिंदी, इतिहास, भूगोल, रसायन विज्ञान, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, नागपुरी, एमबीए इत्यादि है। इन सारी प्रक्रियाओं के उपरांत अब अंतिम प्रक्रिया के तहत विश्वविद्यालय के द्वारा साक्षात्कार का आयोजन कर इन सारे विषयों में आवश्यकता आधारित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया एक माह के अंदर पूरी कर ली जायेगी।

इस संबंध में यह बताना आवश्यक होगा कि इस चरण में आगामी 19 सितंबर से एमबीए, इतिहास आदि विषयों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाना है, जिसकी आधिकारिक सूचना संबंधित विषयों के अभ्यर्थियों को प्रेषित की जा चुकी है। यह संपूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया एक माह के अंदर पूरी कर ली जायेगी ताकि विश्वविद्यालय के अकादमिक गतिविधियों का संचालन तेजी से किया जा सके।

## सदानों के अधिकारों के लिए विस और लोस में पहुंचना होगा : राजेंद्र प्रसाद




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा की विचार गोष्ठी रविवार को रातू आम टांड़ में आयोजित हुई। बैठक में बतौर मुख्यातिथि राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सदानों के अधिकारों के लिए विधानसभा और लोकसभा में पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि सदानों को राजनीतिक दलों के उम्मीदवार बनाना चाहिए और अपनी मांगों को राजनीतिक दलों के मेनिफेस्टो में शामिल करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सदानों की उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दलों को झारखंड में जनाधार बढ़ाने का मौका नहीं देना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुरारी गुप्ता, प्रदीप प्रकाश, बासुदेव महतो, विशाल साहू और अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने सदानों के अधिकारों की लड़ाई में एकजुट होने और राजनीतिक दलों से अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की।

## महत्वपूर्ण खबरें

### झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर संघ ने राजभवन के समीप दिया महाधरना



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर संघ द्वारा रविवार को राजभवन के समीप महाधरना का आयोजन किये गये। इसमें सभी विभाग अंतर्गत सचिवालय एवं संगलन कार्यालय के साथ ही साथ राज्य के 5 प्रमंडलीय कार्यालय एवं 24 जिले के समाहरणालय, अनुमंडल, प्रखंड, अंचल एवं अन्य क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत समस्त आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर के प्रतिनिधिगण शामिल हुए। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नसीम अहमद एवं प्रदेश सचिव अमित कुमार पांडेय ने बताया की संघ द्वारा कई बार मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, वित सचिव, आइटी सचिव, जैप आईटी सहित कई जगहों पर अपनी मात्र चार सूत्री मांग पत्र को दिया, परंतु अब तक कोई समाधान नहीं निकला। वही सरकार द्वारा सम्यक कदम नहीं उठाये जाने की स्तिथि मे संघ द्वारा रविवार को राजभवन के समीप महाधरना का आयोजन किया गया। वही संघ द्वारा 17 सितंबर को राज्य के सभी 24 जिलों मे एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जायेगा। साथ ही यदि सरकार उपयुक्त मांगों पर शीघ्र सम्यक विचार नहीं करती है, तो संघ बाध्य होकर अंतिम विकल्प के तौर पर आंदोलन को आगे बढ़ते हुए हड़ताल सामूहिक अवकाश आदि का भी निर्णय ले सकती है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष नसीम अहमद प्रदेश, प्रदेश उपाध्यक्ष मो अशफाक आलम, प्रदेश सचिव अमित कुमार पांडेय,प्रदेश महामंत्री सुनील कुमार, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष खुर्शीद आलम,मीडिया प्रभारी इरशाद अहमद, मो नदीम अंसारी, सुनील कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### 167वां नि:शुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्रीकृष्ण प्रणामी परिवार के द्वारा रविवार को 167वें नि:शुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में 900 श्रद्धालु परिवार के सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन स्व. दुर्गा देवी की स्मृति में उनके पति मुरलीधर प्रसाद और श्री कृष्ण परिवार के सदस्यों एवं गुरु महाराज के शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक विशाल जालान सह-संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी की देखरेख मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ के द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। इस कार्य में उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान, पुर्णमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, मनीष सोनी, बिष्णु सोनी, चंद्रदिप साहू, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, महेश वर्मा महिला मंडल की सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाडिया, अमिता जालान, रेखा पोद्दार उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### सीसीएल ढोरी क्षेत्र में जनकल्याण योजनाओं का शिलान्यास

बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड के पिछरी (द) पंचायत में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के ढोरी क्षेत्र द्वारा आयोजित एक भव्य शिलान्यास कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सीसीएल की सीएसआर पहल के तहत 150 सोलर लालटेन और जूट बैग वितरित किए गए। इसके अलावा, 500 से अधिक लोगों ने स्वच्छता ही सेवा की शपथ ली। इस कार्यक्रम में रु. 3.63 करोड़ की लागत से पिछरी (द.) पंचायत के तहत बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया, जिनमें करनडीह में पार्क का निर्माण, पेंडरा तालाब का सौंदर्यीकरण, आधुनिक सुविधा युक्त विवाह मंडप का निर्माण और पिछरी (द.) के विभिन्न वार्डों में 15 सोलर हाई मास्ट लाइट्स की स्थापना शामिल हैं। ग्रामीणों ने सीसीएल के इस पहल के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह परियोजनाएं समुदाय को सशक्त बनाने, सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, और स्थिरता को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। इस अवसर पर हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), एस. एस. लाल, मप्र (एसडी और सीएसआर), रंजय सिन्हा, महाप्रबंधक, धोरी क्षेत्र सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं बेरमो विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, पिछरी (द.) की मुखिया प्रमिला देवी, जिला परिषद सदस्य अशोक मुर्मू, सामाजिक कार्यकर्ता देवीदास, यूनियन प्रतिनिधि जवाहर यादव, कैलाश ठाकुर, भीम महतो और धोरी क्षेत्र के विभिन्न विभागाध्यक्ष और परियोजना अधिकारी मौजूद थे।

### वैश्य चौधरी कल्याण समिति रांची झारखंड की आमसभा और चुनाव संपन्न



रांची (आजाद सिपाही)। वैश्य चौधरी कल्याण समिति रांची झारखंड ने रविवार को अपनी आमसभा और चुनाव का आयोजन सफलतापूर्वक किया। इस कार्यक्रम में भाजपा हटिया विधायक नवीन जायसवाल, भाजपा वरिष्ठ नेता संजय कुमार जायसवाल और कांग्रेस वरिष्ठ नेता आदित्य विक्रम जायसवाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। चुनाव में पुतुल कुमार चौधरी को अध्यक्ष, ओम प्रकाश चौधरी और परमानन्द चौधरी को उपाध्यक्ष, विनोद कुमार जायसवाल को महासचिव, इन्द्रजीत चौधरी और अनिल चौधरी को सचिव और ओम प्रकाश चौधरी को कोषाध्यक्ष चुना गया। समिति ने अपने संस्थापक सदस्यों का भी चयन किया, जिनमें नवीन जायसवाल, संजय कुमार जायसवाल, आदित्य विक्रम जायसवाल और अन्य शामिल हैं। कार्यक्रम में समिति के पूर्व संस्थापक सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गयी और नये पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गयी।

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से एक बंदी हुआ रिहा

रांची (आजाद सिपाही)। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से रविवार को एक बंदी रिहा हुआ। झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार जेल अदालत का आयोजन किया गया था। यह आयोजन डालसा सचिव कमलेश बेहरा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित्त बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में संसीमित आठ बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था, जिसमें वादों का निष्पादन करते हुए एक बंदी को दोष स्वीकार के बाद जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा से मुक्त किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.4 °c | 21.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.52 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.35 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# परिवर्तन महारैली में भारी बारिश के बीच जम कर बरसे भाजपा नेता



सभी फोटो- प्रदीप ठाकुर

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर के बिस्टूपुर गोपाल मैदान में रविवार को परिवर्तन महारैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंच पर आते ही पूरा सभास्थल मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान रहा। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पीएम नरेंद्र मोदी का अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। पीएम मोदी के साथ ही क्रमश : भाजपा के वरीय नेताओं ने भी परिवर्तन महारैली को संबोधित किया।

## लेन-देन की सरकार बन गयी है गठबंधन सरकार : शिवराज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इतनी मूसलाधार बारिश में भी आप सभी जनता अपने प्रधानमंत्री को देखने एवं सुनने आये हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आपसे मिलने 130 किमी की यात्रा सड़क मार्ग से करके पहुंचे हैं। पीएम मोदी झामुमो- कांग्रेस की हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाने आये हैं। ये सरकार लेन-देन की सरकार हो गयी है। हर चीज यहां बिकती है बस खरीदने वाला चाहिए। शिवराज सिंह ने कहा कि जेएमएम में जे का मतलब जुर्म, माफिया, म से मर्डर माफिया एवं म से मनी माफिया। यहां की सत्ताधारी नेताओं के यहां से करोड़ों रुपये निकल रहे हैं और ये जनता का पैसा बेशर्मी से लूटकर खाने वालों की सरकार को उखाड़ फेंकना है। ऐसा कब हुआ है कि 3 महीने के अंदर 40 लाख मकान स्वीकृत कर दिये गये और 3 करोड़ मकान के लिए राशि स्वीकृत कर दी गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि अब कोई गरीब कच्ची छत के नीचे नहीं रहेगा। पीएम मोदी गरीबों को सिर्फ घर नहीं दे रहे बल्कि आत्म सम्मान से जिदंगी जीने का अवसर भी दे रहे हैं। मोदी प्रधानमंत्री से पहले आपके परिवार के सदस्य हैं इसीलिए उन्हें सदैव जनता और गरीबों के कल्याण की चिंता रहती है।

### चुनाव नजदीक है, तो एक हजार का लॉलीपॉप पकड़ा रहे हैं हेमंत सोरेन

## पहले 72 हजार का हिसाब दीजिए: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** रविवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में बाबूलाल मरांडी ने भी परिवर्तन रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में कुछ दिनों के बाद चुनाव है। इस राज्य में पांच वर्षों तक झामुमो के नेतृत्व में, कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार चल रही है। लेकिन पांच वर्षों में हेमंत सोरेन ने क्या किया, ये उनको जवाब देना होगा। आज जब चुनाव नजदीक है, तो हजार रुपया का लॉलीपॉप पकड़ा रहे। हमने कहा कि हेमंत सोरेन जी अगर आपके मन में यहां की मां बहनों के प्रति तकलीफ होती, तो आप उन्हें 72-72 हजार रुपये दे देते एक बार, तब हम भी आपको माला पहनाते। पांच साल पूरा हो गया, लेकिर 72 हजार नहीं मिला। उन्होंने कहा था कि वृद्ध लोगों को, विधवा को 2500 रुपये पेंशन देंगे। लेकिन आज तक किसी को वह पेंशन नहीं मिली। आपने कहा था कि नवविवाहिता महिलाओं को सोने का सिक्का देंगे, लेकिन आपने किसी को सिक्का नहीं दिया। आपने धोखा दिया। आपने कहा था कि मां बहनों को चूल्हा खर्च 2000 रुपये देंगे। मां-बहनें इंतजार कर रही हैं। ये पांच वर्षों का हिसाब करके आपको उन्हें देना चाहिए था। आपने नौजवानों से भी वादा किया था, लेकिन पांच लाख लोगों को नौकरी नहीं दी।

आपने कहा था कि हम शिबू सोरेन के बेटे हैं। अगर पांच लाख लोगों को नौकरी नहीं देंगे, तो हम राजनीति से संन्यास ले लेंगे। आपने तो संन्यास लिया नहीं। लेकिन झारखंड की जनता इस बार आपको जरूर संन्यास दिला देगी। इन्होंने कहा था कि रोजगार नहीं देंगे, तो बेरोजगारी भत्ता देंगे। पांच साल गुजर गया आपने एक को भी भत्ता नहीं दिया। आपने पेट्रोल पर सब्सिडी भी नहीं दी। आपने कहा था कि झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों को 25 करोड़ तक का ठीका हम देंगे, लेकिन वह घोषणा ही रह गयी। इसलिए मैं कह रहा हूं कि हेमंत सोरेन जी आपको पांच साल का जवाब देना होगा। आप मोरहाबादी मैदान में बीच में आकर लोगों से क्षमा मांगिए। अभी भी आप ठग रहे हैं। अगर आपको एक हजार ही बहनों को देना था, तो एक साल पहले से देते, लेकिन आप जब दो महीना बचा है, तब आप एक हजार दे रहे हैं। झारखंड में मां-बहनें सुरक्षित नहीं है। मां बहन यहां की सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। विकास का काम रूका हुआ है। ये लोग काम के लिए नहीं, कमाने के लिए सत्ता में बैठे हैं। पूरे पांच वर्षों में इन्होंने झारखंड को दलालों के, बिचौलियों के हवाले कर दिया। भ्रष्ट अफसरों के हवाले कर दिया। बालू, पत्थर, जमीन की लूट हो रही है। 1932 खतियान की बात ये करते हैं, लेकिन 1932 की खतियान के साथ फर्जीवाड़ा करके आदिवासियों की जमीन को बेचा गया है। इसलिए हमने हेमंत सोरेन से बार-बार कहा है कि अगर आप चाहते हैं कि वास्तव में जल, जंगल, जमीन की रक्षा करेंगे तो ये जो फर्जीवाड़ा हुआ है, उसकी सीबीआइ जांच करवायें, ताकि यहां के आदिवासियों की जमीन को बचाया जा सके।

बाबूलाल ने कहा क आज तो चंपाई दादा बता रहे थे कि किस तरह से यहां के आदिवासियों की जनसंख्या में कमी आयी है। संथाल परगना में और हालत खराब है। इसके लिए कौन जिम्मेवार है। झारखंड सरकार कहती है कि कोई घुसपैठ नहीं हुई है। आप सचमुच में झारखंड में आदिवासियों को बचाना चाहते हैं, आदिवासियों की जमीन को बचाना चाहते हैं, आदिवासियों की बेटी को बचाना चाहते हैं, तो आप सर्वे कराइए, एनआरसी लागू कराइए, ताकि इस प्रदेश के आदिवासी को बचाया जा सके। भाजपा इस झारखंड की चिंता करती है। आदिवासियों की चिंता करती है। झारखंड राज्य का आंदोलन कब से चल रहा था, जब देश अलग हुआ तब से ही। इस देश में कांग्रेस पार्टी ने 55-60 वर्षों तक राज किया। लेकिन कभी भी यहां के लोगों की मांग को सम्मान नहीं दिया। भाजपा ने कहा था कि हमारी सरकार केंद्र में बनेगी, तो हम अलग झारखंड बनायेंगे। अब याद करिए 1999 में अटल बिहारी बाजपेयी जी प्रधानमंत्री बने, तो अलग राज्य 15 नवंबर 2000 को बना दिया। अटल बिहार बाजपेयी ने संथाली भाषा को संविधान की आंठवी सूची में शामिल किया। पीएम मोदी ने आदिवासियों को सम्मान दिया है। द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर बैठाया। विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाया। मैं कहने आया हूं कि जो पार्टी ने इस देश को लूटा है, वो है कांग्रेस पार्टी। अटल जी ने गांव-गांव तक सड़क पहुंचा दिया। पहले अटल जी ने और आज पीएम मोदी झारखंड को संवार रहे हैं।

## घुसपैठिये कब्जा कर रहे, आंख पर पट्टी बांधे है हेमंत सरकार : हिमंता बिस्वा सरमा



असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने भी राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि बंगलादेशी घुसपैठियों से पूरा संथाल सहित कोल्हान एवं समस्त झारखंड परेशान है और बदले डेमोग्राफी से सभी का भविष्य चिंतित है। घुसपैठिये झारखंड के आदिवासियों एवं मूलवासियों के संसाधन जल, जंगल एवं जमीन को अपने कब्जे में ले रहे हैं फिर भी हाइकोर्ट के आदेश के बाद भी हेमंत सोरेन की सरकार वोट बैंक के लिए आंखों पर पट्टी बांध रखी है एवं संरक्षण देकर वोट के लिए झारखंड में बसा रही है।

हिमंता बिस्वा सरमा जब भाषण दे रहे थे, तो उन्होंने लोगों से पूछा कि इसबार कोल्हान की 14 में से कितनी सीटें मिलेंगी। भीड़ का जवाब मिला सभी 14 सीटें भाजपा जीतेगी।

## परिवर्तन के लिए कृत संकल्पित है जनता : अन्नपूर्णा देवी



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इतनी भारी बारिश में भी इतनी बड़ी तादाद में आयी जनता झामुमो- कांग्रेस के महागठबंधन वाली भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए एवं परिवर्तन के लिए कृत संकल्पित है। झारखंड की वर्तमान भ्रष्ट एवं निक्कमी, दलालों एवं बिचैलियों की सरकार से झारखंड को मुक्त करा कर परिवर्तन लाने का संकल्प हम सभी को यहां गोपाल मैदान से लेके जाना है। झारखंड मोदी के लिए एक राज्य नहीं है झारखंड पीएम मोदी के दिल में बसता है इसलिए ही इतनी लंबी सड़क यात्रा करके मोदी हम सभी से मिलने आये।

## हेमंत सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया, अब इस्तीफा दें मुख्यमंत्री: बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने रविवार को जमशेदपुर में पीएम नरेंद्र मोदी के आगमन पर आयोजित सभा में कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने से पहले कहा था कि वे शिबू सोरेन के बेटे हैं और जनता से वादा करते हैं कि सरकार बनते ही पांच लाख नौकरियां देंगे। नहीं तो इस्तीफा दे देंगे। साथ ही कहा था कि बेरोजगार युवकों को पांच से सात हजार रुपया बेरोजगारी भत्ता भी देंगे। लेकिन सोरेन ने ये वादे पूरे नहीं किये। आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन ने शिबू सोरेन का नाम लेकर यहां के आदिवासी समाज को ठगने का काम किया। बाउरी ने कहा कि अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार सीएम हेमंत को अब इस्तीफा दे देना चाहिए। कहा कि इस गुंगी और बहरी सरकार को उखाड़ फेंकना है। कहा कि इस सरकार को हटाने के लिए यहां परिवर्तन की बयार दिखायी देने लगी है। बाउरी ने कहा कि जिस कीचड़ और कादो में यहां की जनता पीएम मोदी का भाषण सुनने आयी है, जिस कीचड़ में जनता खड़ी है, उसी कीचड़ में कमल खिलता है। कहा कि झारखंड में कमल खिलेगा और बीजेपी की सरकार बनेगी। यही इस सभा में दिखायी दे रहा है।

## कांग्रेस ने आदिवासियों के सम्मान को कुचला, बीजेपी ही झारखंडियों की अस्मिता बचा सकती है: चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** रविवार को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में भाजपा की परिवर्तन रैली को पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने भी संबोधित किया। चंपाई सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा है कि झारखंड में कांग्रेस ने कभी भी आदिवासियों के हित के लिए नहीं सोचा। झारखंड अलग राज्य में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अग्रिम भूमिका निभायी। कांग्रेस ने यहां के आदिवासी मूलवासी के सम्मान को कुचला है। भाजपा ही झारखंड की आदिवसियों की अस्मिता बचा सकती है। संथाल परगना में बंगलादेशी घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा बन गया है। आदिवसियों के हकों को मारा जा रहा है। केवल भारतीय जनता पार्टी ही बंगलादेशी घुसपैठ को खत्म कर सकती है। इसलिए हमने सोचा कि झारखंड के आदिवासियों के अस्तित्व को बचाना है, झारखंड का विकास करना है, तो भारतीय जनता पार्टी में रह कर ही हो सकता है। इसलिए मैं बीजेपी परिवार में शामिल हुआ हूं।

## चुनावी योजना लायी है हेमंत सरकार : अर्जुन मुंडा



पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जो झारखंड के आदिवासियों को उचित मान सम्मान के साथ हक व अधिकार देने का कार्य कर सकती है। उन्होंने कहा कि अपने पांच साल को झारखंड को लूटने और बर्बाद करने में गंवाने वाली हेमंत सोरेन सरकार सिर्फ चुनाव और जनता के आक्रोश को देखते हुए चुनावी योजना लायी है। अगर उन्हें वास्तव में गरीब जनता और माताओं-बहनों की चिंता होती तो मात्र 2 महीने के लिए नहीं बल्कि 1 साल पहले ऐसी योजना लाते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने एक आदिवासी बेटी को महामहिम द्रौपदी मुर्मू बनाकर सभी जनजातियों का सम्मान किया।

## आतंक का अंत अब होनेवाला है : विद्युत वरण महतो



सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार के आतंक का अंत अब होने वाला है। पिछले पांच साल में कोई ऐसा सगा नही बचा है जिसे हेमंत सरकार ने ठगा नही है। आज राज्य का युवा, महिला, किसान, मजदूर, बुजुर्ग, दलित, आदिवासी, पिछड़ा समाज सभी लोग खुदको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। परिवर्तन महारैली से कोल्हान और झारखंड की जनता ने परिवर्तन का शंखनाद कर दिया है। परिवर्तन महारैली में मंच संचालन पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने किया।

इस दौरान मंच पर झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, शैलेंद्र महतो, आभा महतो, गीता कोड़ा, बारी मुर्मू, मेनका सरदार, बड़कुंवर गागराई, लक्ष्मण टुडू, अनंत राम टुडू, शशि भूषण सामड़, नारायण चंदेल, भावना बोहरा, गुरुचरण नायक, मंगल सिंह सोय, अरविंद सिंह, जवाहर बानरा, जेबी तुबिद, नंदजी प्रसाद, सुधांशु ओझा, अभय सिंह, चंडीचरण साव, उदय सिंहदेव, संजू पांडेय, चामी मुर्मू, जानुम सिंह सोय, छुटनी महतो, पूर्णिमा महतो, जमुना टुडू, बाबूलाल सोरेन, देवेंद्र सिंह, मोचीराम बाउरी, भूषण पिंगुआ, गीता बालमुचू, अजय साहा, लखन मार्डी, रमेश हांसदा, गणेश महाली मौजूद रहे।






### प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर झामुमो महासचिव ने निशाना साधा

# पीएम ने कोल रॉयल्टी के बकाया के मुद्दे पर बात नहीं की : सुप्रियो भट्टाचार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमशेदपुर आये। पहले से तय था कि वे यहां से छह वंदे मातरम ट्रेनों की शुरुआत करेंगे और झारखंड को कुछ बड़ी सौगात देंगे। सुप्रियो ने कहा कि हमें भरोसा था कि इसके साथ वे राज्य का केंद्र सरकार पर कोल रॉयल्टी का बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ रुपये का भुगतान की घोषणा भी करेंगे, लेकिन इन मुद्दों पर उन्होंने कोई बात ही नहीं की। उल्टा उन्होंने डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट की बात की। कहा, ये सिर्फ झारखंड के लिए नहीं है। ये देश के उन सभी राज्यों के जिलों के लिए है, जहां माइंस और मिनरल्स हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन जिलों से जो रॉयल्टी आती थी,



उसका सिर्फ नाम बदल कर डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फाउंडेशन ट्रस्ट कर दिया। ये कोई बहुत चमत्कार की बात नहीं थी, जिसकी चर्चा की गयी।

दूसरी बड़ी बात उन्होंने ये कही कि पीएम आवास योजना को फिर से शुरू करेंगे। सुप्रियो ने कहा, आपको याद होगा कि 2014 और 2019 में वो बार-बार कहते थे कि 2022 तक देश के हर व्यक्ति का अपना घर होगा। इसका वादा वो 2014 और 2019 के चुनाव में बार-बार करते थे, लेकिन सच्चाई में क्या हुआ। वित्तीय वर्ष 21-22 में उन्होंने पीएम आवास योजना को ही बंद कर दिया। तब झारखंड सरकार ने अपने सीमित संसाधन से अबुआ आवास योजना की शुरुआत की। इस दायित्व को हमने पूरा किया। सुप्रियो ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह से हताश दिखे। मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत में पोटो हो का नाम लिया। इससे पहले पीएम मोदी ने कभी पोटो हो का नाम नहीं लिया था, जबकि वे 2012 से झारखंड आ रहे हैं। चूंकि, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पोटो हो के नाम से युवा वर्ग के लिए योजना की शुरुआत की, तो मोदी को भी पोटो हो का ख्याल आया। उन्होंने कहा कि हेमंत ने पोटो हो के नाम से ग्रामीण खेल योजना की शुरुआत की, लेकिन इससे पहले प्रधानमंत्री या भाजपा के किसी नेता के मुंह से इस महान क्रांतिकारी और शहीद का नाम नहीं सुना गया। उन्होंने कहा कि जब वो संथाल जाते हैं तो फूलो झानो के नाम से हमारी योजना के माध्यम से वे इन वीर क्रांतिकारी संथाली महिलाओं से परिचित होते हैं। उन्होंने कहा कि इनको झारखंड के प्रतीकों के बारे में जानकारी ही नहीं थी।

# पीएम मोदी के जमशेदपुर के कार्यक्रम ने जेपी आंदोलन की याद ताजा करा दी: दीपक प्रकाश

**कहा- बांग्लादेशी घुसपैठियों ने संथाल परगना की डेमोग्राफी को बदल दिया है**

**साढ़े चार साल पहले मंईयां योजना की शुरुआत क्यों नहीं की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर के गोपाल मैदान में भारी बारिश के बावजूद पीएम मोदी को देखने और सुनने को उमड़ी भीड़ को देखते हुए भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने इस कार्यक्रम की तुलना 1974 के सत्ता परिवर्तन के जेपी आंदोलन से करते हुए कहा कि आज नरेंद्र मोदी को सुनने इतनी भारी बारिश में कोल्हान की जनता जिस तादाद में उमड़ पड़ी, इसे देखते हुए मैं कह सकता हूं कि जिस प्रकार से इंदिरा गांधी सरकार की तानाशाही और निरंकुशता से तंग आकर देश की जनता सत्ता परिवर्तन के लिए आतुर थी और भारी बारिश होने के बावजूद भी जेपी जी को सुनने भीड़ उमड़ी थी। ठीक उसी प्रकार से झारखंड के कोल्हान में भी वही



दृश्य मोदी के कार्यक्रम में देखने को मिला। झारखंड की भी जनता हेमंत सोरेन सरकार के झूठ, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की नीति से तंग आ चुकी है।

श्री प्रकाश ने कहा कि परिवर्तन रैली की भीड़ को देख कर यह आभास हो गया है कि राज्य की जनता हेमंत सरकार जो जनता को झूठे वादे कर और झूठे सपने दिखा कर सत्ता में आयी थी, उसे अब उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। यह सरकार ने राज्य की आदिवासी, दलित, महिला, किसान और युवाओं को सब्जबाग दिखा कर उनसे वोट लेने का काम किया था। लेकिन सत्ता हासिल होते ही यह सरकार दलालों और विचौलियों के माध्यम से राज्य की खनिज संपदाओं को लूटने में व्यस्त हो गयी। वोट बैंक बनाने की खातिर तुष्टिकरण की नीति पर काम करने लगी। राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों ने संथाल परगना की डेमोग्राफी को बदल दिया है। राज्य की हेमंत सोरेन सरकार सब कुछ जानते हुए भी चुप है। बांग्लादेशी घुसपैठिये राज्य की आदिवासी और दलित बहनों को लव जिहाद में फंसा कर उनसे विवाह कर रहे हैं और उनकी जमीन हड़प रहे हैं। संथाल में आदिवासियों की जनसंख्या में भारी कमी आ गयी है। आने वाले समय में संथाल में आदिवासी खोजने से भी नहीं मिलेंगे।

श्री प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार की गलत नीति के कारण उत्पाद सिपाही भर्ती में राज्य के होनहार युवक एवं युवतियों अपनी जान गवां चुके हैं। राज्य सरकार नौकरी नहीं बल्कि मौत बांट रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव से ठीक पहले मंईयां योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रुपये दे रहे हैं। अगर हेमंत सोरेन राज्य की महिलाओं के प्रति इतनी ही सहानुभूति रखते हैं तो फिर साढ़े

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

**मेष** आज का दिन अनुकूल है,जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**वृष** राजनीतिक लाभ,कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** इच्छित कार्य सफल होगा, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

**कर्क** शुभ कार्य का सम्पादन करेंगे, सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा, उद्योग-व्यापार में सफलता।

**सिंह** सामाजिक सम्पर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं,आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।

**कन्या** नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, धनागम के अवसर बढ़ेंगे।

**तुला** विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**वृश्चिक** राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**धनु** आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# कांग्रेस-झामुमो के कारण बिहार विस से झारखंड अलग राज्य का विधेयक पारित हुआ था: कमलेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जमशेदपुर में झारखंड को लेकर दिये गये भाषण पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड के मामले में पीएम मोदी को जानकारी रखनी चाहिए। उन्होंने अलग राज्य के लिए हुए संघर्ष की कहानी याद नहीं की। न जाने कितने लोगों की कुर्बानियों के बाद झारखंड राज्य अलग हुआ।

**कांग्रेस ने विधेयक को पारित कराने का काम किया था :** झारखंड राज्य के गठन के लिए



कांग्रेस के 13 मंत्रियों ने तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के इशारे पर अपना पद त्याग कर झारखंड निर्माण में अहम भूमिका निभायी थी। कहा कि कांग्रेस और झामुमो के दबाव में बिहार विधानसभा से झारखंड अलग राज्य विधेयक पारित किया गया, जिसके फलस्वरूप झारखंड निर्माण का रास्ता साफ हुआ। लोकसभा में राज्य गठन विधेयक को पूर्ण समर्थन देते हुए राज्यसभा में बहुमत वाली कांग्रेस ने विधेयक को पारित कराने का काम किया था।

**सरना धर्म कोड को मोदी ने ठंडे बस्ते में डाल दिया :** कमलेश ने कहा कि झारखंड में आकर ही उन्हें (पीएम) आदिवासी हितों की याद आती है। झारखंड विधानसभा से सरना धर्म कोड पारित कराया गया है, परंतु प्रधानमंत्री मोदी ने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया है। नये संसद भवन का उद्घाटन हो या राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का मामला हो, आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान मोदी ने समय-समय पर किया है।

**मोदी को भ्रष्टाचार पर बोलने का हक नहीं :** केशव महतो कमलेश ने कहा कि भ्रष्टाचार पर बात करने से पहले मोदी जी को लोकसभा चुनाव परिणाम का आकलन करना चाहिए। इलेक्टोरल बांड के जरिए देश की अनेक कंपनियों से भाजपा की चंदा उगाही का सच जनता से छुपा हुआ नहीं है। उन कंपनियों को किस तरह से लाभ पहुंचाया गया, यह भी छुपा नहीं है।

# पासवा प्राइवेट स्कूल, सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित करेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शिक्षक दिवस के मौके पर पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा प्राइवेट स्कूल, सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित करेगा। पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में, राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने जानकारी दी। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि संगठन 22 सितंबर को रांची विश्वविद्यालय में एक राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन करेगा। दीक्षांत मंडप रांची विश्वविद्यालय रांची मोरहाबादी कैंपस में इस कार्यक्रम में, 3000 से अधिक शिक्षकों को उनके अतुलनीय योगदान के लिए



सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम उद्घाटन भाषण देंगे, जबकि वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और डीएवी डायरेक्टर एलआर सैनी विशिष्ट अतिथि होंगे। पासवा ने शिक्षकों के पंजीकरण के लिए व्हाट्सएप नंबर और इमेल आइडी जारी किये हैं। 19 सितंबर तक पंजीकरण किया जा सकता है। व्हाट्सएप नंबर 9431109538, 8210318387 , 9431114487, 7903714760 , 8340510144 जारी किया। इस मौके पर राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता, मेंहुल दुबे, अनिकेत कुमार, रिया कुमारी, स्मृति भारती, फैजान रजा, खालिद रजा, मोहम्मद कैफ, जाकिया आलिया, जाबिर रजा, आसमां परवीन भी उपस्थित थे।

## पीएम की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम का डीजीपी ने खुद संभाली कमान

रांची (आजाद सिपाही)। पीएम नरेंद्र मोदी जमशेदपुर में जनसभा को संबोधित करने सड़क मार्ग से गये और आये भी। इस दौरान रांची एयरपोर्ट से जमशेदपुर तक सड़क पुलिस छावनी में तब्दील रही। पीएम के सड़क मार्ग से निकलने को लेकर केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ रांची, सरायकेला और जमशेदपुर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर रही। रांची से लेकर जमशेदपुर तक सभी इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। पीएम के आने जाने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई चूक नहीं हो इसको लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता सुरक्षा व्यवस्था की कमान खुद संभाले थे। डीजीपी की अगुवाई में एडीजी सहित कई अन्य पुलिस अधिकारी खुद रांची से जमशेदपुर तक फिर जमशेदपुर से रांची तक गये।

हर जगह पुलिस के अधिकारी और जवान थे अलर्ट : पीएम मोदी के सड़क मार्ग से जमशेदपुर जाने की सूचना के बाद से ही रांची, सरायकेला और जमशेदपुर पुलिस अलर्ट मोड पर आ गयी। रांची के नामकुम, बुंडू और तमाड़, वहीं सरायकेला के चौका और चांडिल पुलिस ने केंद्रीय बलों के साथ हर तरफ पेट्रोलिंग बढ़ा दी। चांडिल के आगे जमशेदपुर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में रही। रांची से लेकर जमशेदपुर तक सड़क पर हर जगह पुलिस के अधिकारी और जवान अलर्ट दिखे। पीएम के काफिले को वापस लौटने तक जवान डटे रहे।

# अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की वेबसाइट मेंबरशिप ड्राइव लॉन्च

**अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के 40वां स्थापना दिवस नारी शक्ति संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की रांची महानगर एवं रांची ग्रामीण महिला कांग्रेस कमेटी की संयुक्त तत्वावधान में रविवार को कांग्रेस भवन, रांची में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस के 40वां स्थापना दिवस के अवसर पर नारी शक्ति संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो




कमलेश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस विधायक दल के नेता व वित्त मंत्री माननीय डॉ रामेश्वर उरांव, स्क्रीनिंग कमेटी की सदस्य पूनम पासवान, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय पर्यवेक्षक फौजिया राणा उपस्थित थे।

झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का पुष्पगुच्छ तथा राष्ट्रीय पर्यवेक्षक फौजिया राणा को अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी, जिन्होंने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की स्थापना कर नारी शक्ति को जो सम्मान दिया, उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का वेबसाइट मेंबरशिप ड्राइव लॉन्च किया गया।

कार्यक्रम का संचालन रांची महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीतू देवी एवं कार्यक्रम का समापन रॉंची ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष मेरी तिर्की ने किया। मेंबरशिप ड्राईव के पार्टी की नीति, सिद्धांतों एवं विचारधारा से प्रेरित होकर हजारों सामाजिक महिला कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने बैठक में बताया कि मेंबरशिप ड्राइव राज्य के सभी जिलों में लांच किया जा रहा है। कार्यक्रम सीमा सीता एक्का, सुंदरी तिर्की, पिंकी सिंह, कंचन चौधरी, अनिता सिन्हा, प्रिति सहाय, सीमा साहू, परनीति सिंह, संगीता टोप्पो, शहनाज खातून, दिव्या उरांव, मिनू सिंह, सेलिन जया एक्का, रोज मधु, हीरा मिंज, इंदिरा देवी थीं।

# पुराना विधानसभा मैदान में पंडाल का निर्माण रोके जाने के बाद पुलिस बल की तैनाती, समिति ने किया विरोध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रविवार को पुराना विधानसभा मैदान में बन रहे श्रीराम लला पूजा समिति के पंडाल निर्माण कार्य को पुलिस ने रोक दिया है और वहां पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पंडाल का निर्माण कार्य पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इधर, पंडाल का काम रोके जाने पर श्री रामलला पूजा समिति ने लोगों से आग्रह किया है कि वे निर्माण कार्य रोके जाने पर विरोध दर्ज करायें। समिति के अशोक चौधरी (अध्यक्ष) और कुणाल आजमानी (सचिव) ने लोगों से निवेदन किया है।



**हिंदू जागरण मंच आया समर्थन में :** श्री रामलला दुर्गा पूजा समिति, में विगत कुछ दिनों से प्रशासन द्वारा कार्य में रोक लगाया जा रहा है और कारण नहीं बताया जा रहा है। इस विषय को लेकर रविवार को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता वहां पहुंच कर वस्तु स्तिथि को जाना और समिति के लोगों को हर परिस्थिति में हर संभव मदद का वचन दिया। हिंदू जागरण मंच के महानगर अध्यक्ष निशांत चौहान ने कहा, बिना किसी कारण के पंडाल निर्माण पर रोक लगाना सनातनियों के आस्था पर प्रहार है, पूजा किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगी और आने वाले समय में समिति और रांची जिला दुर्गा पूजा समिति जो भी निर्णय लेगी हिंदू जागरण मंच की पूरी टीम इस परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। मौके पर मंच के निशांत चौहान, आशुतोष पांडेय, कुशाग्र सिंह, चंदन, सत्या, रवि और अंकित मौजूद थे।

# पद्मा/करमा की चांदनी एकादशी को श्री श्याम मंदिर में विशेष पूजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मंदिर, हरमू रोड, रांची में रविवार को भाद्रपद की पद्मा/करमा की चांदनी एकादशी के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष श्रृंगार, पूजा-अर्चना, भजन-संकीर्तन और अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये। मंदिर के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि चांदनी एकादशी उत्सव की तैयारी प्रारंभ करके संध्या वेला में खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर फूलमालाओं से सजाया गया। मंदिर में विराजमान हनुमानजी, शिव परिवार, लड्डूगोपालजी, शालिग्रामजी, गरुड़जी का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9:30 बजे श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में मुख्य समारोह प्रारम्भ हुआ। इसमें अखंड पावन दिव्य ज्योत प्रज्वल्लित करने, पंचमेवा, रबड़ी, नारियल, मगही पान आदि का भोग अर्पित करने के बाद अखंड ज्योत में आहुति देने के लिए भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गयी। इसके अलावा, मंगलवार को श्री सुंदरकांड पाठ और श्री शालिग्राम पूजन व श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन होगा।

## 27वें एक्सपो उत्सव 2024 : सांसद महुआ माजी ने ब्रोशर और पोस्टर किया जारी

# अफगानिस्तान, थाइलैंड, दुबई के स्टॉल होंगे आकर्षण का केंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का सबसे बड़ा कंज्यूमर फेयर, एक्सपो उत्सव 2024 अपने 27वें संस्करण के लिए पूरी तरह तैयार है। इस भव्य आयोजन का ब्रोशर और पोस्टर रविवार को लालपुर स्थित एक होटल में जारी किया गया। इस मौके पर जेसीआइ रांची के प्रमुख पदाधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों ने एक्सपो के विभिन्न आकर्षणों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद महुआ माजी थीं। उन्होंने एक्सपो उत्सव के लगातार सफल आयोजन के लिए जेसीआइ रांची के सभी सदस्यों और आयोजन समिति की सराहना की। कहा कि यह सिर्फ एक कंज्यूमर फेयर नहीं है, बल्कि यह छोटे और नए उद्यमियों को अपने उत्पाद और




प्रतिभा को एक बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर भी देता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एक्सपो की शुरूआत छोटे टाउन हॉल से हुई थी और आज यह आयोजन बड़े मोराबादी मैदान में हो रहा है। उनके अनुसार, एक्सपो अब झारखंड का चेहरा बन चुका है, क्योंकि इसमें विभिन्न राज्यों और कुछ विदेशी प्रतिभागी भी शामिल होते हैं। यह वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है।

इस वर्ष के एक्सपो उत्सव 2024 में कई प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं। इनमें मारुति, एलजी, डाइकिन, एचपी, लेनोवो, पॉलीकैब, सीपी प्लस जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इसके अलावा, अफगानिस्तान, थाईलैंड, तुर्की, दुबई और अन्य देशों के स्टॉल धारक भी इस फेयर में भाग लेंगे जिससे इसे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन बना दिया गया है।

इस बार एक्सपो में 350 से अधिक स्टॉल होंगे, जिनमें से 90% से अधिक स्टॉल पहले ही बुक हो चुके हैं। आगंतुकों के लिए स्टॉल धारक 5% से लेकर 50% तक की छूट देंगे जिससे लोग एक ही स्थान पर कई बड़े ब्रांड्स का लाभ उठा सकेंगे।

इस साल के एक्सपो में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए मनोरंजन की विशेष व्यवस्था की गयी है। बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क, महिलाओं और लड़कियों के लिए एक खास पिंक हैंगर, और घरेलू सामान, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे तमाम उत्पादों के स्टॉल होंगे। हर साल की तरह इस बार भी ऑटो जोन होगा, जहां नयी गाड़ियों की प्रदर्शनी और बिक्री होगी। खाने-पीने के शौकीनों के लिए एक भव्य फूड जोन होगा जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन उपलब्ध होंगे।

एक्सपो उत्सव 2024 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मोराबादी मैदान में आयोजित होगा। पूरे परिवार के लिए मनोरंजन और खरीदारी का एक शानदार मौका भी इससे मिलेगा। लोग इस कंज्यूमर फेयर का आनंद उठा सकते हैं। कई प्रमुख ब्रांड्स के उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे।

# तमाड़ प्रखंड के मानकीडीह पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, बच्चे हाई स्कूल की पढ़ाई नहीं कर पाते

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के मानकीडीह पंचायत क्षेत्र के लोगों का जनजीवन आजादी के बाद भी आज तक नहीं सुधरी है। चारों ओर जंगल पहाड़ों से घिरा यह पंचायत गुलाम भारत की याद दिलाता है। कभी नक्सलियों से घिरा इस पंचायत क्षेत्र को माओवादियों ने अपने आगोश में ले रखा था अभी यहां के लोग अमन चैन से जी रहे हैं लेकिन सरकारी सुविधाएं नगण्य है यहां अब भी लोगो की मुलभुत समस्या बिजली पानी सड़क स्वास्थ व शिक्षा मुंह बाऐ खड़ी है। कितनी बड़ी विडंबना है कि इस पंचायत के बच्चे बच्चियां वर्ग आठ तक ही पढ़ाई कर पाते हैं। उच्च शिक्षा के लिए 15 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है पिछले दस वर्षों पहले हाई स्कूल की बिल्डिंग बनी लेकिन उसमें पढ़ाई आज तक शुरू नहीं हो पाई इस टुटने के कगार मे है आदिवासी बहुल इस पंचायत में सरकारी मुलाजिम आते ही नहीं है सांसद व विधायक चुनाव के समय नजर आते है। भोले-भाले आदिवासी को प्रलोभन देकर वोट ले लेते हैं कागजों में सारी योजनाएं बनाई जाती है। फिर उसे फाइनल कर दिया जाता है। लगभग 15 हजार लोग इस पंचायत में जीवन बसर करते हैं। लगभग छह हजार वोटर है पंचायत के राबो से आगे करकरी नदी में पुल नहीं है। बाइुदा में विधालय बना दिए गए हैं आने जाने का रास्ता नहीं है पगडंडी के सहारे चलते हैं पारमडीह गांव का टोला डाउजबला कोटामाटी अमनदीरी में आज तक सड़क नहीं बनी ग्रामीणों ने अपना परिश्रम से रास्ता बनाया है इधर कोई भी सरकारी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है पंचायत के गुटी का टोला टोपापीडी तालाडीह उपबेडा में सड़क नहीं बनी है विधालय तक जाने का रास्ता नहीं है। दुलमीडीह हाटाजोला कुलाओडा गांव में 30 परिवार रहते है उक्त गांव में बिजली तक नहीं पहुंच पाई है यहां के लोग विधायक व सांसद को सिर्फ एक बार देखा है यहां के पूर्व मुखिया विश्व नाथ मुंडा है अभी उनकी पत्नी दुर्गा देवी मुखिया है दोनों का कहना है कि यह पंचायत कभी माओवादियों के कब्जे में था 1998 से लेकर 2020 तक कोहराम था फैसला वहीं लोग करते थे कोई केश थाना नहीं पहुंचता था पुलिस भी नहीं आती थी लुट पाट हत्या चोरी डकैती कुछ नहीं होता था बदमाशों को सजा सुनाई जाती थी पंचायत में शिक्षा की बहुत कमी है आपकी योजना आपकी सरकार आपी कुछ नहीं हुआ सरकार ग्राम सभा की मान्यता को खत्म कर रही है अबुआ आवास में पारित लिस्ट को सरकार नहीं मान रही है और अपने चयनित कर ब्लाक में भेज रही है जो गलत हो रहा है पंचायत में 393 का भेजा गया जिसमें 37 का सरकार मनमानी तरीके से कर दिया गया नरेगा से 35 कुआं मिला समय पर रुपए का भुगतान नहीं किया गया जिससे इस बरसात में 10 कुआं धंस गया लैंप्स कार्यालय का बिल्डिंग बना लेकिन कार्यालय नहीं खुल पायी की पत्राचार किये गये लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ विधायक को भी पत्र दिया लेकिन इसका अमल नहीं हुआ लोग करें तो क्या करें इस तरह इस पंचायत के लोग अब सरकार से मिलने वाली आशा छोड़ चुके हैं।

## नेताजी चौक खूंटी में होगा भव्य दुर्गोत्सव का आयोजन
## नकुल भगत अध्यक्ष और लव चौधरी बने महामंत्री





**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति नेताजी चौक खूंटी द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस बार भी दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जायेगा। इसके लिए नए सिरे से कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें नकुल भगत को अध्यक्ष और लव चौधरी को महामंत्री के पद पर सर्वसम्मिति से चयन किया गया। पुनर्गठित समिति के संरक्षक मंडली में आदित्य प्रसाद गुप्ता, जयंत लाल स्वर्णकार कृष्ण कुमार भगत (अधिवक्ता), दिनेश्वर मिश्रा, कैलाश भगत (बर्तन दुकान) मदन मोहन गुप्ता, राधेश्याम गोप, किशोर गौंझू, राजकुमार गुप्ता, किशोर साहू, कृष्णा भगत, जितेंद्र कश्यप, कृष्णानंद तिवारी, कृष्णा स्वर्णकार, मनोज कुमार एवं विजय साहू तथा संयोजक मंडली में ज्योतिष भगत, गणपत भगत, संजय मिश्रा, अनूप कुमार साहू और रंजीत प्रसाद का चयन किया गया। उपाध्यक्ष के पद पर गोपाल भगत, बालमुकुंद कश्यप, श्रीकांत चौधरी, आनंद कुमार, कुमार सौरभ, गुलोट मिश्रा व शुभम जायसवाल और मंत्री के पद पर राजकुमार साव ह्लबाबूल्ह, राजेश्वर गुप्ता, मनोज लाल स्वर्णकार, विक्की गुप्ता, मनीष जायसवाल, केशव भाला व दामोदर प्रसाद का चयन किया गया। इसी प्रकार संगठन मंत्री- विनय जायसवाल, सुनील साहू, विनोद जायसवाल व शशि पांडेय।

## रांची-टाटा रोड पर जगह-जगह मोदी का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** मौसम खराब रहने के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जमशेदपुर जाने के लिए रांची एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से जाना पड़ा। रांची टाटा राष्ट्रीय मार्ग 33 पर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला नामकुम, बुंडू तमाड़, चौका, चांडिल होते हुए जमशेदपुर रवाना हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सड़क मार्ग से आने की खबर फैलते ही रांची टाटा राष्ट्रीय मार्ग पर भाजपा समर्थक और आम लोगों ने सड़क के किनारे खड़ा होकर मोदी को देखने के लिए पहुंचे। बुंडू तमाड़ के चौक चौराहा में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। सड़क किनारे सुरक्षा बलों की छावनी में तब्दील किया गया। रांची के डीसी राहुल कुमार सिंहा वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू मोहनलाल मरांडी डीएसपी बुंडू रतीभान सिंह के अलावा पुलिस अधिकारियों का दल सुबह से ही रांची टाटा मार्ग पर गश्ती करते रहे और प्रधानमंत्री के आगमन के समय तक चौक चौराहा मे लोगों को आर पार होने, वाहनों को आर पार होने से रोक लगा दी गयी थी। कांची नदी पुल के समीप एक तरफ रोड होने के कारण जमशेदपुर से आने वाले सभी वाहनों को रोक दिया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टोल प्लाजा के समीप स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में भाजपा और आम लोग पहुंचे थे प्रधानमंत्री ने टोल गेट के समीप लोगों को हाथ हिलाकर अभिवादन किया इसके पश्चात बुंडू चौक गोसाइडीह में महिला पुरुष बच्चे तिरंगा लहराते हुए सड़क के किनारे खड़े थे डामरी मोड़ के समय एक बच्ची ने घास से बनाया एक टोपी नरेंद्र मोदी को भेंट करने के लिए खड़ी थी लेकिन प्रधानमंत्री का काफिला कहीं नहीं रुका प्रधानमंत्री ने लोगों को अभिवादन हाथ हिलाते हुए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री के काफिला में दर्जनों वी आई पी साथ में चल रहे थे।

# झारखंड सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचायें : सविता

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** प्रखंड क्षेत्र के लेपाटांड में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा ईचागढ़ प्रखंड स्तरीय बूथ और कार्यकर्ता सम्मेलन निताई उरांव कि अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विधायक सविता महतो और विशिष्ट स्थिति के रूप में गुरुचरण किस्कु उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि झामुमो कार्यकताओं की पार्टी है। राज्य के महागठबंधन सरकार की विकास कार्य को देखकर विपक्ष घबरा गयी है। विधायक ने अपने कार्यकताओं को राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने को कहा। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को जल्द बूथ कमेटी का गठन कर संगठन मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झामुमो में कार्यकर्ताओं का विशाल फौज है, जो अन्य पार्टी में नहीं है।

मौके पर पप्पू वर्मा, काबलु महतो, निताई उरांव, अभय यादव, पंचानन पातर, अधर महतो, अमित सिन्हा, पशुपति बागची, बिजय कृष्ण महतो, किसुन किस्कु आदि काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खूंटी की धरती हमेशा से खिलाड़ियों के लिए उर्वरा रही है : नीलकंठ सिंह मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** स्थानीय विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने रविवार को अपने विधायक मद से मुरहू प्रखंड के शांतिपुरी मेंही आश्रम में पीसीसी पथ का शिलान्यास और नवनिर्मित शौचालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही विधायक ने हेटगोवा पंचायत अंतर्गत हेटगोवा, खटंगा टोली, चीचीगड़ा एवं ओयबुरा में खेल मैदान के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही हेटगोवा में इंद मेला और हॉकी टूनार्मेंट का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने खेल की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खूंटी की धरती हमेशा से ही खिलाड़ियों के लिए उर्वरा रही है। खिलाड़ियों को प्रैक्टिस में कोई असुविधा न हो इसके लिए लगातार सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों के मैदानों का सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि क्षेत्र के अनेक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर अपने क्षेत्र का नाम देश-विदेश में रोशन किया है। इससे पूर्व विधायक के पहुंचने पर उपस्थित ग्रामीणों एवं खिलाड़ियों ने परंपरागत तरीके से उनका स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, विनोद नाग, राजेश नाग, रूपेश जायसवाल, सूरजमल, संजय ,सुबोध, जगमोहन, जुरन मुंडा, लोकनाथ, अनुराग टूटी, लोदरो टूटी, जोलेन टूटी आदि उपस्थित थे।

## खलारी बाजारटांड़ पेट्रोल गोदाम में करमा मिलन समारोह का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी बाजारटांड़ स्थित पेट्रोल गोदाम में करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिस्टा के एरिया अध्यक्ष देवपाल मुंडा तथा खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी एव रैयत विस्थापित मोर्चा के प्रवक्ता रामलखन गंझु, अमृत भोगता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुरुआत में पाहन के द्वारा पूजा अर्चना कर किया। उसके बाद सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का सरना गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उसके बाद क्षेत्र से आये विभिन्न गांव के टीम सरना टोली, जोराकाठ, डेम धौड़ा, न्यू शांतिनगर, मुंडा धौड़ा, बहेराटॉड, करकट्टा बस्ती की खोड़हा टीम ने बारी बारी से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वही अतिथियों ने भी खोड़हा टीमो के साथ मांदर एव नगाड़े की थाप पर जमकर नृत्य किया। वक्ताओं ने कहा कि करमा पर्व प्रकृति से जुड़ा हुआ और भाई बहन के प्रेम का प्रतीक का पर्व है। हमे प्रकृति और संस्कृति दोनो को बचाये रखने की जरूरत है। वही खोड़हा टीमो को समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रभाकर गंझु, राजकुमार गुप्ता,नागदेव सिंह,बुल्ला गंझु, बाबूलाल गंझु, राहुल गंझु, पवन गंझु, विजय गंझू, सुशील उरांव, सोनू उरांव, मनोज गंझु,गोविंद भोगता, बबलू गंझु, अजय गंझु, अनिल गंझु, डब्लू गंझु, धनेश्वर उरांव, आतिश मुंडा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पिपरवार में धूमधाम से मना करमा पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में करमा पूजा धूमधाम और बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। बचरा के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में करमा पूजा का उत्साह जोरों पर रहा। हर मोहल्ले और टोला में करम डाली की पूजा कर परंपरा को बढ़ाया गया। बारिश की फुहारो के बीच इस बार काफी धुमधाम के साथ करमा पूजा मनाया गया। प्रकृतिक पर्व करमा का उत्साह सभी जगह पर देखा गया। परंपरा के मुताबिक निर्जला उपवास कर रहीं कुंवारी कन्याओ ने मांदर, ढोल और झाल की धुन के बीच करम डाल रोपा।

सांध्य बेला में पुजारी के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गयी। दुल्हन की तरह सजाकर माता जावा रानी को करम डाल के आगे रखा गया। फिर कथा शुरू हुई। कथा के बाद उपवास करने वालों ने जल और फल ग्रहण किया। फिर शुरू हुआ नाच-गान का दौर। इस दौरान करम डाल के चारों ओर सामूहिक नृत्य कर देवता को रिझाया जाता रहा। नाच गान का यह दौर देर रात तक जारी रहा। इधर करमा पुजा को लेकर स्थानीय पिपरवार पुलिस काफी सर्तक दिखी।

## खिलाड़ी खेल के माध्यम से भविष्य संवार सकते हैं : सुखराम हेंब्रम



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** विधानसभा क्षेत्र के नीमडीह प्रखण्ड अंतर्गत मुरुगडीह गांव में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता बाबा तिलका मांझी क्लाब द्वारा आयोजित में बतौर मुख्य अतिथि ईचागढ़ विधानसभा सुखराम हेंब्रम उपस्थित हुए। फुटबॉल को किक मारकर मैच का उद्घाटन किए टीम व खिलाड़ी को संबोधित करते हुए कहा खिलाड़ी खेल भावना से खेलें। अनुशासन में रहकर खेलने से सफलता अवश्य मिलेगी। खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं खिलाड़ी खेल के माध्यम से भी अपने भविष्य को संवार सकते हैं। इस अवसर पर लक्ष्मी माडी,सलमा माडी, अभिराम मांझी, सिमल माडी, हाड़ीराम सोरेन, राजेन टुडू, महावीर मांझी, और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने विधिक जागरूकता शिविर लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** झालसा, रांची के तत्वावधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेश कुमार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा में रविवार को तोरपा स्थित श्रीहरि हाई स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने उपस्थित थीं। अपने संबोधन में उन्होंने डालसा के कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि डालसा समाज के अंतिम पायदान के व्यक्तियों को निशुल्क एवं सक्षम कानूनी सहायता और कानूनी सेवाएं प्रदान करता है। साथ ही इसके द्वारा समय समय पर देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों और महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है।

इस दौरान उन्होंने नशे के कारण समाज में पड़ रहे दुष्प्रभावों पर पर चर्चा करते हुए कहा कि नशापान के कारण लोगों को आर्थिक, समाजिक, शारीरिक, मानसिक रूप से परेशानियां उठानी पड़ती है। हम सबको अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना होगा, ताकि मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। उन्होंने आगे कहा कि 18 वर्ष से कम आयु को मादक पदार्थों की बिक्री गैरकानूनी है, मादक पदार्थों की खरीद बिक्री गैरकानूनी है। नशीले पदार्थ जैसे अफीम, गांजा की गैर कानूनी तरीके से खेती दंडनीय अपराध है, इसके लिए कठोर सजा का प्रावधान है। हम सब का कर्तव्य है कि हम समाज को नशा मुक्त बनायें।

पैनल एडवोकेट मदन मोहन राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों के डालसा के बारे में विस्तृत जानकारी दी और यह भी कहा कि कानून के बारे में प्रत्येक बच्चों को इसकी जानकारी रखनी चाहिए। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## सीटू ने डकरा में सीताराम येचुरी को दी श्रद्धांजलि



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा स्थित सीटू यूनियन कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर सीपीएम लोकल कमेटी और सीटू के पदाधिकारी के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यालय में मौजूद लोगों ने बारी-बारी से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सीपीएम के लोकल सचिव शैलेश कुमार ने कहा कि कामरेड सीताराम येचुरी का झारखंड से काफी लगाव था। उनकी राजनीति का शुरूआत जेएनयू के छात्र नेता के रूप में हुई थी। वह तीन बार जेएनयू के अध्यक्ष भी चुने गए थे। इमरजेंसी के दौरान वे जेल भी गए थे। देश में 13 मार्च तक चल किसान आंदोलन का उन्होंने खुलकर समर्थन किया था। विदेश के बुद्धिजीवी वर्ग में काफी लोकप्रिय थे। उनका और समय निधन होना भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लिए काफी दुखदाई है। सीताराम सभी कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर जीके साहू, केएम तिवारी, नवीन कुमार महतो, शिव पासवान, हरगोविंद पासवान, रामप्रवेश राम, उदय कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## बुंडू में डायरिया का प्रकोप, 15 लोग आक्रांत

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड स्थित बड़कोलमा गांव में डायरिया का प्रकोप पिछले तीन दिनों से फैला हुआ है। जिसमें 15 लोग आक्रांत हो गये हैं। सभी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को 45 वर्षीय पलानी देवी पति भरत महतो की अस्पताल में ही मौत हो गयी। अन्य सभी मरीजों का इलाज अस्पताल में ही चल रहा है। डायरिया फैलने की खबर मिलते ही अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू के चिकित्सक पदाधिकारी डॉ फारूक के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की एक टीम डायरिया से प्रभावित लोगों को इलाज में जुटे हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के टीम के द्वारा गांव के साफ सफाई एवं शुद्ध पेयजल उपयोग करने की सलाह दी है। मौत की खबर से ही गांव में मातम छा गया है। ग्रामीणों ने सरकार से सहायता शिविर लगाकर सभी लोगों का स्वास्थ्य जांच का दवा व्यवस्था करने की मांग की है।

## मुरहू में ग्रामीण ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू के सोमवार बाजार बगीचा टोली निवासी जय मसीह होरो नामक 43 वर्षीय ग्रामीण ने रविवार को फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना रविवार सुबह मुरहू थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल के बाद शव को अपने कब्जे में कर सदर अस्पताल खूंटी में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया। इस संबंध में मुरहू थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# सत्संग से पापी व्यक्ति भी सुधर जाता है : लक्ष्मण महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम शांतिपुरी मुरहू में 15 दिवसीय ध्यानाभ्यास कार्यक्रम का समापन रविवार को धूमधाम से हो गया। स्तुति प्रार्थना और ग्रंथ पाठ के पश्चात प्रवचन कार्यक्रम में स्वामी लक्ष्मणजी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन दुर्लभ है, इसके लिए देवता भी तरसते हैं, कारण सत्संग भक्ति ध्यान मानव तन से ही हो सकता है,जिसके माध्यम से मोक्ष की प्राप्ति, ईश्वर का दर्शन और आवागमन के चक्र से छुटकारा मिलता है। अतः सत्संग बड़े भाग्यशाली को ही मिलता है। बिना ईश्वर की कृपा सत्संग नहीं मिलता, और सत्संग के बिना विवेक नहीं आ सकता। उन्होंने कहा कि ध्यान योग से ही साधु -संत और मनुष्य अपने जीवन को सफल बनाते हैं। भक्ति में कोई जाति, उंच नींच या बड़ा छोटा नहीं होता। बुरा से बुरा पापी सत्संग से सुधर जाता है। डाकू लुटेरा अंगुली माल वाल्मीकि ऋषि बन जाता है। गुरु भक्ति, गुरु मंत्र और सत्संग ध्यान से सारे दुःख कष्ट समाप्त हो जाते हैं। भागलपुर के स्वामी परमानन्द जी महाराज ने कहा कि गुरु भक्ति, ईश्वर भक्ति पक्की होनी चाहिए, कारण कच्चे सरसों से तेल नहीं निकलता। स्वामी राजेन्द्र जी महाराज ने कहा कि स्तुति प्रार्थना और उपासना करनी चाहिए, गुरु ईश्वर का गुणगान करना, सद्गुरु के समीप रहना और समर्पित होकर सत्संग ध्यान भक्ति करने से कोई कार्य दुर्गम या असंभव नहीं है। मौके पर विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, काशीनाथ महतो सहित अन्य लोगों ने भी आश्रम पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ डीएन तिवारी, संजय कुमार, आशुतोष भगत, ब्रह्मचारी मुरलीधर, बीरु कुमार, सोनामुनी देवी, सुनीता कुमारी, जूरन मुंडा, सुबोध कुमार, सूरजमल प्रसाद, सगुन दास, गोला मुंडा, उपेन्द्र नाथ गोप, दुखेंद्र ठाकुर, हरीद्वार ठाकुर, सूरज गुप्ता , सुनील रजक, धर्मेंद्र ठाकुर, दुरजू कुम्हार मनु साव, बलराम भगत, हेमंत भगत, धीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## धमधमियां बी टाइप दुर्गा पूजा कमेटी का गठन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** धमधमियां स्थित शिव-काली मंदिर के प्रांगण में दुर्गा पूजा को लेकर एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता अजय सिंह ने किया ।बैठक में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पिछले कमेटी को भंग करते हुए नयी कमेटी का गठन किया गया। नयी कमेटी में संरक्षक अजय सिंह, सुधीर सिंह, उमाकांत सिंह, दिलीप गोस्वामी, सन्नु ठाकुर, बसंत मिश्रा, जयंत कर, संतोष महली, यशवंत पाडेय, सहदेव महली, राघवेन्द्र पासवान, पयहारी भगत, अध्यक्ष नेपाल सिंह, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह, राजकुमार पासवान, जलेश्वर यादव, सचिव नंदु मेहता, सहसचिव महेन्द्र यादव, अभय कुमार सिंह, प्रेम ठाकुर, किशुन वेदिया, शेखर लोहरा, कोषाध्यक्ष शशि पांडेय, केशव प्रजापति, अंकित कुमार सिंह तथा कार्यकारी सदस्यों में राकेश कुमार सिंह, दिवेश कुमार, उजाला कुमार, रजनीश कुमार, प्रमोद ठाकुर, सौर्या कुमार, सुमित कुमार, राजा कुमार, रूपेश कुमार, उपदेश, गणेश कुमार, जीत कुमार, प्रीत कुमार, संखदेव साव, प्रतिक राज को बनाया गया है।

# इंजीनियरिंग वर्ग का बहुमूल्य योगदान

भारत में 15 सितंबर को इंजीनियर्स-डे मनाया जाता है। यह खास दिन देश और दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले इंजीनियरों के काम को सराहने और बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। दरअसल, यह दिन देश के महान इंजीनियर और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की याद में मनाया जाता है। उन्होंने भारत की प्रगति में बहुमूल्य योगदान दिया। डॉ एम विश्वेश्वरैया ने देश में कई बांध बनवाये थे। इनमें कृष्णराज सागर बांध, पुणे के खरकवासला जलाशय में बांध और ग्वालियर में तिगरा बांध शामिल हैं। इसकी योजना 1909 में बनायी गयी थी और 1932 में पूरी हुई। उन्होंने मैसूर सरकार के सहयोग से कई कारखाने और शैक्षणिक संस्थान स्थापित किए। डॉ विश्वेश्वरैया के इन योगदानों के बाद उन्हें देशभर में पहचान मिली। भारत में सिविल इंजीनियरिंग के महान नायक मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल 15 सितंबर को राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस मनाया जाता है। मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया भारत के पहले सिविल इंजीनियरों में से एक थे, जिन्हें 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। दुनिया भर में विभिन्न इंजीनियरिंग क्षेत्रों में विशेष कर मैकेनिकल, दूरसंचार, सिविल, इलैक्ट्रिकल, मैडीकल और कैमिकल इंजीनियरिंग आदि के प्रसार और विकास के साथ-साथ, इंजीनियरों ने चुनौती को स्वीकार करते हुए मानव जीवन को आरामदायक बनाने के साथ-साथ औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों में भी क्रांतिकारी सुधार लाये हैं। जहां विज्ञान ने विभिन्न क्षेत्रों में तमाम नयी तकनीकों का विकास किया है, वहीं इन सभी तकनीकों को खोजने और विकसित करने में इंजीनियरों की सोच परिश्रम ही मुख्य आधार है, जिसके बिना आज के आरामदायक मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। किसी ने एक इंजीनियर से पूछा कि आप इंजीनियर होने पर अपने आप पर गर्व क्यों महसूस करते हैं? उस इंजीनियर ने बड़े ही दिल से यह बात कही और कहा कि जिस प्रकार कानूनी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विंग के लोगों की अर्थव्यवस्था, न्याय व्यवस्था के माध्यम से न्याय दिलाने पर निर्भर करती है और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे व्यापक क्षेत्र से जुड़े लोगों का भविष्य बीमारियों की रोकथाम पर निर्भर करता है, उसी तरह एक इंजीनियर ही है, जिसकी समृद्धि पर देश और राष्ट्र की समृद्धि का विकास निर्भर करता है।

**जहां विज्ञान ने विभिन्न क्षेत्रों में तमाम नयी तकनीकों का विकास किया है, वहीं इन सभी तकनीकों को खोजने और विकसित करने में इंजीनियरों की सोच परिश्रम ही मुख्य आधार है, जिसके बिना आज के आरामदायक मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विश्व में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक होने के बावजूद, भारत न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ ऊर्जा के मुद्दे की वकालत कर रहा है बल्कि अन्य देशों को भी इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। ग्लासगो में कॉप26 में अपनी घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के भारत के संकल्प पर जोर दिया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचामृत पहल के तहत पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किये।**

# नवीकरणीय ऊर्जा-भारत के आर्थिक विकास को बढ़ावा दे रही है



**प्रल्हाद जोशी**



भारत का 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विस्तार और एकीकरण पर केंद्रित है, जो सतत विकास पथ के प्रति देश की प्रतिबद्धता का एक प्रमुख घटक है। तेजी से बढ़ती आबादी के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में से एक के रूप में, भारत कार्बन उत्सर्जन को कम करते हुए बढ़ती ऊर्जा खपत की मांग को पूरा करने की संयुक्त चुनौती का सामना कर रहा है। इन कारकों को संतुलित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा सबसे व्यवहार्य समाधान को दर्शाती है। आत्मनो मोक्षार्थं जगदहिताय च - जो स्वयं की मुक्ति और दुनिया के कल्याण का संकेत देता है। विश्व में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वाले देशों में से एक होने के बावजूद, भारत न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ ऊर्जा के मुद्दे की वकालत कर रहा है बल्कि अन्य देशों को भी इस मुहिम में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा है। ग्लासगो में कॉप26 में अपनी घोषणा में जलवायु परिवर्तन से निपटने के भारत के संकल्प पर जोर दिया गया, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ₹पंचामृत₹ पहल के तहत पांच प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। उनमें नवीकरणीय ऊर्जा महत्वपूर्ण घटक है। देश ने 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने और उसी वर्ष तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा करने का संकल्प लिया है जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 58 प्रतिशत और पवन ऊर्जा का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है। ये लक्ष्य 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को अनुमानित एक अरब टन तक कम करने और अपनी अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता में 45 प्रतिशत की कमी करने के भारत के व्यापक उद्देश्य के अनुरूप हैं।

**हिंदी अब राष्ट्रीय ही नहीं एक अंतरराष्ट्रीय भाषा भी है, क्योंकि अब यह सात समुद्र पार भी बोली और समझी जाने लगी है।**

नवीकरणीय ऊर्जा ऐसा क्षेत्र है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 10 वर्षों में परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र पर प्रधानमंत्री के विशेष ध्यान ने भारत को वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में चौथे, पवन स्थापित क्षमता में चौथे और सौर क्षमता में पांचवें स्थान पर लाने में मदद की है। सौर ऊर्जा क्षमता में, भारत 2014 तक केवल 12.5 गीगावॉट तक पहुंच पाया था लेकिन अब लगभग 89 गीगावॉट हासिल रहा है, जो केवल 10 वर्षों में 30 गुना से अधिक हो गई है। यहां तक कि पवन स्थापित क्षमता में भी, 10 वर्षों में 2.2 गुना वृद्धि हुई है जो 21 गीगावॉट से बढ़कर 47 गीगावॉट हो गई है।

वहनीयता के मामले में, ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों के टैरिफ में 76 प्रतिशत की कमी आई है जो 2010-11 के टैरिफ 10.95 रुपये की तुलना में घटकर 2023-24 के दौरान 2.60 रुपये हो गया। प्रधानमंत्री ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया है और हमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में दिशा दिखाई है, जिससे अब देश को काफी लाभ मिल रहा है।

पिछले 10 वर्षों में, ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों का विकास एवं क्रियान्वयन मिशन मोड में किया गया है। देश में नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता 200 गीगावॉट का लगभग 55 प्रतिशत सौर ऊर्जा से आता है। लगभग 30 प्रतिशत का एक और बड़ा हिस्सा पवन ऊर्जा से आता है।

भारत ने सौर मॉड्यूल के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसे कार्यक्रम भी लागू किए हैं। घरेलू सेल उत्पादन के लिए प्रोत्साहन भारत में हरित विकास के लिए वरदान साबित हुआ है, जिससे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। इसके साथ ही, ग्रीन हाइड्रोजन में ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन (साइट) कार्यक्रम के लिए रणनीतिक उपाय इलेक्ट्रोलाइजर के विनिर्माण और हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।

भारत की हरित हाइड्रोजन की विकास गाथा प्रेरणादायक है। भारत ने कोविड से निपटने हेतु अपनी स्वयं की वैक्सीन का उत्पादन करके जो हासिल किया, ठीक उसी तरह भारत हरित हाइड्रोजन क्रांति का नेतृत्व कर रहा है। इसका उद्देश्य विश्व में उत्पादन और निर्यात का केंद्र बनना है। यहां भी पीएम मोदी द्वारा उठाए गए कदमों ने ही इस परिवर्तन को संभव बनाया! दरअसल, जब देश में ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर को अपनाने की बात आती है तो प्रधानमंत्री भविष्य में ईवी वाहन चार्जिंग के लिए केवल नवीकरणीय स्त्रोतों का उपयोग करने का मार्ग प्रशस्त करने की बात करते हैं, ताकि जीवाश्म ईंधन ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग न करना पड़े। पीएम सूर्य घर योजना सौर छतों का उपयोग करने वाले नागरिकों के साथ उनके वाहनों को बिजली उपलब्ध कराने के जरिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

भारत जिस पैमाने और गति से नवीकरणीय यात्रा को आगे बढ़ा रहा है वह बेजोड़ है और यह प्रधानमंत्री मोदी के सीधे हस्तक्षेप का परिणाम है। अब, भारत इस क्षेत्र में सिर्फ अन्य देश भर नहीं है, बल्कि हम भी अग्रणी हैं! पिछले 10 साल में नवीकरणीय क्षेत्र में भारत की परिवर्तनकारी यात्रा ने हमें अग्रणी देशों में स्थान दिया है और हमें वैश्विक पहचान दिलाई है । इसका असर अब महसूस किया जा रहा है और ब्रांड इंडिया बिल्कुल सही धूम मचा रहा है। इसने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को 16-18 सितंबर 2024 को गुजरात के गांधीनगर में री-इन्वेस्ट 2024 का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। री-इन्वेस्ट 2024 का उद्देश्य इस क्षेत्र की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से सीखने का आदान-प्रदान करना और 2030 तक स्थापित 500 गीगावॉट स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के लिए नए गठबंधन बनाना है। इसमें जर्मनी, डेनमार्क, ऑस्ट्रेलिया, नॉर्वे और संयुक्त अरब अमीरात भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्य सरकारें, बैंक, वित्तीय संस्थान, निवेशक और निजी कंपनियां भी भाग लेंगी जो शपथ-पत्र के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए अपनी योजनाओं/लक्ष्यों को निर्दिष्ट करते हुए प्रतिबद्धताएं व्यक्त करेंगी। सरकार नवीकरणीय ऊर्जा खरीद दायित्व और नवीकरणीय उत्पादन दायित्व के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। ये शासनादेश हरित विकास की दिशा में आगे बढ़ने और दायित्वों के पालन की राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुकूल हैं जो व्यक्तिगत संस्थाओं के लिए ऊर्जा परिवर्तन के पथ पर आगे बढ़ना संभव बनाता है। भारत 2030 तक अपनी संचयी विद्युत स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से हासिल करना चाहता है। हर साल कम से कम 50 गीगावॉट क्षमता बोली लगाने की योजना है। सरकार ने सौर, पवन, सौर-पवन हाइब्रिड, आरटीसी आरई ऊर्जा, आदि की बोलियां आमंत्रित करने के लिए एसईसीआई, एनटीपीसी लिमिटेड, एनएचपीसी और एसजेवीएन को नवीकरणीय ऊर्जा कार्यान्वयन एजेंसियों (आरईआईए) के रूप में अधिसूचित किया है। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में जबरदस्त बढ़त के बावजूद, अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कुछ मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, प्रमुख परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण, विशेष रूप से विकासशील देशों में रणनीति बनाने की आवश्यकता है। विदेशी वित्तीय संस्थान और जलवायु कोष भारत के नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन को प्रमुख सहायता प्रदान कर रहे हैं। अनुमान के अनुसार भारत को 2030 तक 500 गीगावॉट के अपने नवीनकरणीय और गैर-जीवाश्म ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए करीब 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी। भारत की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा को मजबूत नीति सहायता का समर्थन हासिल है। भारत और फ्रांस द्वारा स्थापित अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) जैसी पहल का उद्देश्य दुनिया भर में, विशेषकर विकासशील देशों में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। भारत को नवीकरणीय ऊर्जा आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन से महत्वपूर्ण सामाजिक आर्थिक लाभ होगा। इसके अलावा, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, नौकरियां उपलब्ध और स्थानीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहित कर सकती हैं। वायु प्रदूषण के बारे में सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के समाधान के लिए आरई विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो कई शहरों में एक समस्या है। स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोतों की ओर परिवर्तन का परिणाम बेहतर स्वास्थ्य के रूप में सामने आ सकता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 10 वर्ष में आर्थिक विकास से कोई समझौता किए बिना नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य की ओर उल्लेखनीय प्रगति की है। हमारी स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता आसमान छू रही है और मार्च 2014 में 75.52 गीगावॉट से बढ़कर अब 203 गीगावॉट से अधिक हो गई है। 10 वर्ष में 165 प्रतिशत बढ़ोतरी अभूतपूर्व बात है।

यद्यपि चुनौतियां बनी हुई हैं, इसलिए 2070 तक भारत के नेट-जीरो भविष्य के दृष्टिकोण को साकार करने में निरंतर नीति समर्थन, तकनीकी नवाचार और वैश्विक सहयोग महत्वपूर्ण होगा। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के सभी संबंधि पक्षों और निवेशकों, राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह है कि टिकाऊ भविष्य के उद्देश्य से मिलकर काम करने के लिए इस प्रमुख री-इन्वेस्ट शिखर सम्मेलन में भाग लें। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और तेजी से विकासशील राष्ट्र के रूप में भारत की नवीकरणीय ऊर्जा यात्रा अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए स्थिरता के मार्ग के मॉडल के रूप में काम करेगी।

**(लेखक : केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# अरविंद केजरीवाल कल दिल्ली सीएम पद से इस्तीफा देंगे, विधायक नया मुख्यमंत्री चुनेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** 13 सितंबर को जमानत पर जेल से बाहर आये अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि वे 2 दिन में दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे। केजरीवाल आम आदमी पार्टी के दफ्तर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- 'भाजपा ने मुझ पर बेईमानी, भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं, अब जनता की अदालत में मेरी ईमानदारी का फैसला होगा। दो-तीन दिन में विधायकों की बैठक में नया उट चुना जायेगा। चुनाव तक मैं मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। मनीष सिसोदिया भी कोई पद नहीं लेंगे, उनका भी यही सोचना है।'

केजरीवाल के दो दिन में इस्तीफा देने के सवाल पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा- 'आज रविवार है, सोमवार को ईद की छुट्टी है। वर्किंग डे 17 सितंबर को है। इस वजह से अरविंद ने 2 दिन का समय लिया है।'

केजरीवाल ने कहा कि जनता को तय करना है कि केजरीवाल ईमानदार है या बेईमान। चुनाव के बाद जनता ने चुना तो पद पर बैठूंगा। चुनाव होने तक पार्टी दो-तीन दिन में नया मुख्यमंत्री चुनेगी। सूत्रों के मुताबिक, आतिशी, कैलाश गहलोत, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और सुनीता केजरीवाल में से कोई एक मुख्यमंत्री बन सकता है।

## मस्क का स्पेस मिशन कामयाब

# एस्ट्रोनॉट धरती पर लौटे, ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की पानी में लैंडिंग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फ्लोरिडा।** स्पेसएक्स का पोलारिस डॉन क्रू आज यानी, 15 सितंबर को पृथ्वी पर वापस लौट गया। ड्रैगन स्पेसक्रॉफ्ट ने दोपहर 1:06 बजे फ्लोरिडा के ड्राई टोटुर्गास कोस्ट पर लैंडिंग की।

पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते समय स्पेसक्राफ्ट की रफ्तार 27,000 डे प्रति घंटे थी। हवा से टकराने के कारण घर्षण पैदा हुआ और तापमान 1,900 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

इलॉन मस्क की कंपनी के फाल्कन-9 रॉकेट से पोलारिस डॉन मिशन को 10 सितंबर को लॉन्च किया गया था। 5 दिन के इस मिशन में 4 एस्ट्रोनॉट जिस ऑर्बिट (1,408.1 किमी) में गये थे, उसमें 50 साल से ज्यादा समय से कोई एस्ट्रोनॉट नहीं गया।

किसी भी स्पेस मिशन का सबसे मुश्किल हिस्सा पृथ्वी पर लौटना होता है। सुरक्षित रूप से घर पहुंचने के लिए, क्रू ड्रैगन कैप्सूल ने डी-ऑर्बिट बर्न शुरू किया। लगभग 27,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्पेसक्राफ्ट ने पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया।

# संदीप घोष कल तक सीबीआइ हिरासत में रहेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शनिवार शाम को मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ संदीप घोष और पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया था। दोनों को रविवार को सियालदाह एसीजेएम की अदालत में पेश किया गया। एसीजेएम ने ताला पुलिस स्टेशन प्रभारी अभिजीत मंडल और आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष को 17 सितंबर तक सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया। वहीं रविवार सुबह लोगों ने सीबीआई कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। गिरफ्तार किए गए ताला पुलिस स्टेशन प्रभारी अभिजीत मंडल को मेडिकल जांच के लिए ले जाते वक्त लोगों की सीबीआई अधिकारियों से धक्का-मुक्की भी हुई।

आंदोलनकारी तख्तियां और पोस्टर लेकर सीजीओ कॉम्प्लेक्स के बाहर एकत्र हुए। आंदोलनकारियों ने महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए। मामले में सीबीआई से पहले जांच के तरीके को लेकर पुलिस की आलोचना की। थाना प्रभारी मंडल को सबूतों से छेड़छाड़, एफआईआर दर्ज करने में देरी समेत अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया गया है।

# टेक्सास के डलास में राहुल गांधी की टीम ने मुझ पर कैसे हमला किया

**रोहित शर्मा**

शनिवार, 7 सितंबर को मैं भारत के विपक्ष के नेता राहुल गांधी की बहुप्रतीक्षित यात्रा को कवर करने के लिए डलास, टेक्सास गया। जमेरिका की अपनी पिछली यात्रा के बाद से राहुल गांधी विपक्ष के नेता की भूमिका में आ गये हैं। हाल के अम चुनावों में अप्रत्याशित रूप से मजबूत प्रदर्शन के बाद जहां उनकी पार्टी ने 99 लोकसभा सीटें हासिल की।

अमेरिका और भारत दोनों में ही भारतीय प्रवासियों, छात्रों, प्रेस और कैपिटल हिल के नेताओं के साथ उनकी मुलाकातों को लेकर काफी दिलचस्पी थी। अपनी तैयारी के हिस्से के रूप में मैंने इडियन ओवरसीज कांग्रेस (आइओसी) के अध्यक्ष सैम पित्रोदा से संपर्क किया, जिनका मैंने पहले भी साक्षात्कार लिया है। हमारी पिछली बातचीत सौहार्दपूर्ण रही है और मुझे विश्वास था कि वह एक साक्षात्कार के लिए सहमत होंगे, जो राहुल की बात के लिए मंच तैयार कर सकता है।

सैम ने अपनी आदत के अनुसार सहमति दे दी। तय रामय के अनुसार मैं शाम करीब 7.30 बजे टेक्सास के इरविंग में रिट्ज कार्लटन पहुंचा। कई आइओसी सदस्यों से मिलने के बाद मुझे सैम के विला में ले जाया गया। एक आरामदायक जगह, जिसमें करीब 30 लोग थे, जिनमें से कुछ भारत से आये थे, जबकि अन्य आइओसी यूएसए से। वे डीएफडब्ल्यू इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर राहुल गांधी के आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

इस हलचल के बावजूद सैम ने मुझे तुरंत पहचान लिया और साक्षात्कार के लिए भीड़ को शांत रहने को कहा। मैंने अपना फोन रिकॉर्ड करने के लिए सेट किया, क्योंकि हम कांग्रेस नेता की आगामी यात्रा पर चर्चा करने लगे थे। सैम ने मेरे चार सवालों का सहजता से जवाब दिया, राहुल की यात्रा के लिए उत्सुकता पैदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी अमेरिकी यात्रा के साथ इसकी तुलना करते हुए और उन मुद्दों को संबोधित किया, जो एनआरआइ को गहराई से चिंतित करते हैं।

लेकिन फिर मेरे अंतिम प्रश्न ने सब कुछ बदल दिया: क्या राहुल गांधी अमेरिकी सांसदों के साथ अपनी बैठकों के दौरान बांग्लादेश में मारे जा रहे हिंदुजों का मुद्दा उठायेंगे? सैम के पूरी तरह जवाब देने से पहले कि यह राहुल और सांसदों पर निर्भर है कि वे तय करें कि क्या प्रासंगिक है, मैं उनकी ओर से नहीं बोल सकता, लेकिन...' अराजकता फैल गयी। कमरे में मौजूद एक व्यक्ति ने चिल्लाकर कहा कि यह सवाल 'विवादास्पद' है। उसने मुझे माइक बंद करने को कहा। कमरे में शोर होना शुरू हो गया था, क्योंकि अन्य लोग भी इसमें शामिल हो गये और अपनी आवाज तेज कर दी। फिर राहुल की अग्रिम टीम के एक सदस्य ने मेरा फोन छीन लिया और चिल्लाने लगा, बंद करो.. बंद करो। इंटरव्यू बंद करो।

सैम मेरी तरह ही हिल गये और शांत होने का आग्रह करने लगे। हालांकि, राहुल के समर्थकों और टीम ने अपना निर्णय ले लिया था। एक व्यक्ति ने मेरा माइक छीनने की कोशिश की, लेकिन मैंने विरोध किया। पर वे मेरा फोन छीनकर रिकॉर्डिंग बंद करने में सफल रहे। हंगामे के बीच सैम को राहुल गांधी से मिलने के लिए हवाई अड्डे ले जाया गया।

इसके बाद जो हुआ वह बुरे सपने के समान था। कमरे में मौजूद करीब 15 लोग मुझसे इंटरव्यू का आखिरी सवाल हटाने की मांग करने लगे। मैं अपनी बात पर कायम रहा और समझाया कि प्रश्न में कुछ भी विवादित नहीं है, उल्टे वो लोग जो कर रहे हैं, वो कार्य अनैतिक है, लेकिन वे अपनी बात पर अड़े रहे। उन्होंने मेरा फोन लेकर खंगाला, साक्षात्कार हटाने का प्रयास किया। हालांकि वे इसे मेरी फोटो लाइब्रेरी से हटाने में कामयाब रहे, लेकिन वे हाल ही में हटाये गये फोल्डर तक नहीं पहुंच सके, जिसके लिए मेरी फेस आइडी की जरूरत थी।

मेरे अगल-बगल दो लोग बैठ गये, जो मुझे उठने देने के पक्ष में नहीं थे। उनमें से एक ने चुपके से मेरा फोन मेरे चेहरे के पास लाकर बिना मेरी सहमति के अनलॉक कर दिया। उन्होंने मेरा आइ क्लाउड भी चेक किया। रिकॉर्डिंग के दौरान मेरा फोन एयरप्लेन मोड में था, जिससे वीडियो सिंक नहीं हो पा रहा था।

करीब 30 मिनट तक हर नैतिक सीमा और मेरी निजता का उल्लंघन करने के बाद वे आखिरकार शांत हो गये। फिर भी कुछ लोगों ने मेरे फोन को चार दिनों तक रखने पर बहस की। मैंने फोन वापस मांगा और होटल छोड़ दिया। इससे पहले मेरे मन में 911 पर कॉल करने का ख्याल आया था।

विडंबना यह है कि जब राहुल गांधी ने बाद में अमेरिकी प्रेस के सदस्यों से बात की कि भारत की वर्तमान सरकार के तहत पत्रकारिता की स्वतंत्रता कैसे कम हो गयी है, तो उनकी टीम मुझे चुप कराने में व्यस्त थी। उन्होंने हर अमेरिकी यात्रा में इस बात को दोहराया है, लेकिन ऐसा लगता है कि प्रेस की स्वतंत्रता को वह जो महत्व देते हैं, वह उनके अपने खेमे तक नहीं है।

संयोग से प्रेस क्लब के एक कार्यक्रम का संचालन करने वाले मेरे एक सहकर्मी ने राहुल से वही सवाल पूछा, क्या वह बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या पर ध्यान देंगे? जिसे बाद में कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल से ट्वीट किया गया।

***(लेखक रोहित शर्मा अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में रहने वाले कई सम्मानों से नवाजे गये वरिष्ठ पत्रकार हैं। उन्होंने इंडिया टुडे की वेबसाइट पर राहुल गांधी की टीम द्वारा की गयी बदतमीजियों को विस्तार से लिखा है कि उनके साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की टीम ने क्या कुछ किया।)***

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



## शोभा यात्रा निकाल कर करमदेव एवं जावा का किया गया विसर्जन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी व आसपास के क्षेत्रों में करम पर्व धूमधाम से मनाया गया। बारिश के बावजूद लोगों के उत्साह में कमी नहीं आई। वे पारंपरिक तरीके से उमंग के साथ कमर देव की पूजा अर्चना किये। गांवों के प्रायः सभी आखरा में आदिवासी समाज द्वारा सामूहिक रूप से करम डाईर गाड़ कर रीतिरिवाज के साथ पूजा की गयी। जबकि अन्य लोगों द्वारा व्यक्तिगत रूप से घरों के आंगन में परिवारिक व आसपास की महिलाओं ने पूजा अर्चना कर अपने भाईयों की लंबी उम्र की कामना की। महिलाएं-, पुरुष व युवतियां मांदर की थाप पर रातभर नाच गाकर जागरण किया। करम पूजा को लेकर क्षेत्र के प्रायः सभी आखरा को फूल माला, तोरण द्वार, विद्युत सज्जा कर भव्य रूप से सजाया गया है। रविवार को शोभा यात्रा निकाल कर स्थानीय जलाशयों में करम देव और जवा का विसर्जन किया जायेगा। दूसरी ओर, इटकी व आसपास के गांवों में पिछले 25 घंटे से भी अधिक समय से हो रही लगातार बारिश के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश के चलते क्षेत्र में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। खेतों में पानी जमा हो जाने से खड़ी फसलों को नुकसान हो रहा है। प्रखंड के कई प्रमुख सड़कों में पानी जमा हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हलांकि अबतक किसी प्रकार की जान माल की हानी की सूचना नहीं है।

## पिठोरिया में धूमधाम से मना करम पर्व



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया व आसपास के गांव राढ़हा, सुतियांबे, मदनपुर, जीदू, कोनकी, इचापीड़ी, ओखरगढ़ा, मारवा, कुम्हारिया, चौली, उलातू, सोसो और चंदवे आदि में प्रकृति पर्व करमा धूमधाम से मनाया गया। राढ़हा गांव में बंधन पाहन की ओर से पूजा करने के बाद समाजसेवी अशोक राम ने फीता काटकर करम महोत्सव की शुरूआत की। वहीं क्षेत्र के सभी अखाड़ा स्थलों को रंगीन लाइटों से सजाया गया। वर्तियों द्वारा पूजा के बाद रात भर अखरा में सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। भाई-बहन के अटूट प्रेम का यह पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए रविवार को करम की डाली के विसर्जन के साथ संपन्न हुआ।

## बेड़ो में करम डाली का विसर्जन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** करमा पर्व के दूसरे दिन रविवार को करम डाली का विसर्जन किया गया। सुबह में करम डाली की पूजा के बाद विभिन्न जलाशयों में विसर्जन किया गया। इससे पूर्व उपवास पर रहीं युवतियां-महिलाओं ने करम डाली की पूजा की। इसके बाद विसर्जन करने के लिए निकले लोग पारंपरिक गीतों पर नृत्य करते दिखे। बालिकाओं ने करम करम कहले आयो, करम का दिन, अषाढ़-सावन बीत गेला रे..., आए गेलैं भादो, आंगना में कादो भाई रीझ लागे... झुमइर खेले में आगे बाई रीझ लागे... भादो की एकादशी समेत अन्य गीतों पर जमकर नृत्य किया। करम डाली विसर्जन को लेकर बेड़ो, टिकरा टोली, करंज टोली, डूमर टोली और बेड़ो बस्ती आदि गांवों में गाजे बाजे व पारंपरिक नृत्य गीत के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। गांव के खोड़हा दलों द्वारा निकाले गए जुलूस में महिला, पुरुष, बच्चों व युवतियों ने पारंपरिक गीत गाये। इधर, बेड़ो के हथुवा पुल के समीप गांव के पहान पुजार की अगुवाई में अखड़ा से लाये गए करम डाली का विसर्जन किया गया।

## नामकुम प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाया गया करमा पर्व



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में करमा पर्व परंपरागत तरीके से धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नामकुम जोरार में युवा सरना समिति, पिंडारकोम, सहेरा, चरनाबेड़ा, रामपुर, खिजरी, खरसीदाग, सरवल, लालखटंगा, भुसूर, डहुटोली, सरनाटोली, मल्टी, चटकपुर सहित प्रखंड के अन्य गांवों में करमा डाली की पूजा कर बहनों ने अपने भाई की सलामती के लिए आशीर्वाद मांगा और लोक गीतों के साथ नृत्य किया। भादो महीने की एकादशी तिथि को मनाये जाने वाले करमा पर्व पर करम डाली को लगा कर करम व्रतियों ने विधिवत पूजा अर्चना की। भाई की खुशहाली व दीघार्यु की कामना की। इस दौरान युवक-युवतियों ने रात भर करम डाली के समीप पारंपरिक नृत्य किया। करमा पर्व को लेकर करम डाली और जावा स्थानों को आकर्षक ढ़ंग से सजाया गया था। इस मौके पर लालखटंगा की मुखिया पुष्पा तिर्की, पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता रितेश उरांव, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, रामपुर मुखिया सरस्वती देवी, पूर्व मुखिया महादेव मुंडा, प्रधान लाल सिंह मुंडा, पाहन शंकर मुंडा, सोमरा स्वाशी, रवि मुंडा आदि उपस्थित थे।

## लापुंग में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। करम के त्योहार में बारिश ने खलल डाल दिया। करम में नाचने में बाधा हुई लोग। लोग छाता पकड़ कर करम पूजा करते देखे गये। हालांकि विगत 15 दिनों से बारिश नहीं होने से ऊंची जमीन पर धान की खेत करने वाले परेशान किसानों ने राहत की सांस ली है। उधर, लापुंग के फतेहपुर, हुलसु, दाड़ी, मालगो, दोलैचा, ककरिया, लालगंज, देवगांव आदि क्षेत्रों में भी बारिश का असर पड़ा।

### जेल अदालत का आयोजन, न्यायालय के समक्ष रखे गये आठ मामले

# बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से बंदी रिहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को रांची के होटवार बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने किया। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित संसीमित आठ बंदियों का आवेदन समर्पित किया गया था। जिसमें एक वाद का निष्पादन करते हुए एक बंदी को दोष स्वीकार के उपरांत जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा से मुक्त किया गया। इस अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें एलएडीसी अधिवक्ता ने नालसा एवं डालसा द्वारा बंदियों को दी जाने वाली कानूनी सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। मौके पर डालसा सचिव कमलेश बेहरा, दिग्विजय नाथ शुक्ला, कुशेश्वर सिंकू, मनोज कुमार इंदवार, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी रांची विजय कुमार यादव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव, वीरेंद्र प्रताप, सौरभ पांडे, एलएडीसी अधिवक्ता सह जेल विजिटर अधिवक्ता, कारापाल, सहायक कारापाल आदि उपस्थित थे।



होटवार बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में आयोजित जेल अदालत में उपस्थित गणमान्य।

# सेल्फी के चक्कर में जिकरा फॉल में डूबा छात्र, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुढ़मू।** बुढमू थाना क्षेत्र के घने जंगल के बीच स्थित जिकरा फाल घूमने आये छात्र की डूबने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान आर्यन उरांव के रूप में हुई है। वह आईटीआई स्थित मेजर कोठी के पास का रहने वाला था। वह गोस्सनर कॉलेज का छात्र था। बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश महतो ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से डूबे युवक को खोजने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही एनडीआरएफ की टीम को सूचना दे दी गई है। सोमवार को एनडीआरएफ की टीम जिकरा फाल आयेगी। दूसरी ओर, आर्यन के सभी दोस्त भयभीत हैं और फॉल के पास जमे हुए है। जानकारी के अनुसार मृतक आर्यन अपने दोस्त प्रिंस मुंडा, अभिषेक मुंडा, आशिष केरकेट्टा, अभिजीत टोप्पो, पुलकित भगत, पंकज रजक, अभिषेक केरकेट्टा के साथ रविवार की दोपहर 12 बजे बाइक से जिकरा फाल पहुंचा था। सभी दोस्त जिकरा फाल घूमने लगे। इसी दौरान आर्यन सहित चार दोस्त जिकरा फाल के नीचे चले गये और सेल्फी लेने लगे। इसी दौरान आर्यन का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। बाकी दोस्त उसे लकड़ी के सहारे निकालने का प्रयास किये पर असफल रहे। इसके बाद बाकी के तीन दोस्त फाल के ऊपर बगल में ही स्थित बैगी गांव पहुंचे और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों से सूचना पाकर एएसआई मजीद आलम पुलिस बल के साथ जिकरा फाल पहुंचे और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आर्यन को निकालने का प्रयास किया। गांव के ही एक तैराक गहरे पानी में उतर कर आर्यन को खोजने का प्रयास किया लेकिन वह भी असफल रहा। सुबह से ही हो रही भारी बारिश के कारण भी डूबे युवक को खोजने में कठिनाई हो रही है।

# टापर के जरिये भगवान इंद्र की होती है आराधना, ताकि गांव के किसान को मिल सके प्राकृतिक सहयोग : देवेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुढ़मू।** करम पर्व के अवसर पर रविवार को ईन्द जतरा नवदा के उमेडंडा में रविवार को आयोजित हुआ। इस दौरान संतोष पहान एवं शिदेश्वर मिश्रा ने टापर की विधिवत पूजा की। टापर को खड़ा किया गया। साथ ही लाल साड़ी पहनकर गांव की बहनों ने करम डाली और जावा लेकर टापर पूजा में अपना योगदान दिया। वहीं, मेला मंच का भाजपा नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश एवं जिला परिषद पश्चिमी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने कहा कि टापर की प्राचीन एवं ऐतिहासिक मान्यता है। टापर के माध्यम से भगवान इंद्र की आराधना की जाती है, ताकि हमारे गांव के किसानों को प्राकृतिक सहयोग मिले और फसल की अच्छी उत्पादन हो। गांव में खुशहाली एवं उन्ती से हर किसान संपन्न, निरोग जीवन जी सके। उन्होंने इसी तरह की अन्य मान्यताओं से मौके पर मौजूद युवाओं को अववगत कराया। वहीं, समाजसेवी रतन प्रकाश सिंह ने बताया कि झारखंड में पहला टापर इन्द जतरा की शुभारंभ उमेडंडा से शुरूआत करने की ऐतिहासिक परंपरा है। इसके लिए उमेडंडा के इन्द जतरा के समिति को धन्यवाद दिया। वहीं झारखंड की प्रसिद्ध कलाकार सपना गुप्ता, सुनीता कुमारी, प्रीतम कुमार और राजदेव नायक व नागपुरी संगीतकार द्वारा गीत संगीत का आयोजन किया गया। मौके पर सनोज यादव, दिनेश यादव, रतन प्रकाश सिंह, तपेश्वर मिश्रा, रोहित उरांव, शिवनंदन मुंडा, कृतन साहू, कुश कुमार नायक, सुक्खू यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## जेएलकेएम के बदलाव संकल्प महासभा में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मैदान में जेबीकेएसएस/जेएलकेएम की 17 सितंबर को बदलाव संकल्प महासभा होने जा रही है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी सुप्रीमो टाईगर जयराम महतो शामिल होंगे। महासभा के माध्यम से झारखंड के नवनिर्माण एवं झारखंडियों के हक अधिकार को लेकर एकजुटता प्रदर्शित करने का आह्वान किया जायेगा। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पार्टी केकेंद्रीय संगठन मंत्री फलिंद्र करमाली एवं जिला उपाध्यक्ष हेमंत कुमार ने लोगों से भारी संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। एक प्रेस बयान जारी कर नेताओं ने बताया कि इस महासभा में हजारों की संख्या में झारखंडियों का जुटान होगा। सभा की तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

# लापुंग के मालगो गांव की मुख्य सड़क पर फेंका गया गोबर, ग्रामीणों में रोष

### गांव को साफ रखें, गंदगी नहीं फैलायें : मुखिया


आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग के मालगो ग्राम में पीसीसी सड़क पर गोबर और कूड़ा-कचड़ा फेंके जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। ग्रामीणों ने ही इसकी शिकायत लापुंग थाने की पुलिस से की है.। आरोप है कि मालगो गांव के धनेश्वर साहू अपने घर से पीछे पीसीसी सड़क पर गाय का गोबर और कचड़ा फेंक रहे हैं, जिससे दुर्गंध के साथ ही पूरे सड़क पर कचड़ा फैल रहा है। इससे गांव में बीमारी फैलने की संभावना है। आरोप है कि सूरज साहू द्वारा गोबर फेंकने से माना करने पर धनेश्वर साहू व कर्मपाल साहू के साथ ही उनके परिवार के सदस्य ने मिलकर मारपीट की है। जिसके लिखित आवेदन पर मुखिया और ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर लापुंग थाना को सौंपा है। लगभग तीन महीना पहले से ही सड़क पर गोबर फेंक रहा था। सड़क गांव घुसने का मुख्य मार्ग है। जिसपर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना जाना लगा रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से उक्त कचड़ा को अविलंब हटवाने और आरोपित पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उधर, धनेश्वर साहू ने गलती स्वीकार करते हुए कचरा को सड़क से उठवाने और गोबर को खेत में फिकवाने की बात कही है। साथ ही आगे से सड़क पर गोबर नहीं फेंकने की बात कही है। दूसरी ओर, मुखिया सुग्गी मुंडाई ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गांव की सड़क को साफ रखना चाहिए ना की गंदगी फैलानी चाहि। कहा कि गांव में कचड़ा फेंकने वाले दंड के भागीदार होंगें।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## कंपालोगो लैब की तीन दिवसीय कोहा कार्यशाला का हुआ समापन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** कम्पालोगो परिसर में शुक्रवार से शुरु हुआ कोहा ओपन सोर्स इंटीग्रेटेड लाइब्रेरी सिस्टम इलस पर आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। इसका उद्देश्य पुस्तकालय पेशेवरों और विद्यार्थियों को कोहा के माध्यम से पुस्तकालय स्वचालन के व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त बनाना था। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने कोहा के इंस्टॉलेशन, कॉनफिगरेशन और मैनेजमेंट पर गहन व्यावहारिक सत्रों में हिस्सा लिया। इन सत्रों का नेतृत्व इंजीनियर कुमार अनुप, कुमारी पूजा, पंकज कुमार बेदिया ने किया, जिन्हें रांची और कोल्हान विश्वविद्यालय के कई कॉलेजों में पुस्तकालय स्वचालन में 5 साल से अधिक वर्षों का अनुभव है। इसके अलावा, कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा के सेंट्रल लाइब्रेरियन नीलकंठ मुंडा ने विशेष अतिथि के रूप में ऑनलाइन व्याख्यान देकर कार्यशाला में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया। अंत में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## बेड़ो भाजपा मंडल अध्यक्ष को पितृ शोक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह के पिता सूर्यदेव सिंह (82) का शनिवार की रात 10 बजे निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वे मृदुभाषी सामाजिक एवं मिलनसार व्यक्ति थे। ये अपने पीछे दो पुत्र सत्यनारायण सिंह व बलराम सिंह के अलावा तीन पुत्रियां प्रभा देवी, पूनम देवी व रीना देवी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। रविवार को उनका अंतिम संस्कार तुको स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र सत्यनारायण सिंह ने दिया। वहीं, अंतिम यात्रा में भाजपा नेता रामनारायण भगत, अरुण सिंह, आलोक मिश्रा, आलोक खन्ना, राजीव रंजन अधिकारी, जगरनाथ भगत, तेजू दास, भीखा उरांव, नकुल राम महथा, गणेश राम महथा, गोपाल महतो, अरुण गुप्ता, राजेश साहू, प्रकाश साहू, कमलेश लाल, आदित्य ताम्रकार, जतरू उरांव व सुखदेव कच्छप आदि शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जेडआरयूसीसी के सदस्यों ने मुरी जक्शन पर टाटा-पटना वंदे भारत ट्रेन को दिखायी हरी झंडी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जमशेदपुर में टाटा-पटना वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त ट्रेन को रविवार को मुरी जंक्शन पर दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य प्रवीण झा, अरुण जोशी एवं परमेश्वर चौधरी ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर जेडआरयूसीसी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री व रेलमंत्री का आभार जताया। कहा कि टाटा से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत होने से प्रदेश के यात्रियों को काफी सुविधा होगी। बतातें चलें कि यह ट्रेन मुरी, बोकारो, चंद्रपुरा, गोमो, पारसनाथ, कोडरमा एवं गया होते हुए पटना तक जायेगी। वहीं, प्रवीण झा ने कहा कि इस बार झारखंड में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। वास्तव में भाजपा ही झारखंड का विकास कर सकती है।

### रातू के हुरहुरी नूर मस्जिद कमेटी का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न

# रजब सदर व इमरान बने सचिव

**चार पद के लिए खड़े थे आठ प्रत्याशी, 288 में से 275 मतदाताओं ने किया मतदान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** प्रखंड के हुरहुरी नूर मस्जिद कमेटी का त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। प्रखंड अंजुमन कमेटी की देखरेख व चुनाव कमेटी की निगरानी में बैलेट पेपर के जरिये मतदान कराया गया। 288 मतदाताओं में से 275 मतदाताओं ने प्रत्याशियों को वोट किया। जबकि, 26 मतदान रद्द हो गया। उम्मीदवारों में सदर पद के लिए दो, सचिव के लिए दो, खजांची के लिए दो, उप सचिव के लिए दो (कुल 8) प्रत्याशी मैदान में थे। उप सदर के लिए भी दो उम्मीदवारों ने नामंकन किया था। पर एक उम्मीदवार द्वारा नाम वापस लेने के बाद रिजवान अंसारी निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। मतदान संपन्न होने के बाद मतों की गिनती के बाद विजय प्रत्याशियों की घोषणा की गई, जिसमें सदर पद के उम्मीदवार रजब अली 138 वोट लाकर सदर बने। उन्होंने नौशाद आलम को सात वोट से पराजित किया। नौशाद को 131 वोट मिले थे। वहीं, 191 वोट लाकर इमरान खान सचिव बने। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी मो बारीक को 117 वोटों से मात दिया। बारिक को 74 वोट मिले थे। इसके अलावा 135 वोट लाकर मुबारक अंसारी खजांची व 138 वोट लाकर आशिक अंसारी उप सचिव बने। विजय प्रत्याशियों को चुनाव निर्वाचन के पदाधिकारियों ने शाम चार बजे पदधारियों की विधिवत घोषणा की और उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। जीत की बधाई देते हुए समाज के बेहतरी के लिए कार्य करने की बात कही। वहीं, जीत की खुशी में समर्थकों ने पदाधिकारियों को फूलमाला पहना कर स्वागत किया। नव निर्वाचित कमेटी के सदस्यों ने लोगों से समाज के बेहतरी के लिए हर संभव कार्य करने, समाज में एकजुटता लाने और देश के लोगों में जागरूकता पैदा करने की बात कही। दूसरी ओर, चुनाव कराने में प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, अजमुल हक, अनिसुल रहमान, मोख्तार अंसारी, अंजुम खान, चुनाव कमेटी के शमीम बड़ेहार, खलील अंसारी, जियाउल हक, शेख सानू, खुर्शीद खान, मियांजान अंसारी, अफताब आलम, हाफिज जान, मोहम्मद, हाफिज सलीम, तबरेज अंसारी, जाकिर अंसारी, अख्तर अंसारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## डैम में कूद कर युवती ने की आत्महत्या, परिजनों ने दी सूचना

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के धुर्वा डैम से पुलिस ने रविवार को एक स्कूटी और लड़की का चप्पल बरामद किया। बताया जा रहा कि रविवार की सुबह लड़की स्कूटी लेकर आई थी और डैम में कूदकर आत्महत्या कर ली। उसके परिजनों ने ही नगड़ी पुलिस को इसकी सूचना दी। परिजनों ने बताया कि शनिवार की देर रात 2.30 बजे ही उनकी 22 वर्षीय बेटी घर से स्कूटी चली गई थी। उधर, पुलिस ने शव की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम को बुलाया पर शव नहीं मिला।

## चिंता : लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त, सभी नदी-नाले उफान पर

# रेहला के विशुनपुर टोला मे घुसा पानी, पुलिस ने रेस्क्यू कर 12 लोगों को बचाया

**कई कच्चे मकान ध्वस्त, नदी किनारे के कई गांव बने टापू, घरों में घुसा बरसात का पानी**

आजाद सिपाही संवाददाता





**विश्रामपुर/पलामू।** शनिवार की शाम से हो रही लगातार बारिश के चलते विश्रामपुर क्षेत्र में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। क्षेत्र के सभी नदी-नाले उफान पर हैं। कई जगह सड़क व पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। जिस कारण नदी किनारे के गांव की हालत टापू जैसी हो गई है। लोग घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। दर्जनों कच्चे मकान ध्वस्त हो गए। कई कच्चे रास्ते पानी के तेज बहाव में बह गए। नदी किनारे के कुछ गांवों में बरसात का पानी घुस गया है। बरसात के पानी से हुए नुकसान का पूरा आकलन तो बारिश रुकने के बाद ही लगाता जा सकता है। वहीं, गोदरमा लारंगहा टोला के पास से गुजरने वाली भेलवा नदी का पानी पुल के ऊपर से गुजर रहा है। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय की सूचना पर रेहला पुलिस पुल किनारे पहुंची और लोगों को नदी पार नहीं करने का आग्रह किया। यहां पर नदी किनारे के गांव टापू बन गए हैं। इतना ही नहीं बी मोड़ - उंटारी रोड पर यातायात बंद हो गया है। गुरी ग्राम पंचायत का एक कच्चा ग्रामीण रास्ता तेज बहाव में बह गया। रेहला के विशुनपुर टोला के घरों में पानी घुस गया। जिससे कई लोग फंस गए। पार्षद नरेंद्र राम गुड्डू की सूचना पर रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार गांव के पास पहुंचे। यहां नंदकिशोर साव के घर में पांच फीट से भी ऊपर पानी घुस गया जिससे उनका पूरा परिवार फंस गया था। थाना प्रभारी संतोष कुमार, एसआई जगन्नाथ चक्रवर्ती ने पुलिस बल व स्थानीय लोगों के साथ मिलकर बचाव कार्य चलाया। पुलिस ने बच्चों और वृद्धों सहित 12 लोगों को गोदी में उठाकर बाहर निकाला। लोगों ने बताया कि घरों में पानी घुसने से खाने से लेकर सभी सामान बर्बाद हो गये हैं।

### मूसलाधार बारिश से खपरैल का मकान गिरा, मदद की गुहार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने एक ओर किसान तो खुश हैं, लेकिन दूसरी ओर अधिकांश लोगों को भारी नुकसान हुआ है। मूसलाधार बारिश से रविवार को छोटी-बड़ी नदियां उफान मार रही थी। कहीं पुल-पुलिया के उपर से पानी बह रहा था तो कहीं छोटी पुलिया को बह गयी हैं। किसी का मकान ढह गया है। इसी बीच पीपरा प्रखंड क्षेत्र के सरैया पंचायत अंतर्गत शोभिचक गांव निवासी गजेंद्र सिंह के खपरैल का मकान ढह गया। हालांकि इस दौरान किसी के जान माल की हानि नहीं हुआ है। आस पास के ग्रामीणों ने बताया कि गजेंद्र सिंह के दो पुत्र और चार पुत्री है। दोनों पुत्र मानसिक रूप से ग्रसित है। इस बीच गजेंद्र सिंह ने जैसे तैसे कर तीन बेटियों की शादी की है। एक बेटी अभी भी अविवाहित है। भारी बारिश के बीच मकान भरभरा कर गिर जाने से गजेंद्र सिंह के समक्ष कई समस्या उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ 24 सितंबर तक विस्तार

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिले में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 30 अगस्त से ही विभिन्न पंचायतो में शिविर लगाकर लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। हालांकि कार्यक्रम की सफलता व जिले में पंचायतों की संख्या अधिक होने के कारण इसे विस्तारित करते हुए 24 सितंबर तक संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा आगामी 23 सितंबर को विश्रामपुर, चैनपुर, छतरपुर, हैदरनगर, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, मनातू, मेदिनीनगर, मोहम्मदगंज, नौडीहा बाजार प्रखंड मुख्यालय में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 24 सितंबर को नवा बाजार, नीलांबर-पीतांबरपुर, पाण्डु, पड़वा, पाटन, पांकी, पीपरा, रामगढ़, सतबरवा, तरहसी व उंटारी रोड के प्रखंड मुख्यालय में शिविर का आयोजन किया जायेगा। दूसरी ओर, 18 सितंबर को विश्रामपुर के घासीदाग, 20 को गुरहाकला, व 23 को केतातकला पंचायत में शिविर लगेगा। वहीं, 19 सितंबर को चैनपुर के नेउरा, छतरपुर के कालापहाड़, 20 सितंबर को बगैया और 21 सितंबर को चेराई पंचायत भवन में शिविर आयोजित होगा। 19 को हरीहरगंज के कुल्हैया में, 18 को हुसैनाबाद के बड़ेपुर ग्राम, 19 को बेलविगहा, 21 सितंबर को बेनिकला में शिविर लगेगा। 19 को रांगेया व 21 को चक में शिविर लगाया जायेगा। सदर मेदिनीनगर में 19 को सरजा व 21 सितंबर को कौड़िया में, मोहम्मदगंज में 18 सितंबर को पंसा, 20 को गोड़ाडीह ग्राम में शिविर लगाया जायेगा। नौडीहा बाजार के नामूदाग में 19 सितंबर, जबकि नवाटांड़ में 21 सितंबर को शिविर लगाया जायेगा। नवाबजार के सोहदाग में 21 को, नीलांबर-पीतांबरपुर में 19 को कोटखास, 21 सितंबर को जुरू, पाण्डु के रतनाग में 19 को, पड़वा में 18 को मझिगांव, 20 को पतरा, 21 सितंबर को छेछौरी पंचायत में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह पांकी में 19 को रतनपुर, 20 को ताल, 21 सितंबर को कोनवाई में शिविर लगाया जाएगा। 18 सितंबर को पाटन के केल्हार में, 19 को सेमरी में व 20 को सगुना में शिविर लगाया जायेगा। जबकि 19 सितंबर को पीपरा के सरैया व 21 सितंबर को बभंडी में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह रामगढ़ के चोरहट में 20 को, नवाडीह में 21 सितंबर को शिविर लगाया जायेगा। वहीं 19 सितंबर को सतबरवा के घुटुवा में तो 21 सितंबर को रबदा पंचायत में शिविर लगाया जाएगा।

## करम प्रकृति की आराधना का पर्व: अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर भंडारिया प्रखंड के ग्राम नौका में करमा पूजा आयोजन समिति की ओर से आयोजित करम पर्व में शामिल होकर सभी को शुभकामनाएं दी और जोहार किया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि यह पर्व पर्यावरण संतुलन के लिए हमारे पूर्वजों ने सात्विक भावना से वृक्षों को ईश्वर मानते हुए व नदियों को मां का दर्जा देते हुए मनाते आ रहे हैं। कहा कि करम प्राकृतिक की आराधना का पर्व है। भविष्य की आवश्यकता है। महापौर ने कहा आने वाले समय में जैसे-जैसे जल संकट गहराता जा रहा है इस पर्व का महत्व बढ़ता जाएगा। जिसकी महत्ता कई वर्ष पहले पूर्वजों ने समझा था। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने भंडारिया कर्मा पूजा समिति के अध्यक्ष आनंदी सिंह खरवार एवं उपाध्यक्ष धनपत सिंह खरवार का कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त किया। प्रथम महापौर ने विशेष रूप से मुख्य संरक्षक ब्रह्मदेव सिंह खरवार, विनय सिंह खरवार, जतन सिंह खरवार, कुलदीप सिंह खरवार, इंद्रदेव सिंह खरवार, राजदेव सिंह खरवार, बिरजू सिंह खरवार, विजेंद्र सिंह खरवार, पूरन सिंह खरवार, विजय केसरी, सुखलाल सिंह खरवार के साथी ही वहां के मुखिया विनय सिंह, रूप निरंजन सिंह, राजेश्वर ठाकुर, रामजी ठाकुर, लक्ष्मण उरांव, अंबिका सिंह, मीडिया कर्मियों व कर्म पूजा में उपस्थित सभी लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दी।

## सरना कोड की मांग करने वाले ने दी आत्मदाह की धमकी

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह पुलिस और प्रशासन को विभिन्न माध्यमों से थाना क्षेत्र के जैनामोड़ स्थित बाबा तिलका मांझी चौक पर सरना धर्म कोड की मांग के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए रविवार अपराह्न तीन बजे आत्म दाह करने की धमकी की सूचना मिली थी। इसके बाद जरीडीह पुलिस और प्रशासनिक दंडाधिकारी सह जरीडीह अंचल अधिकारी प्रणव रितुराज पूरे दल-बल के साथ घंटों जैनामोड़ चौक पर चौकसी के साथ डटे रहे। प्रशासन की चौकसी चौक - चौराहे पर तेज रही। अंचल अधिकारी प्रणव रितुराज ने कहा कि सरना धर्म कोड मांगने वालों ने सूचना दी थी कि जैनामोड़ स्थित बाबा तिलकामांझी चौक पर धरना प्रदर्शन के साथ ही आत्मदाह करेंगे। इनकी मनसूबे को निरस्त करने के लिए प्रशासनिक तैयारी की गई थी, लेकिन इस तरह की कोई भी बरदात नहीं हो पाई है।

## विधायक ने हुसैनाबाद की तीन महत्वपूर्ण सड़क निर्माण योजनाओं का किया शिलान्यास

# जनहित का जो ख्याल रखता हो, वही जनता का सच्चा प्रतिनिधि: कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने रविवार को हुसैनाबाद प्रखंड की तीन महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। जिन सड़कों का शिलान्यास किया गया उसमें पीडब्ल्यूडी पथ से बनसप्ति भाया पतरा कला चारकोल झरगड़ा, सबानो रोड से सरहू, झरगड़ा तक व दूअरा देवी मंदिर से झरहा पिच रोड बड़हिया झरहा गांव तक पथ निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि उन्होंने हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र की एक-एक सड़क व पुल-पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने संपूर्ण इलाके में बिना भेद भाव के विकास कार्य किया है। जिससे सभी जात धर्म व समुदाय के लोगों को फायदा हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क व बिजली के क्षेत्र में हुसैनाबाद में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। कई विद्यालयों को उच्च विद्यालय व प्लस टू उवि का दर्जा दिलवाया है। उन्होंने जो कार्य किया है, उससे जनता वाकिफ है। विधायक ने विरोधियों पर प्रहार करते हुए कहा कि 10 वर्ष वह विधायक नहीं थे, तब उन्होंने क्षेत्र में क्या काम किया, जनता को हिसाब देना चाहिए। कहा कि अगर कुछ समस्या रह गई होगी तो उसका भी समाधान आने वाले समय में करा दिया जाएगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, प्रवक्ता योगेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू सिंह, मुखिया विनय पासवान, एनसीपी के युवा अनुमंडलीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह हरि, ओमप्रकाश राजवंशी, गोरख पासवान, सुभाष पासवान, श्रीकांत, सतेंद्र सिंह, सुनील कुमार, पिंटू सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, अनुज पासवान, पप्पू सिंह, रत्न प्रसाद, हंसराज सिंह व अजय सिंह आदि उपस्थित थे।



सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक कमलेश सिंह व अन्य।

## फेवरेट तो हम ही हैं, चिंता ऑस्ट्रेलिया को होनी चाहिए : शमी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर बात करते हुए कहा कि 'फेवरेट तो हम ही हैं, उन्हें चिंता होनी चाहिए।' 34 साल के तेज गेंदबाज ने शनिवार को बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के अवॉर्ड शो में हिस्सा लिया। शमी टखने की चोट से रिकवर कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को पिछली 4 टेस्ट सीरीज से नहीं हरा सकी है। शमी ने टीम इंडिया में वापसी के सवाल पर कहा कि 'मैं जबरदस्ती और जल्दबाजी नहीं करना चाहता हूं। मैं 100 फीसदी फिट होकर मैदान पर लौटना चाहता हूं।' शमी ने कहा कि 'मैं जितना मजबूत होकर वापस आऊंगा, मेरे लिए उतना ही बेहतर होगा। मैं जल्दबाजी नहीं करना चाहता, क्योंकि फिर से चोटिल होने का जोखिम नहीं उठाना चाहता, चाहे वे बांग्लादेश, न्यूजीलैंड या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज हो।' उन्होंने कहा- 'मैंने पहले ही गेंदबाजी शुरू कर दी है। शमी ने आखिरी इंटरनेशनल मैच 2023 वनडे वर्ल्ड कप में खेला था। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच में चोटिल हो गए थे। सूत्रों की मानें तो शमी अक्टूबर में होने वाली रणजी ट्रॉफी में खेलते दिख सकते हैं। वे बंगाल की ओर से 11 अक्टूबर को यूपी और 18 अक्टूबर को बिहार के खिलाफ मैच में उतर सकते हैं।

## हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख ने किया दो विकास योजनाओं का शिलान्यास



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी व उप प्रमुख इंदु देवी ने रविवार को क्षेत्र के लंगरकोट में चबूतरा निर्माण व भैरोपुर गांव में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि क्षेत्र के सुदूर गांवों में विकास योजनाओं को सुगमता से पहुंचाने का उनका प्रयास लगातार जारी है। केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से गांव का सतत विकास किया जा रहा है। अगर गांव में अन्य किसी भी बात की समस्या है तो वे बेझिझक उसे मेरे पास रखें। उसके समाधान का प्रयास किया जाएगा। गांव के विकास, ग्रामीणों की समस्याओं व अन्य किसी भी जरूरतमदों के लिए सदैव तत्पर रहती हूं। मौके पर पंसस राजवंश यादव, पवन पटेल, धनंजय यादव, मिथिलेश पासवान, सुरेंद्र चौधरी, यमुना सिंह, गरीबन पासवान, लल्लू सिंह, रामचंद्र चौधरी, बबलू चौधरी, दिनेश्वर चौधरी, सुदेश्वर गुप्ता आदि मौजूद थे।

## समृद्धि की पाठशाला में विकसित हो रहे बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था की ओर से संचालित समृद्धि की पाठशाला में हर आने वाले बच्चे मानसिक रूप से मजबूत नहीं होते। वंचित समुदाय से आने के कारण इनके लालन-पालन ऐसे वातावरण में होते हैं जहां शिक्षा का महत्व नगण्य है। लेकिन अब स्थिति पहले जैसी नहीं है। इसके पीछे मिशन समृद्धि संस्था का बड़ा योगदान है। इस संस्था की टीम ने इन बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता का ध्यान भी इस ओर आकृष्ट किया है। विशेष रूप से माताओं को जागरूक किया है। जिसका सुखद परिणाम सामने है कि बच्चे समय से पाठशाला आने के लिए बहुत ही उत्सुक रहते हैं और आते भी हैं। यह सच है कि उनके लिए कड़ी मेहनत करने के बावजूद उनकी समझदारी बहुत कम है जिस वजह से निराशा भी होती है। फिर भी हिम्मत नहीं हारते। समाज और राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य समझते हुए इन नौनिहालों को सभ्य सुसंस्कृत और जिम्मेदार नागरिक बनाने के प्रति लगे रहते हैं। निःशुल्क और निःस्वार्थ रूप से पाठशाला चलाने में बैजंती गुप्ता, रंजीता, आशा शर्मा, वीणा राज और ममता का सराहनीय योगदान होता है। यहां के लोगों की तरह पूर्व में डीसी अमित कुमार, एसडीओ नैंसी सहाय, डीआईजी विपुल शुक्ला, एसपी इन्द्रजीत महथा जी का भी योगदान रहा है। जिनके प्रोत्साहन से मिशन समृद्धि संस्था को आगे बढ़ने में सहायता मिली है।

## स्पोर्ट्स



दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने चोटिल होने के बावजूद डायमंड लीग फाइनल खेला था। उन्होंने रविवार को खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है।

# नीरज ने फ्रैक्चर के बावजूद डायमंड लीग फाइनल खेला, एक्स-रे शेयर कर किया खुलासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने चोटिल (फ्रैक्चर) होने के बावजूद डायमंड लीग फाइनल खेला। उन्होंने रविवार को खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। वे 2024 के डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। नीरज ने एक्स पर बताया कि चोटिल होने के बाद भी वह मैदान पर उतरे। उन्होंने कुछ तस्वीरों के साथ ही एक्स-रे भी शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उन्हें फ्रैक्चर था। उन्होंने लिखा, जैसे ही 2024 सीजन खत्म होता है, मैं उन सभी चीजों पर नजर डालता हूं जो मैंने इस साल सीखी हैं। सुधार, असफलताओं, मानसिकता और बहुत कुछ के बारे में। सोमवार को मैंने अभ्यास के दौरान खुद को घायल कर लिया और एक्स-रे से पता चला कि मेरे बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। यह मेरे लिए एक और दर्दनाक चुनौती थी, लेकिन अपनी टीम की मदद से मैं ब्रुसेल्स में हिस्सा ले सका।

### नीरज चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल में दूसरे नंबर पर रहे

नीरज चोपड़ा 2024 के डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने अपने तीसरे अटेम्प्ट में 87.86 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका। वह चैंपियन बनने से 0.01 मीटर दूर रहे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने पहले अटेम्प्ट में 87.87 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक कर पहला स्थान हासिल किया। नीरज ने अपने पहले अटेम्प्ट में 86.82 मीटर का थ्रो फेंका था। जर्मनी के जूलियन वेबर 85.97 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। फाइनल में 7 जैवलिन थ्रोअर ने हिस्सा लिया था। जिनमें से 4 थ्रोअर 83 मीटर का थ्रो भी नहीं फेंक सके। डायमंड लीग फाइनल 13-14 सितंबर को बेल्जियम के ब्रुसेल्स स्थित किंग बौडॉइन स्टेडियम में हुआ। शुक्रवार को भारत के ही अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में 9वें नंबर पर रहे।

### यह साल का था आखिरी टूर्नामेंट

उन्होंने आगे कहा कि यह साल का आखिरी टूर्नामेंट था और मैं अपना सीजन ट्रैक पर समाप्त करना चाहता था। हालांकि मैं अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सीजन था जिसमें मैंने बहुत कुछ सीखा। अब मैं पूरी तरह से फिट और तैयार होकर वापसी करूंगा। मैं आपके प्रोत्साहन के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। 2024 ने मुझे एक बेहतर एथलीट और इंसान बनाया है। 2025 में मिलेंगे।

### नीरज ने पेरिस ओलिंपिक में जीता था सिल्वर मेडल

टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज ने पिछले महीने खत्म हुए पेरिस ओलिंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था। उन्होंने 89.45 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो किया था। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। हालांकि, वह डायमंड लीग का हिस्सा नहीं रहे। नीरज ने 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। तब अरशद नदीम टॉप-5 प्लेयर्स में भी जगह नहीं बना सके थे। नीरज डायमंड लीग फाइनल को 2022 में जीत चुके हैं, 2023 में वह दूसरे स्थान पर रहे थे।

## दलीप ट्रॉफी में इंडिया ए 186 रन से जीता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे राउंड में रविवार को इंडिया ए ने इंडिया डी को 186 रन से हरा दिया। इंडिया ए के ऑलराउंडर शम्स मुलानी को 89 रन और 4 विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं इंडिया बी और इंडिया सी के बीच का मैच ड्रॉ हो गया। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को 38 रन और 8 विकेट के चलते प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। रविवार को चौथे दिन 488 रन का टारगेट चेज कर रही इंडिया डी की टीम 301 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की तरफ से रिकी भूई ने सबसे ज्यादा 113 और कप्तान श्रेयस अय्यर ने 41 रन की पारी खेली। इंडिया डी की तरफ से तनुष कोटियान ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। वहीं, शम्स मुलानी ने यश दुबे और देवदत्त पडीक्कल को पवेलियन भेजा। उन्होंने यश दुबे (37 रन) को फॉलो-थ्रू पर रनआउट किया। कप्तान श्रेयस अय्यर 41 रन बनाकर आउट हुए। दूसरी ओर, इंडिया बी की टीम पहली पारी में 332 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने नाबाद 157 रन बनाए। अंशुल कंबोज ने 8 विकेट झटके। उदर, इंडिया सी को पहली पारी में 193 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में कप्तान ऋतुराज गायकवाड के 57 और रजत पाटीदार के 42 राण के चलते इंडिया सी ने इंडिया बी को 321 रन का टारगेट दिया। लेकिन मैच में सिर्फ एक सेशन बचे होने की वजह से इंडिया बी के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और इंडिया सी के कप्तान गायकवाड ने मिलकर मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया।

### सीसीएल ढोरी के सीएसआर मद से करीब चार करोड़ लागत की विकास योजनाओं का हुआ शिलान्यास

# झारखंड का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता में : शांतनु ठाकुर

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा- पिछरी इलाके में विकास की थी बेहद जरूरत

**सामुदायिक भवन, पेंडरा बांध तालाब का सौंदर्यीकरण एवं विवाह मंडप का होगा निर्माण**

आजाद सिपाही संवाददाता


पिछरी दक्षिण में विभिन्न विकास योजनाओं के अवरस पर मौजूद गणमान्य लोग।

**पिछरी/बेरमो।** पेटरवार प्रखंड के पिछरी दक्षिणी पंचायत के करनडीह स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार को सीसीएल ढोरी क्षेत्र के सीएसआर मद से लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले विकास योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास केंद्रीय राज्य मंत्री (पतन पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय) शांतनु ठाकुर ने किया। इस मौके पर सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह और निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा भी ऑनलाइन शामिल हुए। वहीं, सीसीएल के ढोरी जीएम रंजय कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि उतम सिंह, बीएमएस नेता रविंद्र कुमार मिश्रा, पिछरी दक्षिणी की मुखिया प्रमिला देवी सहित यूनियन के प्रतिनिधियों, अधिकारियों ने संयुक्त रुप से शीला पट्ट से पर्दा हटाकर शिलान्यास की प्रक्रिया को पूरा किया। शिलान्यास समारोह का पत्रकार सरोज झा ने किया। इस अवसर पर पंडाल में बड़े स्क्रीन लगाकर मंत्री शांतनु ठाकुर और सीसीएल के अधिकारियों का सीधा प्रसारण प्रदर्शित किया गया। यहां सीएसआर मद से 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, एनसीआरएपी मद से 198 लाख रुपए की लागत से पेंडरा बांध तालाब का सौंदर्यीकरण, सीएसआर मद से 40 लाख रुपए की लागत से 15 सोलर हाई मस्ट लाइट और 90 लाख रुपये की लागत से आधुनिक विवाह मंडप का निर्माण कार्य शामिल है। इस अवसर पर मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि पूरे झारखंड में पिछरी एक ऐसा जगह है जहां विकास की जरूरत थी। पिछरी के विकास के लिए दक्षिणी की मुखिया प्रमीला देवी ने अवगत कराया था। जिसके बाद पिछरी के विकास की मांग को संज्ञान में लिया गया और योजनाओ को धरातल पर लाने की पहल हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश के सभी राज्यों को विकास की ओर ले जा रही हैं। केंद्र सरकार का झारखंड पर विशेष ध्यान है। झारखंड के विकास के लिए संकल्पित है।वहीं, सीसीएल निदेशक कार्मिक ने कहा कि ग्रामीणों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए सीएसआर फंड से विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मंत्री व सांसद का भी आभार व्यक्त किया। कहा कि सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य किया जा रहा है। सीसीएल अपने क्षेत्र के अलावा आसपास के क्षेत्र में सभी विकास के कार्यों को ध्यान में रखते हुए विकास की गाथा लिख रहा है। उधर, जीएम ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता का संकल्प शपथ दिलवाया। कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ ही क्षेत्र की लोगों के विकास के लिए हर समय तत्पर है। यहां करनडीह सहित आसपास के गांवों के लगभग 150 स्कूली बच्चों के बीच सोलर लाइट का वितरण किया, ताकि बिजली नहीं रहने पर बच्चों को शिक्षा अध्ययन करने में कोई परेशानी ना हो। साथ ही आंदोलनकारी स्वर्गीय बोडो मांझी के 103 वर्षीय पत्नी सुरजमुनि देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर डॉ अरविंद कुमार, जिप सदस्य अशोक मुर्मू, भाजपा नेता सह मुखिया प्रतिनिधि देवीदास, खास ढोरी पीओ रंजित कुमार, एसडीओसीएम पीओ शैलेश प्रसाद, एएडीओसीएम पीओ केआर सत्यार्थी, पिछरी पीओ डीसी राय सहित सुरक्षा अधिकारी सुरेश सिंह, एसओपी प्रतुल्ल कुमार, सीताराम यूईके, सेफ्टी अधिकारी गोपाल सिंह मीणा, एसओ सिविल मनोज कुमार शाह, एसओ 1ईएंडएम जयशंकर प्रसाद, सेल अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, पर्यावरण अधिकारी गौरव कुमार, एसओ एक्स यूके पासवान आदि मौजूद थे।

# चासनाला में रिकवरी एजेंट को गोली मारकर नौ लाख की लूट

## तीन बाइक पर सवार होकर पहुंचे बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** कोयलांचल में रविवार को दिनदहाड़े सुबह 10.30 बजे एक युवक को गोली मारकर उससे नौ लाख रुपये की लूट कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवक की पहचान मुकुल मिश्रा के रूप में हुई है, जो फ्लिपकार्ट में रिकवरी एजेंट के रूप में काम करता है। वह सिंदरी के आईएम टाइप हनुमान मंदिर के समीप रहने वाले राजबली मिश्रा का बेटा बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक रिकवरी एजेंट मुकुल धनबाद से सिंदरी जा रहा था। तभी चासनाला बी टाइप गेट के पास अपराधियों ने उसे घेर लिया और उसके पास मौजूद नौ लाख रुपये छिनने की कोशिश की। मुकुल ने विरोध किया तो अपराधियों ने उसके पीठ में गोली मार दी, जिससे वह गिर गया। इसके बाद बदमाश उससे पास से रुपयों से भरा बैग लेकर भाग निकले। सूत्रों की मानें तो अपराधियों की संख्या करीब छह थी। सभी तीन बाइक पर सवार होकर आए थे। उधर, घटना के बाद से इलाके में अफरा तफरी मच गई। आनन-फानन में आसपास के दुकानदारों ने घायल मुकुल को चासनाला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए धनबाद के एएनएमसीएच रेफर कर दिया गया है। उधर, खबर पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और जांच में जुट गयी है। जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है।

# लगातार बारिश से चढ़ा तेनुघाट डैम का जलस्तर, खोले गये 6 रेडियल गेट

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण तेनुघाट डैम का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। जिस कारण डैम का छह रेडियल गेट खोला गया। जल स्तर बढ़ने की आशंका के मद्देनजर पहले से ही तीन रेडियल खोला हुआ था पर दो दिन में भारी बारिश होने के राण विभाग ने और गेट को खोलने का निर्णय लेते हुए रविवार की सुबह तीन रेडियल गेट को खोल दिया। जिससे दामोदर नदी में 12 हजार क्यूसेक प्रति सेकंड पानी तेनुघाट डैम से छोड़ा जा रहा है। दामोदर नदी में पानी का स्तर बढ़ने को लेकर ग्रामीणों को 1अलर्ट जारी किया गया है। तेनुघाट बांध प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर ने बताया कि लगातार इसी तरह बारिश होती रही तो डैम के और भी रेडियल गेट खोलने का निर्देश दिया जायेगा। वर्तमान में 848.10 फीट पानी डैम में स्टोरेज है, जबकि 855 फीट से अधिक स्टोरेज करने की छमता डैम के पास है पर अधिकारियों ने बताया की ऐतिहातन गेट खोला गया है।

## झरिया विस सीट पर जेडीयू ने ठोंका दावा 19 को सम्मेलन कर दिखायेगी ताकत



**झरिया (आजाद सिपाही)।** डिगवाडीह में धनबाद जिला जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के जिला अध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह व पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव ने रविवार को संयुक्त प्रेस वार्ता कर बताया कि 19 सितंबर को झरिया विधानसभा क्षेत्र के भागा अनिल टॉकीज में पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय झा, जनता दल यू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी, बिहार के एमएलसी विजय सिंह, बिहार के एमएलसी सह मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार, झारखण्ड युवा के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह सहित प्रदेश व जिले के सभी पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी आदि शामिल होंगें। सम्मेलन की तैयारी के लिए 11 सदस्यी समिति बनाई गई है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। इस दौरान कहा गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जदयू झरिया विधानसभा में अपना दावा ठोकेगी। मौके पर प्रदेश सचिव राजू कुमार सिंह, अनोज कुमार, जिला महासचिव कामेश्वर यादव, जयप्रकाश यादव, धनलाल दुबे मौजूद थे।

# बस्ताकोला झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग के समीप बना गोफ, जेनरेटर जमींदोज

## हंगामा के बाद बस्ताकोला प्रबंधन ने शुरू कराई बालू भराई

**भू-धंसान का खतरा देख स्थानीय लोगों में हड़कंप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** लगातार बारिश के चलते बस्ताकोला के झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग स्थित नागेश्वर मंदिर के समीप रविवार को तेज आवाज के साथ लगभग 110 फिट गहरा गोफ बन गया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गोफ की घटना से मंदिर व झरिया-धनबाद मुख्य मार्ग के अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। इस दौरान वहां रखे जनरेटर, एलइडी लाइट बाक्स व लोहे का ट्रस्ट जमींदोज हो गया। वहीं पास खड़े पूजा समिति के सदस्य भाग कर अपनी जान बचाई। जनरेटर लोड लेने के लिए वहां खड़े वाहन को चालक लेकर भाग गया। जिससे वाहन जमींदोज होने से बच सका। बतातें चलें कि इस मंदिर में गणेश पूजा आयोजित हुआ था। यहां मूर्ति विसर्जन की तैयारी चल रही थी, जिससे लोगों की संख्या कम थी। अगर एक दिन पहले घटना घटी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। उधर, गोफ बनने की घटना की जानकारी नागेश्वर शिव मंदिर समिति के लोगों ने बस्ताकोला महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा को दी। करीब दो घंटे तक प्रबंधन के लोगों के नहीं पहुंचने पर लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था। इधर, स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना धनबाद सांसद ढुल्लू महतो को भी दी। सांसद ने सीएमडी को फोन कर तुरंत गोफ की भराई करने को कहा। इसके बाद राजापुर कोलियरी के पीओ केके सिंह, प्रबंधक अनिल सिंह, सर्वेश्वर अभिलाष कुमार, कुईयां कोलियरी के पीऐ देवेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गये। इनके अलावा झरिया पुलिस व सीआइएसएफ बल के जवान भी वहां पहुंच गये। धनसार माइंस रेस्कयू की टीम भी पहुंची और गोफ से निकल रही गैस की जांच की। इसके बाद प्रबंधन ने आरके आउटसोर्सिंग ऐना से हाइवा में बालू लाकर गोफ की भराई शुरू कराया। इस दौरान बस्ताकोला प्रबंधन ने इस इलाके को असुरक्षित व खतरनाक बताया है। कहा कि यह इलाका भू-धंसान क्षेत्र है। यहां कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। दूसरी ओर, बस्ताकोला के महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि गोफ व भू-धंसान की सूचना के बाद राजापुर परियोजना पीओ सहित एरिया सेफ्टी के अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण कर बालू भराई का काम शुरू कर दिया है। लगातार बारिश के चलते परेशानी आ रही है। सोमवार को उस क्षेत्र का खुद निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई करूंगा। वहीं, धनसार माइंस रेस्क्यू स्टेशन के अधीक्षक पीआर मुखर्जी ने कहा कि मौसम के बदलाव के कारण भाप निकल रहा है। वहां कोई जहरीली गैस नहीं है।

## टाउनशिप में चला स्वच्छता अभियान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत रविवार को बोकारो स्टीबोकारोल प्लांट की ओर से स्टील सिटी टाउनशिप क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। तेज बारिश के बावजूद मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह और मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार की अगुवाई में महाप्रबंधक (शिक्षा) मीनम मिश्रा, महाप्रबंधक (ईसीएस) एनपी श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एके अविनाश एवं मो टी सलाम, बोकारो चेंबर के सदस्य सहित बीएसएल के अधिकारी-कर्मी व आम लोगों ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## वरिष्ठ नागरिकों के मुफ्त इलाज की घोषणा का स्वागत



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार की ओर से 70 साल या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा देने की घोषणा का सिंदरी एआई एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन ने सराहना करते हुए स्वागत किया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवा सिंह ने बताया कि यह पहल देश के वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी। एसोसिएशन ने पूर्व में प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर मुफ्त इलाज की इस सुविधा के लिए नोटिफिकेशन जारी करने की मांग की थी, जिसका समाचार 23 अगस्त को प्रकाशित हुआ था। इस पत्र में प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया था कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम जेएवाई) के तहत वरिष्ठ नागरिकों को विशिष्ट कार्ड जल्द जारी किए जाएं या आधार कार्ड को इस योजना के तहत मान्यता दी जाए। उन्होंने इस अवसर पर पेंशनभोगियों की भी अन्य महत्वपूर्ण मांगें उठाईं। उन्होंने ईपीएस 95 पेंशन में वृद्धि के लिए भगत सिंह कोश्यारी कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसमें प्रति माह 3000 रुपये के पेंशन के साथ महंगाई भत्ता शामिल है। इसके अलावा, कोरोना महामारी से पहले ट्रेन किराए में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली 40-50 फीसदी की रियायत को भी फिर से बहाल करने की मांग की। सेवा सिंह ने कहा कि अगर सरकार इन मांगों को पूरा करती है, तो देश के सभी वरिष्ठ नागरिक इसका लाभ उठाएंगे और केंद्र सरकार के प्रति आभारी रहेंगे।

## भाइयों के दीर्घायु की कामना के साथ बहनों ने करम डाली व जावा का किया विसर्जन



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जाहो जाहो करम गोसाई जाहो ससुराल हो, अवते भादर मास आनबो घुराय, आइज रे करम गोसाई कास नदी पार रे..., देलियों आशिश गे, तोरो भइया जिओतो समेत कई गीत गाते हुए बहनों ने करम डाली की पूजा कर अपने-अपने भाईयों के दीघार्यु की कामना की। करम गीतों से क्षेत्र गुंजायमान रहा। रविवार को बहनों ने डलिया में उगाये जावा फूल व करम डाली का विभिन्न नदियों व तालाबों में विसर्जन किया। इस दौरान बहनों ने रास्ते में पड़ने वाले सभी खेतों में जावा के फूल फेंके, ताकि इस वर्ष की फसल अच्छी हो। बेरमो क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी इलाकों के अलावा फुसरो नप क्षेत्र के ढोरी बस्ती सोतारडीह, घुटियाटांड़, रेहवाघाट, कदमाडीह, सिंगारवेडा, बालुवेंकर, आंबेडकर कॉलोनी, बड़कीटांड़, भेडमुक्का, मधुकनारी, ढोरी पेंच, सुभाष नगर, जवाहर नगर, मकोली, सेंट्रल कॉलोनी, अमलो हॉल्ट, करगली आदि सहित पिछरी, अंगवाली, चलकरी में करम पर्व की धूम रही। इस दौरान क्षेत्रों में करमा गीत अलग-अलग भाषाओं जैसे खोरठा, नागपुरी, छत्तीसगढ़ी आदि में गीत गाये गये।

# धनबाद पहुंची वंदे भारत ट्रेन का विधायक व सांसद की पत्नी ने किया भव्य स्वागत

## धनबाद को मिली वंदे भारत की सौगात से लोगों में खुशी





**राज सिन्हा, पूर्णिमा नीरज सिंह, पूर्व सांसद पीएन सिंह, रागिनी सिंह व सांसद ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जमशेदपुर टाटा से देश को छह वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी है। इनमें से चार झारखंड के लिए हैं। जो जसीडीह से बनारस, टाटा से पटना, टाटा से राउरकेला और गया से हवड़ा के लिए चलेंगी। गया से हावड़ा जा रही वंदे भारत ट्रेन का धनबाद और कोडरमा स्टेशनों पर भी ठहराव होगा। धनबाद और कोडरमा स्टेशन पहुंचने पर लोगों ने ट्रेन का उत्साह के साथ स्वागत किया। धनबाद स्टेशन पर धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा, पूर्व सांसद पीएम सिंह, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह झरिया से कांग्रेस की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी, भाजपा नेता अमरेश सिंह मुकेश पांडे और पंकज सिन्हा आदि ने हरी झंडी दिखाकर वन्दे भारत को अपने गणतव्य हावड़ा के लिए रवाना किया। उधर, खुशी जताते हुए यात्रियों ने बताया कि आज धनबाद कोयलांचल से लिए हर्ष का दिन है, जिसे वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिली है। वहीं, वंदे भारत ट्रेन में पहली बार सफर कर रहे शिक्षक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनबाद कोयलांचल को बड़ी सौगात दी है। जब पीएम पहले देश के अन्य हिस्सों को वंदे भारत ट्रेन की सौगात दे चुके हैं तो धनबाद को इससे कैसे वंचित रख सकते थे। कोयलांचल के लोगों की भारत के निर्माण में अहम भूमिका है। आज धनबाद वासियों को हवाई जहाज जैसी ट्रेन मिली है। बारिश के फुहारो के बीच धनबाद की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने धनबाद स्टेशन में वंदे भारत ट्रेन का किया स्वागत।

## मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड की ओर से आयोजित नि:शुल्क स्वास्थय जांच शिविर का 400 लोगों को मिला लाभ



**धनबाद/गोविंदपुर (आजाद सिपाही)।** धनबाद मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड ने रविवार को गोविंदपुर सहराज महाविद्यालय में नि:शुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया। संस्था के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि दूर दराज गांवों से आए 400 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। मरीजों में ज्यादातर महिलाएं एवं बच्चे थे। वहीं, मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड के जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि शिविर में धनबाद के प्रसिद्ध डॉ अभिषेक अग्रवाल, डॉ विनीत अग्रवाल, डॉ विवेक डोकानिया, डॉ उर्मी अग्रवाल, डॉ अभिनव गौरव , डॉ यश अग्रवाल, डॉ नीतू श्रीवास्तव एवं डॉ लोकेश जालान अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर नि:शुल्क सेवा प्रदान किए। मरीजों का ब्लड ग्रुप, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की भी जांच की गई। वहीं, कुलदीप अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न गांव से आए 150 जरूरतमंद लोगों को मुफ्त वस्त्र भी दिया किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेंद्र अग्रवाल, अरविंद सतनालीका, अशोक केडिया, जितेंद्र अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, संजय गोयल, पवन अग्रवाल, राजेश पटवारी, राजेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता, अमित अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, चंदा पोद्दार, सुनीता अग्रवाल, कविता गुप्ता, हेतल पारकरिया, राजीव गोयल आदि का भी सराहनीय योगदान रहा।

## बिना चालान बालू का परिवहन करता वाहन जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने रविवार की सुबह 6 बजे सरायढेला थाना क्षेत्र से एक टाटा 407 को जब्त कर पुलिस को सौंप दिया। इस संबंध में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी मिहीर सालकर के निर्देश पर इस सदिन सुबह 6 बजे सरायढेला थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना परिवहन चालान के बालू लदे एक टाटा 407 को पकड़ा गया। उक्त वाहनों को सरायढेला थाने को सौंपते हुए एफआईआर दर्ज करायी गयी है। वहीं, जांच दल में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक, बसंत उरांव, विजय करमाली, सुमित कुमार और आवंटित पुलिस बल शामिल थे।

## प्रधानमंत्री ने रांची से झारखंड के लोगों को दी सौगात

# भारत का सबसे समृद्ध राज्य बनने की क्षमता झारखंड में : नरेंद्र मोदी

● बाबा बैद्यनाथ, बाबा बासुकीनाथ और भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड को कई योजनाओं की सौगात दीं। राज्य को छह वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिली, तो प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों को मंजूरी पत्र वितरित किये। छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी। मौसम खराब होने की वजह से प्रधानमंत्री जमशेदपुर के सरकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। वह रांची से वीडियो कांफ्रेंसिंग से कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत बाबा बैद्यनाथ, बाबा बासुकीनाथ और भगवान बिरसा मुंडा की धरती को नमन करने के साथ की। उन्होंने झारखंड में करम पर्व के पवित्र अवसर का भी उल्लेख किया, जिसे प्रकृति की पूजा के लिए समर्पित माना जाता है। साथ ही उन्होंने रांची हवाई अड्डे पर उनके लिए किये गये स्वागत की जानकारी भी दी, जहां एक महिला ने उन्हें करम पर्व का प्रतीक भेंट किया। उन्होंने कहा कि करम पर्व के तहत महिलाएं अपने भाइयों के सुखी जीवन की कामना करती हैं। इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड को छह नयी वंदे भारत ट्रेनों, 600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं और पीएम आवास योजना के तहत राज्य के लोगों के लिए पक्के घरों की सौगात मिली है।

**गरीब, आदिवासी, दलित प्राथमिकता :** प्रधानमंत्री ने कहा कि 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र ने देश की सोच और प्राथमिकताओं को बदल दिया है। देश की प्राथमिकताएं गरीब, आदिवासी, दलित, वंचित, महिलाएं, युवा और किसान हैं। उन्होंने छह नयी वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पूर्वी भारत में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और व्यवसायों, पेशेवरों और छात्रों को काफी लाभ होगा।

**झारखंड को बढ़ाने की गति बढ़ी है :** प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र ने झारखंड की समग्र प्रगति और विकास सुनिश्चित करने के लिए निवेश बढ़ाने के साथ-साथ विकास कार्यों की गति भी बढ़ा दी है। इस साल के बजट में, राज्य के रेलवे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए झारखंड को 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी गयी, जो 10 साल पहले आवंटित बजट की तुलना में 16 गुना अधिक है।

**अपना घर मिलने से आत्मविश्वास बढ़ता है :** मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पहली किस्त आज शुरू की जा रही है, जिससे हजारों लाभार्थियों के लिए पक्के घर सुनिश्चित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि जब किसी परिवार को अपना घर मिलता है, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ जाता है।

### इन योजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित किया

- प्रधानमंत्री ने 660 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें देवघर जिले में मधुपुर बाइपास लाइन और झारखंड के हजारीबाग जिले में हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो की आधारशिला रखना शामिल है।
- प्रधानमंत्री ने कुरकुरा-कानारोन दोहरीकरण को भी राष्ट्र को समर्पित किया, जो बंडामुंडा-रांची सिंगल लाइन खंड का और रांची, मुरी और चंद्रपुरा स्टेशनों से होते हुए राउरकेला-गोमो मार्ग का हिस्सा है। इसके अलावा, आम लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए, चार रोड अंडर ब्रिज भी राष्ट्र को समर्पित किये गये।
- झारखंड के 32,000 प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये। उन्होंने लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी की।

### इन छह वंदे भारत को दिखायी झंडी

1. टाटानगर-पटना 2. देवघर-वाराणसी 3. भागलपुर-दुमका-हावड़ा 4. ब्रह्मपुर-टाटानगर 5. गया-हावड़ा 6. राउरकेला-हावड़ा

# कल पीएम मोदी के जन्मदिन पर सुभद्रा योजना का शुभारंभ

## अब तक 60 लाख से अधिक महिलाएं कर चुकी हैं आवेदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** उप मुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने 'सुभद्रा' जागरूकता पदयात्रा में कहा कि राज्य में 'सुभद्रा' योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह बढ़ रहा है। अब तक, 60 लाख से अधिक महिलाएं 'सुभद्रा' योजना के लिए आवेदन कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि 'सुभद्रा' योजना के तहत पंजीकरण की बढ़ती संख्या को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि ओड़िशा में महिलाओं ने 'सुभद्रा' को अपना लिया है और इसे सफल योजना बनाने के लिए राज्य सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। रविवार को राजधानी भुवनेश्वर के यूनिट-3 से गिरिदुर्गा मंदिर के पास से रमादेवी विश्वविद्यालय तक 'सुभद्रा जागरूकता पदयात्रा' का आयोजन किया गया है। जागरूकता पदयात्रा' में उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा, उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव, भुवनेश्वर की सांसद अपराजिता षडंगी, एकाम्र विधायक बाबू सिंह और भुवनेश्वर की मेयर सुलोचना दास ने भाग लिया।

'सुभद्रा जागरूकता पदयात्रा' की शुरुआत से पहले मंच से संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ओड़िशा का विकास होगा। यह प्रधानमंत्री की गारंटी है।

बता दें कि चुनाव से पहले अपना वादा निभाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 तारीख को अपने जन्मदिन पर ओड़िशा आ रहे हैं।

प्रभाती परिडा ने कहा कि बहुप्रतीक्षित 'सुभद्रा' योजना 17 तारीख को लॉन्च होगी। 15 तारीख तक आवेदन करने वालों को पहली किस्त 17 तारीख को बैंक से भेजी जायेगी। इस योजना के तहत लाभार्थियों को साल में दो किस्तों में 10,000 रुपये उनके बैंक खातों में मिलेंगे। यह पैसा रक्षा बंधन और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा किया जायेगा। सुभद्रा योजना के तहत उन्हें पांच साल में 50,000 रुपये मिलेंगे। राज्य सरकार ने इस उद्देश्य के लिए 55,825 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 60 लाख से अधिक महिलाएं 'सुभद्रा' योजना के लिए आवेदन कर चुकी हैं, यह संख्या और बढ़ेगी और 17 सितंबर तक 1 करोड़ महिलाओं को पंजीकृत करने का लक्ष्य है। 74000 गांवों में आंगनवाड़ी बहनें 'सुभद्रा' योजना को घर-घर तक पहुंचाने का अभियान सफलतापूर्वक चला रही हैं। 'सुभद्रा जागरूकता पदयात्रा' रामादेवी विश्वविद्यालय पहुंचने पर उपमुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी, राज्य में महिला सशक्तिकरण की संदेशवाहक, सेवा और करुणा की प्रतीक मां रमादेवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उपमुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलपति, संकाय और संकाय के साथ विश्वविद्यालय की शैक्षिक प्रणाली और बुनियादी ढांचे में सुधार पर जोर देने के लिए चर्चा की। इस पदयात्रा में महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव शुभा शर्मा, मिशन शक्ति आयुक्त और सचिव शालिनी पंडित, बीएमसी आयुक्त राजेश प्रभाकर पाटिल, खुर्दा जिला कलेक्टर चंचल राणा शामिल हुए।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया समस्याओं का समाधान



**धनवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल समाधान कर रहे हैं। धनवार प्रखंड के सीरामडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम मुरना गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने से पूरा गांव पिछले तीन महीनों से अंधेरे में था। बच्चों का पठन पाठन कार्य बाधित हो गया था। बरसात में बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को रात में भारी परेशानी हो रही थी। जानकारी मिलते ही श्री सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर लगवाया। इसके बाद पढ़ने वाले बच्चे काफी खुश नजर आये। ग्रामीणों ने उत्साह के साथ लक्ष्मण सिंह का स्वागत किया और ट्रांसफॉर्मर लगवाने के लिए कृतज्ञता प्रकट की। इस बाबत श्री सिंह ने कहा कि यहां के लोगों से उनका पारिवारिक जुड़ाव हो गया है। कहा कि एक सच्चा जनप्रतिनिधि वही है, जो आम आवाम के सुख दुःख में उनके साथ खड़ा रहे।

## लाल मिट्टी का तालाब टूटा, खेत में कीचड़ भर गया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कलाहांडी जिले के लांजीगड में स्थित वेदांत कंपनी का बसंतपड़ा में बना रेड मड पंड रविवार को ढह गया। इससे बसंतपड़ा सहित बंधगुड़ा, तुरीगुड़ा में हेक्टेर हेक्टर कृषि भूमि में कीचड़ से भर गयी। लाल मिट्टी के जलजमाव के कारण बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गयी है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा बनाये गए तालाब का ठीक से रखरखाव नहीं किया गया था, जिससे स्थिति पैदा हो गयी। वेदांता कंपनी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

# ओड़िशा को मिली दो नयी वंदे भारत ट्रेन




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी और बुनियादी ढांचे से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, जो रेलवे नेटवर्क के चल रहे आधुनिकीकरण पर प्रकाश डालता है। यह कार्यक्रम कनेक्टिविटी और सुविधा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रमुख रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का प्रदर्शन करने के लिए भी था।

**हरी झंडी दिखाने वाली ट्रेनों में शामिल हैं:** टाटानगर-पटना, वाराणसी-देवघर, हावड़ा-धनबाद-गया, हावड़ा-दुमका-भागलपुर, हावड़ा-टाटानगर-राउरकेला और ब्रह्मपुर-टाटानगर।

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत भारत की रेलवे को विश्व स्तरीय नेटवर्क में बदलने की सरकार की व्यापक दृष्टि का एक प्रमाण है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित और आराम के लिए डिजाइन की गई इन सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों से यात्रा के समय को कम करने और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने की उम्मीद है। पटना, देवघर, ब्रह्मपुर, धनबाद और राउरकेला जैसे शहरों को प्रमुख वाणिज्यिक और औद्योगिक केंद्रों से जोड़कर, ये नए मार्ग न केवल यात्री कनेक्टिविटी में सुधार करेंगे, बल्कि क्षेत्र में आर्थिक गतिविधि को भी प्रोत्साहित करेंगे।

ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास राउरकेला रेलवे स्टेशन पर इस अवसर पर उपस्थित हुए, जहां राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी गयी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री, ओड़िशा मोहन चरण माझी ने ब्रह्मपुर रेलवे स्टेशन पर इस अवसर की शोभा बढ़ायी। उन्होंने ओड़िशा में और अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को भी धन्यवाद दिया और ब्रह्मपुर से भुवनेश्वर तक वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा भी की। श्री माझी ने छात्रों और यात्रियों से भी बातचीत की और उनकी प्रतिक्रिया ली। मंत्री ओड़िशा सरकार विभूति भूषण जेना और गोकुलानंद मल्लिक, माननीय सांसद प्रदीप पाणिग्राही और अनीता शुभदर्शिनी, विधायक सिद्धांत महापात्र और के अनिल कुमार ब्रह्मपुर में इस अवसर पर उपस्थित थे। पृथ्वीराज हरिचंदन उत्पाद कानून मंत्री, सांसद डॉ संबित पात्र बालूगांव रेलवे स्टेशन पर इस अवसर पर उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री प्रभाती परिडा और विधायक विभूति भूषण बलबंतराय खुर्दा रोड पर उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री केवी सिंहदेव भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर उपस्थित थे। विधायक सोफिया फिरदौस कटक रेलवे स्टेशन पर उपस्थित थीं। मंत्री ओड़िशा सरकार प्रदीप बल सामंत और सांसद डॉ रवींद्र नारायण बेहेरा जखपुरा रेलवे स्टेशन पर उपस्थित थे। विधायक डॉ फकीर मोहन नायक हरिचंदपुर स्टेशन पर उपस्थित थे। इसी प्रकार सांसद अनंत नायक केंदुझरगढ़ रेलवे स्टेशन पर उपस्थित थे।

ब्रह्मपुर-टाटा वंदे भारत एक्सप्रेस केंदुझरगढ़ होते हुए ब्रह्मपुर से अपनी उद्घाटन यात्रा पर 11 बजे रवाना हुई। हालांकि, ट्रेन की नियमित सेवा टाटा नगर से 18 सितंबर शुरू होगी और ब्रह्मपुर से 19 सितंबर से। नियमित रूप से यह ट्रेन ब्रह्मपुर से 05.15 बजे टाटा की ओर रवाना होगी और वापसी की दिशा में यह ट्रेन टाटा से 14.50 बजे ब्रह्मपुर की ओर रवाना होगी।

# एनटीपीसी बोंगाईगांव में हिन्दी दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव में हिन्दी दिवस मनाया गया। समारोह के शुरुआत श्री देवव्रत कर, महाप्रबंधक द्वारा कर्मचारियों को हिन्दी के प्रयोग की शपथ दिला कर किया किया गया। हिन्दी दिवस पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख, बोंगाईगांव द्वारा जारी किये गये संदेशों को प्रदर्शित किया गया।। इसके पश्चात एनटीपीसी बोंगाईगांव के कर्मचारियों द्वारा राजभाषा हिन्दी पर लघु-प्रस्तुतियां दी गयीं। ओंकार नाथ, अपर महाप्रबंधक ने इस अवसर पर राजभाषा हिन्दी के संवैधानिक दर्जे पर प्रकाश डाला और सरकारी उपक्रमों में हिन्दी के प्रयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। देवव्रत कर, महाप्रबंधक ने हिन्दी की व्यापकता पर ध्यान आकर्षित करते हुए कर्मचारियों से हिन्दी का दैनिक जीवन एवं कार्यालय में अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की। समारोह में आशुतोष बिस्वास, महाप्रबंधक (परिचालन) एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भी हिंदी के महत्व पर बात की और इस विषय पर अपने अनुभव साझा किये।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**